

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 263
लखनऊ, मंगलवार 26 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जानलेवा हमले में 9 लोगों को दस-दस वर्ष का कारावास 10

यूपी देश में सबसे अधिक विद्युत आपूर्ति वाला राज्य : शर्मा 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,530/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,46,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,640/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कार 2026 किए प्रदान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, उद्योगपति उदय कोटक और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर को भी प्रतिष्ठित पद्म सम्मानों से नवाजा गया। वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को मरणोपरांत पद्म भूषण प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-1 में 66 लोगों को पद्म पुरस्कार 2026 प्रदान किए। इनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और बॉलीवुड के 'ही-मैन' के नाम से प्रसिद्ध धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने प्राप्त किया। विख्यात वायलिन वादक डॉ. एन राजम को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनके 75 वर्षों के योगदान के लिए पद्म विभूषण प्रदान किया गया। पद्म भूषण सम्मान पाने वालों में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिहं कोश्यारी को लोक कार्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ राजनेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को मरणोपरांत पद्म भूषण प्रदान किया गया, जिसे उनके पुत्र अजय मल्होत्रा ने ग्रहण किया। इसके अलावा अवधान कला के आचार्य शतावधानी डॉ. आर गणेश, उद्योगपति उदय कोटक, प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. कल्लिपट्टी रामासामी पलानिस्वामी तथा विज्ञापन जगत की हस्ती पीयूष पांडेय (मरणोपरांत) को भी पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



- अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण
- विजय मल्होत्रा, भगत सिंह कोश्यारी, उदय कोटक व हरमनप्रीत कौर सहित 66 लोग सम्मानित

### इन्हें मिला पद्म श्री सम्मान

पद्म श्री सम्मान प्राप्त करने वालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार प्रमुख रहे। इसके अलावा यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं जेएनयू के पूर्व कुलपति प्रो. एम. जगदीश कुमार, वरिष्ठ हॉकी कोच बलदेव सिंह, तबला वादक कुमार बोस, बंगाली अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. विजय कुमार, कुचिपुड़ी नृत्यांगना दीपिका रेड्डी, तमिल लेखिका शिवशंकरी सहित विभिन्न क्षेत्रों की अनेक हस्तियों को पद्म श्री सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में कला, साहित्य, चिकित्सा, समाज सेवा, कृषि, खेल, शिक्षा और लोक परंपराओं से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। इनमें बिहार की लोकनृत्य परंपरा के प्रमुख संवाहक विश्वबन्धु (मरणोपरांत), भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती, अलगोजा लोक वाद्य के साधक तगा राम भील, गुजराती लेखक रतिलाल मोहनलाल बोरीसागर, समाजसेवी जनार्दन बापूराव बोथे, संत एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शक स्वामी ब्रहमदेव, समाजसेवी देवकी अम्माजी, समाजसेवी दम्पति डॉ. रामचंद्र गोडबोले और सुनीत गोडबोले, समाजसेवी तेची गुबिन, चिकित्सक डॉ. एच. वी. हंडे. लोक कलाकार गफरुद्दीन मेवाती जोगी, ढोलक वादक मीर हाजी कासम, तमाशा कलाकार रघुवीर खेडकर, आर कृष्णन किटना (मरणोपरांत), अंतरराष्ट्रीय नृसंगीतशास्त्री प्रो. लॉ. लार्स–क्रिश्चियन कोच, कृषि क्षेत्र में श्रीरंग देवबा लाड, समाजसेवी अंकेगौड़ा एम, चिकित्सक प्रो. डॉ. सरोज मंडल, पुरातत्व विज्ञान प्रो. बुद्ध रश्मि मणि, डोनेट लाइफ के संस्थापक निलेश विनोदचंद्र मांडलेवाला, डॉ. महेन्द्र कुमार मिश्र, कांथा स्टिच कढाई की कलाकार तृप्ति मुखर्जी, अभिनेता हरिमाधब मुखोपाध्याय (मरणोपरांत), सत्यनारायण नंदलाल नुवाल. सिलंबम कोच के. पजानिवेल, धार्मिकलाल चुनीलाल पंडया, कैलाश चन्द्र पंत, गारिमेल्ला बालकृष्ण प्रसाद (मरणोपरांत), क्षयरोग विशेषज्ञ प्रो. राजेंद्र प्रसाद, चिकित्सक डॉ. गुडुरु वेंकट राव, डॉ. पलकोंडा विजय आनंद रेड्डी, हरिचरण शइकीया, प्रो. वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री, प्रो. शफी शौक, युमनाम जात्री सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह, रेडिया प्रसारक डॉ. आर श्रीधर, कालाजार के क्षेत्र में प्रसिद्ध चिकित्सक प्रो. श्याम सुन्दर, समाजसेवी डॉ. एस. जी. सुशीलम्मा, एन. स्वामीनादन, शल्य चिकित्सक डॉ. केवल कृष्ण ठकराल, कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी (मरणोपरांत), फिल्म कलाकार अरविंद वैद्य, प्रो. जुजर वासी, पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास, प्रो. गंभीर सिंह, पर्यावरणविद हैली वार शामिल हैं।

## पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रुपये हुआ महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेट्रो ईंधन की कीमतों में आज फिर बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। दो हफ्ते से भी कम समय में ऐसा चौथी बार हुआ है। अब दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रमुख तेल कंपनियों के मुताबिक, देश के प्रमुख शहरों में कोलकाता में पेट्रोल 113.51, मुंबई में 111.21, नोएडा में 101.9 रुपये, बेंगलुरु में 110.6 रुपये, भूवनेश्वर में 108.8 रुपये, चंडीगढ़ में 101.5 रुपये, जयपुर में 113.4 रुपये, लखनऊ में 101.9 रुपये और पटना में 113.5 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पिछले 10 दिन में यह चौथी बार है, जब कीमतें बढ़ाई गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 87 से 91 पैसे तक की बढ़ोतरी हुई थी। कोलकाता में डीजल की कीमत 99.82 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में डीजल की कीमत 97.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ा हादसा टला, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान का इंजन फेल



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र स्थित हवाई अड्डे पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के राजकीय विमान के इंजन गड़बड़ी आने और इंजन से धुआं निकलने के बाद पायलट ने सूझबूझ से उन्हें और उनके स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री पाठक सड़क मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। विमान में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उनका स्टाफ व सुरक्षाकर्मी सवार थे। टेक ऑफ से ठीक पहले विमान के इंजन में खराबी आ गयी। जानकारी के अनुसार विमान रनवे पर अचानक उसके एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया और उसमें से धुआं निकलने लगा।

## इबोला को लेकर केंद्र अलर्ट, नड्डा ने की तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

इबोला वायरस के खतरे को देखते हुए केन्द्र सरकार सतर्क है। सोमवार को इसको लेकर देश भर में की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में इबोला वायरस की रोकथाम एवं निगरानी व्यवस्थाओं को लेकर जे पी नड्डा ने निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ इबोला को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न मंत्रालयों और संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक की।

स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने देश के सभी पॉइंट ऑफ एंट्री (हवाई अड्डे, बंदरगाह एवं सीमाई प्रवेश बिंदु) पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह सतर्क और सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।



जे पी नड्डा ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद( आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र( एनसीडीसी) को ट्रैक, टेस्ट और निगरानी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हर समय तैयार रखने को कहा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि देश में अब तक इबोला का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला को अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है, जबकि अफ्रीका सीडीसी ने इसे महाद्वीपीय सुरक्षा का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल करार दिया है। उल्लेखनीय है इबोला एक बेहद दुर्लभ और जानलेवा वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर के अंदर और बाहर गंभीर रक्तस्राव (हेमरेज) होता है। इसकी मृत्यु दर लगभग 50 प्रतिशत तक हो सकती है। इस बीमारी का नाम उत्तरी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में स्थित इबोला नदी के नाम पर रखा गया है, जहां 1976 में पहली बार इस वायरस का पता चला था। इबोला वायरस रक्त और शरीर के तरल पदार्थों (मूत्र, मल, लार, उल्टी, स्तन का दूध, पसीना और वीर्य) के सीधे संपर्क से फैलता है, साथ ही उन वस्तुओं के संपर्क से भी फैलता है जो इबोला से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से दूषित हो गई हों। यह वायरस बीमार या मृत जंगली जानवरों के संपर्क में आने से भी फैलता है।

### गंगा दशहरा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**एजेंसी, हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व पर धर्मनगरी में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को माँ गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था और राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार हुआ था। इसी कारण इस दिन हर की पौड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार देर रात के बाद से ही हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह होते-होते हर की पौड़ी, ब्रह्मकुंड और अन्य प्रमुख घाटों पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, पितरों के कल्याण और जीवन में सुख-शांति की कामना की।

## मोदी ने फालता की जीत पर बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रिकार्ड जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत और गंडागर्दी की हार है। उन्होंने इस जीत के लिए पश्चिम बंगाल के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देररात एक्स पर लिखा, फालता के लोगों ने अपना फैसला सुना दिया है। लोकतंत्र की जीत हुई है और डराने-धमकाने वाली ताकतों की हार। रिकार्ड अंतर से जीत हासिल करने के लिए श्री देबांग्शु पांडा जी को बधाई। यह पश्चिम बंगाल की जनता का भाजपा के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। लोग पश्चिम बंगाल सरकार के हर क्षेत्र में किए जा रहे बेहतरीन कामों को देख रहे हैं और इसीलिए उन्होंने हमें अपना और आशीर्वाद देने का फैसला किया है।



उन्होंने दूसरी पोस्ट पर लिखा, पश्चिम बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके शानदार काम के लिए मेरी बधाई। आने वाले समय में भी हम पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए काम करते रहेंगे। फालता की जीत पश्चिम बंगाल की जनता के भाजपा में अटूट विश्वास का प्रमाण है। पश्चिम बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके असाधारण प्रयासों के लिए मेरी बधाई।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने ताजमहल की खूबसूरती को निहारा

**आगरा, समृद्धि न्यूज।**

चार दिवसीय भारत भ्रमण पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो अपने पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को विशेष वायुयान से आगरा पहुंचे और सपत्नीक ताजमहल की खूबसूरती को निहारा।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो शनिवार से भारत दौरे पर हैं। इस दौरान वह सोमवार को अपनी पत्नी जीनेट रूबीयो के साथ विशेष वायुयान से आगरा में वायुसेना के खेरिया हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न करीब 9:30 पहुंचे। वहां से उनका काफिला सीधा ताजमहल के शिल्पग्राम पहुंचा। मार्को और उनकी पत्नी एक गोल्फ कार्ट में बैठकर ताजमहल के पूर्वी गेट पर पहुंचे और पैदल-पैदल पूर्वी गेट से ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। उनके साथ डेलीकेशन के कुछ सदस्य भी थे।



ताजमहल की खूबसूरती से गदगद मार्को रूबीयो ने अपनी पत्नी जीनेट के साथ डायना बेंच पर इन खूबसूरत पलों को फोटोग्राफी के माध्यम से कैद किया। गाइड नितिन गुप्ता ने मार्को रूबियो के साथ रहकर ताजमहल का भ्रमण कराया और ताजमहल के निर्माण और इसके इतिहास के संबंध में जानकारी दी।

मार्को रूबियो ताजमहल देखने के बाद आगरा के एक पांच सितारा होटल में अल्प विश्राम और लंच के लिए रवाना हो गए। अमेरिकी विदेश मंत्री के आगरा भ्रमण के दौरान अमेरिकी सुरक्षा टीम के साथ-साथ आगरा पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। खुफिया एजेंसियां भी सतर्क रहीं। खेरिया हवाई अड्डे से लेकर ताजमहल तक तथा ताजमहल से होटल अमर विलास तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी।




# शिक्षा जागरूकता व मेधावी छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## 'शिक्षा ही खोलती है सफलता के द्वार': मोहम्मद नदीम

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मदनी इंटर कॉलेज कैसरगंज में 'शिक्षा जागरूकता एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी रईस अहमद क़ासमी ने की, जबकि संचालन डाक्टर नजमुज़्ज़मां ने किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रधानाचार्य डाक्टर अरशद रईस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि मोहम्मद नदीम ने कहा कि



'शिक्षा ही सफलता के द्वार खोलती है।' उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति गंभीर एवं अनुशासित रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत, लगन और अच्छे संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों को समझें और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं। मोहम्मद नदीम ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। वहीं अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा, सकारात्मक वातावरण और नैतिक मूल्यों से जोड़ना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के माध्यम से सफलता प्राप्त करने वाले अनेक रोल मॉडल्स का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा इंसान को सम्मान, आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज का शिक्षित युवा ही कल के विकसित समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि इसरार अहमद ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी डी. के. श्रीवास्तव, प्रसिद्ध शायर अज़्म गोंडवी,उमा प्रसाद वर्मा, विश्वपाल सिंह, डाक्टर मसीहुद्दीन, मौलाना सलाहुद्दीन, मौलाना मसीहुद्दीन , नसीम अहमद एडवोकेट, शौकत अली एडवोकेट, मनीष श्रीवास्तव, वेद प्रकाश सिंह, विनोद शुक्ला, वेद प्रकाश सिंह, डाक्टर असद, हाफिज़ वहीदुद्दीन, मौलाना फसीहउद्दीन, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के अंत में आयोजक एवं मदनी इंटर कॉलेज, कैसरगंज के प्रधानाचार्य डाक्टर अरशद रईस ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। एवं उपस्थित जनसमूह का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य अतिथि मोहम्मद नदीम, विशिष्ट अतिथि इसरार अहमद सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया है।

# विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के पिपरिया लोकआनंद पुरवा गांव में सोमवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, पिपरिया लोकआनंद पुरवा निवासी 32 वर्षीय साधना शुक्ला पत्नी अनिल कुमार शुक्ला ने रविवार को अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। खैरीघाट पुलिस सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं।

# बाघ के हमले में महिला की मौत, खेत में लकड़ी लेने गई थी महिला

## सिर और गाल नोचा, चीख सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो जंगल में भागा बाघ

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सोमवार सुबह बाघ ने महिला को मार डाला। महिला खेत में लकड़ी लेने जा रही थी तभी रास्ते में बाघ ने हमला कर दिया। चीख सुनकर जब आसपास के लोग पहुंचे तो बाघ जंगल में भाग गया। हमले में महिला के सिर और गले पर गंभीर घाव हो गए। महिला को अस्पताल ले जाने का मौका नहीं मिला, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला जिला मुख्यालय से 75 किमी दूर मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र का है। लगातार बढ़ रहे जंगली जानवरों के हमले से लोगों में दहशत का माहौल है। अमृतपुर गांव के रहने वाले सुभाष मजदूरी का काम करते हैं। घर में पत्नी रीता गौतम (48) के अलावा चार बेटियां हैं। सोमवार सुबह 9.30 बजे



रीता घर से लकड़ी बीनने के लिए जंगल की तरफ गई थीं। घर से करीब 1 किमी दूर पहुंची थीं तभी जंगल से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया।

**जंगल के किनारे बसा है गांव**

ये गांव जंगल के किनारे बसा है। महिला अकेली थी और तेंदुए के हमले में गिर गई। चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर घटनास्थल की तरफ भागे। भीड़ को आता देख शोर मचाने पर बाघ घायल महिला को छोड़कर जंगल में भाग गया।

**गले और सिर पर गंभीर घाव हुए**

हमले में रीता के गले- गाल और सिर पर गंभीर घाव हो गए थे। लोगों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। शव से कुछ दूरी पर ही पानी की बोतल पड़ी थी। ग्रामीणों के मुताबिक, मौके पर बाघ के पदचिह्न मिले हैं। कुछ दूरी पर उसकी दहाड़ की आवाज भी सुनाई दे रही थी। लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो बेटियां और पति भी मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंचीं और शव को कब्जे में लिया।

**जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग**

ग्रामीणों की मांग है कि बाघ को पकड़ने के लिए इंतजाम किए जाएं। पिछले कुछ दिनों में जंगल से सटे गांवों में वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ रही है। इससे जान पर खतरा मंडरा रहा है। वन विभाग इन्हें पकड़ने के और ग्रामीणों की सुरक्षा के इंतजाम करे।

**गर्मी के समय हिंसक हो जाते हैं जानवर**

रेंजर अधिकारी धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि महिला की मौत की जानकारी मिली है। बाघ के हमले से जान गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। गर्मी के समय जंगली जानवर हिंसक हो जाते हैं इसलिए लोगों को सावधान रखने की अपील की जा रही है।

### एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक, साइबर अपराध से बचाव के बताए उपाय

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति के पंचम चरण के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट तथा सरकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया।

# गौ-रक्षा व सनातन आस्था की सुरक्षा को लेकर उठाई मांग

## राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद ने गौवध व पशु तस्करी रोकने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा सोमवार को गौवंश एवं निरीह बेजुबान पशुओं की हत्या, गौ तस्करी तथा अवैध पशु काटे जाने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गौ रक्षा एवं सनातन आस्था की सुरक्षा को लेकर जोरदार मांग उठाई।राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सनातनी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गाय सनातन धर्म में माता स्वरूप पूजनीय है और करोड़ों सनातनियों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि बकरीद सहित अन्य अवसरों पर होने वाली गौवंश हत्या, पशु तस्करी एवं निरीह पशुओं के प्रति क्रूरता को तत्काल प्रभाव से रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में गौवध एवं अवैध पशु काटे जाने पर कठोर कानून बनाकर सख्ती से लागू किया जाए। साथ ही बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा अवैध बूचड़खानों एवं पशु तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रांत अध्यक्ष अवध प्रांत शशि भूषण सनातनी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि निरीह पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने हेतु प्रभावी कानूनों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा पशु संरक्षण एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके अतिरिक्त धार्मिक परंपराओं के निर्वहन हेतु अहिंसक एवं वैकल्पिक उपायों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया और देश में जागरूकता अभियान चलाकर सनातन समाज को एकजुट करने का कार्य करेगा तथा गौवंश एवं निरीह पशुओं की रक्षा के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग युवती को बहला फुसला कर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना जरवल रोड क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में एक महिला पर भी इस घटना में सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर पान मसाले की दुकान चलाती हैं। दुकान पर भोला पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम जतौरा थाना जरवल रोड सामान लेने आता जाता रहता था और इसी दौरान उनकी करीब 15 वर्षीय पुत्री से बातचीत करने लगा। महिला के अनुसार आरोपी ने किशोरी को मोबाइल फोन भी दिया था। तहरीर में कहा गया है कि 22 मई 2026 की रात आरोपी भोला उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित महिला ने यह भी आरोप लगाया कि युवक के गांव की ही एक महिला को पूरे मामले की जानकारी थी और वह भी इस प्रकरण में शामिल है। पीड़िता के अनुसार उनकी पुत्री घर से करीब 20 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये मूल्य के जेवरात भी साथ ले गई है। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि लड़की को बरामद कर लिया गया है मेडिकल परीक्षण समेत अन्य विधिक कार्यवाही जारी है। जल्द ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

### जरवल रोड पुलिस ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दो युवकों को किया गिरफ्तार

**मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की कार्रवाई धारा 296 बीएनएस में मुकदमा दर्ज**

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जरवल रोड थाना पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी व अश्लील हरकत करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आईपीएल चीनी मिल मार्ग के पास की गई। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक राहुल सिंह हमराह पुलिसकर्मियों हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल अमित मौर्य तथा महिला कांस्टेबल अंजली वर्मा के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने पुलिस टीम को सूचना दी कि शराब के ठेके के पास कुछ युवक राह चलती महिलाओं पर अश्लील इशारे कर अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रमेश पुत्र हरिराम निवासी लंबापुरवा, खेसुआ थाना जरवल रोड तथा पटवारी पुत्र राम सिंह निवासी लंबापुरवा, खेसुआ थाना जरवल रोड बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाशी ली, हालांकि उनके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 296 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन किया गया तथा आरोपियों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई।

### नियमों को ताक पर रखकर चल रहे क्लीनिकों पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र में कथित रूप से अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटरों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। क्षेत्र के एक समाजसेवी ने जिलाधिकारी बलरामपुर को शिकायती पत्र भेजकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए व्यापक जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों की वैधता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोकतंत्र सेनानी एवं समाजसेवी इरशाद अहमद गद्दी ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उतरौला क्षेत्र में बड़ी संख्या में नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर नियमों के विपरीत संचालित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इनमें से कई संस्थानों में न तो विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं और न ही प्रशिक्षित तकनीशियन, इसके बावजूद मरीजों का इलाज और जांच की जा रही है, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

### महीनों की मेहनत पर फिरा पानी, आग से गन्ने की फसल राख

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खंड उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में बुधवार दोपहर अचानक लगी आग ने एक किसान की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अज्ञात कारणों से लगी आग में किसान राघवेन्द्र मिश्रा की गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण आग बुझाने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़े। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक किसान की बड़ी मात्रा में फसल नष्ट हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच अचानक खेत से धुआं उठता दिखाई दिया।

# आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर पीस कमेटी बैठक

**थाना प्रभारी ने की अपील, खुले में मांस न ले जाने और शांति बनाए रखने का निर्देश**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज थाना परिसर में आगामी बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में क्षेत्र के दोनों समुदायों के संभ्रांत नागरिक और प्रधान उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना और क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करना था। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने सभी से शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों से खुले में कुर्बानी के जानवर का मांस न ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी की भावनाओं का सम्मान करते हुए मांस को ढककर ले जाया जाए। थाना क्षेत्र में कुल 18 ईदगाहों में नमाज अदा की जाती है। बैठक को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेचेलाल जायसवाल, भाजपा कार्यकर्ता पिंटू गुप्ता, ग्राम प्रधान हाफिज नासिर हुसैन और मौलाना जैनुल आबेदीन कासमी ने भी संबोधित किया। हाफिज नासिर हुसैन ने प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करने की बात कही और सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की। मौलाना जैनुल आबेदीन कासमी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कुर्बानी के जानवर की तस्वीरें न बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा न करने का आग्रह किया, ताकि सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान हो सके।

# महाराजा सुहेल देव विजयोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन

## समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे सांसद बहराइच




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर ज्येष्ठ माह के दौरान महाराजा सुहेल देव जी के स्मारक स्थल पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रविवार देर शाम मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर, जिला कार्यवाहक भूपेन्द्र, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, सुहेलदेव सेवा समिति के अध्यक्ष यशवेन्द्र विक्रम सिंह, सचिव दिलीप कुमार, राष्ट्रवादी विचारक संत बाबा मुरारी दास उपाध्यक्ष मिहरज ध्वज जी, महाराज विष्णु देवाचार्य व अन्य अतिथियों के साथ स्मारक स्थल के आडिटोरियम में महाराजा सुहेल देव जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर समापन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का विधिवत शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ स्मारक परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, रेशम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बैंकर्स, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, मत्स्य, हथकरघा एवं काष्ठ शिल्प, महिला एवं बाल विकास, सूचना एवं जनसम्पर्क तथा संस्कृति विभाग द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी/स्टालों तथा फूड कोर्ट का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। दो दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन विशाल कवि सम्मेलन एवं महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन चरित्र पर आधारित परिचर्चा के पश्चात संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दलों आदर्श मिश्रा एण्ड पार्टी आज़मगढ़, उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी गोण्डा, सरला गुप्ता एण्ड पार्टी व दीपक सिंह एण्ड पार्टी, सुश्री सुचिता पाण्डेय व सुश्री कामिनी मिश्रा एण्ड पार्टी लखनऊ तथा जनपद के मैट्रो क्लब के कलाकारों द्वारा लोकगायन, नृत्य, भजन, देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा सराहा गया। विजयोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी कलाकारों, आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आयोजन से जुड़ी हुई विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों को जिलाधिकारी व सीडीओ द्वारा अंगवस्त्र, प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# छतौनी के लाल चंद्रकांत त्रिपाठी का आईआईटी कानपुर में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**परसपुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम छतौनी के रहने वाले मेधावी छात्र चंद्रकांत त्रिपाठी ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), कानपुर में प्रवेश पाकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। चंद्रकांत का चयन एम.टेक. (M.Tech) के 'Space Planetary and Astronomical Engineering' विभाग में हुआ है। एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरिक्ष विज्ञान जैसे जटिल विषय में शोध हेतु चयनित होना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

**किसान पुत्र ने तय किया सफलता का सफर**

चंद्रकांत मूल रूप से परसपुर क्षेत्र के निवासी हैं। उनके पिता श्री आनंद कुमार त्रिपाठी एक साधारण किसान हैं और माता श्रीमती रीता त्रिपाठी एक कुशल गृहिणी हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद चंद्रकांत ने कभी अपने हौसलों को कम नहीं होने दिया।

**गुरुओं का मार्गदर्शन और ईश्वरीय कृपा**



अपनी इस ऐतिहासिक सफलता पर चंद्रकांत ने अत्यंत विनम्रता के साथ इसका श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने गुरुजनों और आध्यात्मिक विश्वास को दिया है। चंद्रकांत ने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहाः 'मैं अपनी इस सफलता का विशेष श्रेय अपने गुरु श्री वीरेंद्र कुमार शुक्ला (वी.के. शुक्ला) सर एवं श्री विश्वनाथ मिश्रा सर को देना चाहता हूँ। मैं आज जो कुछ भी हूँ और जिस मुकाम पर पहुँचा हूँ, वह सब स्वामी लीलाशाह जी की असीम कृपा से ही संभव हो पाया है। **चंद्रकांत त्रिपाठी ने अपने पहले प्रयास में क्रैक की GATE-2026**

इंटरमीडिएट की परीक्षा परसपुर से उत्तीर्ण करने के बाद , जिसके बाद उन्होंने वीआईटी यूनिवर्सिटी, आंध्र प्रदेश से बी.टेक. की डिग्री हासिल की द्य उन्होंने कक्षा 10वीं में ही इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा साबित कर दी थी। वह पूर्व में प्रतिष्ठित JEE परीक्षा भी क्रैक कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी प्रतिभा को एक बार फिर साबित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में GATE-2026 परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें ऑल इंडिया रैंक 7970 हासिल कर उन्होंने IIT कानपुर के लिए अपनी जगह पक्की की।

### सरयू नदी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में नदी में नहाने के दौरान एक और दर्दनाक हादसा हो गया। कर्नलगंज-परसपुर क्षेत्र से बहने वाली सरयू नदी के बंधिया घाट पर नहाते समय 17 वर्षीय गोविंद मिश्रा की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गोविंद मिश्रा पुत्र स्व. रामकुमार मिश्रा, निवासी ग्राम धनावा, शनिवार को बंधिया घाट पर नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाते-नहाते गोविंद अचानक नदी की गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और बचाने के लिए नदी में कूद गए। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने गोविंद को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 32 महिलाओं ने रखीं समस्याएं आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को आयोजित 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की गई। कार्यक्रम के तहत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने 32 महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, उत्पीड़न, अवैध कब्जा, चकमार्ग, आवास, पारिवारिक विवाद तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। आयुक्त ने



अधिकारियों से कहा कि महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में बहराइच जनपद की थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा निवासी चंद्रकला ने पड़ोसियों पर दीवार गिराने और उत्पीड़न का आरोप लगाया।

# मंगलम गैस एजेंसी को छोड़कर और किसी एजेंसी ने गोदाम पर नहीं लगाया कैश एंड कैरी का बैनर

## जानकारी के अभाव में गैस एजेंसियां कर रही है उपभोक्ताओं का दोहन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शहर की एक दो गैस एजेंसी छोड़कर सभी गैस एजेंसियां मजबूरी का फायदा उठाकर हर रोज ग्राहकों से हजारों की ठगी कर अपनी जेबें भर ने पर लगी हुई हैं।गैस एजेंसियां यह ठगी सीएनसी (कैश एंड कैरी) के नाम पर मिलने वाली छूट पर कर रही हैं।इस कारगुजारी की आम लोगों को भनक तक नहीं लग रही।गैस डीलर्स की ओर से की जा रही इस ठगी की जानकारी कंपनियों के बड़े अधिकारियों को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है।उल्लेखनीय है कि लगभग 35 लाख की आबादी के शहर को एचपी, इंडेन और भारत गैस कंपनी द्वारा जारी की गई कुल 76 गैस एजेंसियों द्वारा रोजाना हजारों गैस सिलेंडर मुहैया करवाए जाते हैं।सूत्रों के अनुसार रोजाना एक गोदाम से हर रोज औसतन सैकड़ो सिलेंडर ग्राहक अपनी जिम्मेदारी पर ले जाते हैं।इस अनुमान से लगभग हजारों ग्राहक अपनी जिम्मेदारी पर सिलेंडर एजेंसियों के गोदाम ले जाते है लेकिन एजेंसी वाले कभी भी ग्राहकों को सीएनसी (कैश एंड कैरी) के बारे में नहीं बताते और सीएनसी से मिलने वाली छूट के रुपये अपनी जेब में डाल लेते हैं।

**गोदाम से लेने पर मिलती है 35.50 रुपये की छूट**

नियम है कि गोदाम से रसोई गैस सिलेंडर लेने पर उपभोक्ता को 35.50 रुपये की छूट मिलती है, लेकिन गोंडा में एक दो गैस एजेंसी को छोड़कर कोई एजेंसी इसका पालन नहीं कर रही है। ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी न होने के कारण एजेंसी वाले भी मनमानी कर उन्हें लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। समृद्धि न्यूज़ की ओर से चल रहे चार दिवसीय अभियान 'ग्राहक से छल' के बाद जागरूक ग्राहकों ने मौखिक रूप से खुलकर अपनी पीड़ा बयां की है। विदित हो कि जहां मंगलम गैस एजेंसी के गोदाम पर कैश एंड कैरी का नियम का पालन किया जा रहा है वही पुष्पा भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर समृद्धि न्यूज़ की टीम पहुंची तो वहां पर न तो कोई कैश एंड कैरी का बोर्ड लगा था और उपभोक्ताओं को 970 रुपए में गैस वितरण किया जा रहा था उनको कैश एंड कैरी का लाभ नहीं दिया जा था।अगर देखा जाए तो 35.50 प्लस तीस रुपये यानी 65.50 रुपये तक अधिक लिया जा रहा है। कैश एंड कैरी की छूट की बात की गई तो कर्मचारी लडने एवं दुर्व्यवहार कर ने पर उतारू हो गए।गोदाम पर कैश एंड कैरी की जिले के अधिक तर गैस एजेंसियों पर नहीं लिखा है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं चंदवतपुर कटरा रोड पूनम सिंह का कहना है कि उन्होंने 22 मई को गैस की बुकिंग कराई गई थी और हमें 25 मई को गैस मिल गया है।

# सरकार जनसमस्याओं के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिलकर सभी की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार जनसमस्याओं के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समयसीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया।



▸ जनता दर्शन' में आए हर फरियादी से मिल मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं

जनता दर्शन में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि शिक्षा व स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष जोर है। प्रदेश का हर व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इन विभागों से जुड़े सभी मामले संवेदनशीलता से हल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के भी शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं, उनका हालचाल जाना, फिर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है, ऐसे में अपना और परिवार के बुजुर्गों, बच्चों, पुरुषों का ध्यान रखें। इस समय अकारण बाहर निकलने से बचें और खानपान पर विशेष ध्यान दें।

### सीएम ने छात्रों को लिखी चिट्ठी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गर्मी की छुट्टियों के अवसर पर प्रदेश के बच्चों के नाम सोमवार को एक पत्र लिखते हुए बच्चों व अभिभावकों से अपील की कि वे छुट्टियों का उपयोग आनंद लेने, नयी सीख और संस्कारों को जानने में करें। योगी आदित्यनाथ ने यह पत्र सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। पत्र में उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए लिखा कि मेरे प्यारे बच्चों, गर्मी की छुट्टियां आप सभी के लिए आनंद, उत्साह और नए अनुभवों का समय लेकर आती हैं। किशोर एवं युवा इन छुट्टियों में नयी भाषा या नया कौशल सीख सकते हैं। सीएम ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को इन छुट्टियों में ननिहाल और ददिहाल जरूर ले जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को परिवार के साथ समय बिताने दें, ताकि वे अपने संस्कारों और परंपराओं को निकट से जान सकें। साथ ही, उन्होंने ग्रीष्मावकाश में बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा, मेरी आप सभी से अपील है कि इन छुट्टियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने का भी संकल्प लें। छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं।

# यूपी देश में सबसे अधिक विद्युत आपूर्ति वाला राज्य : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शनिवार रात्रि 10:39 बजे 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के किसी भी राज्य द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर घर, हर गांव और हर शहर तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है, जिस दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

रोस्टर से आगे बढ़कर प्रदेश में व्यापक स्तर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति का प्रयास किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 22 से 22.5 घंटे तक बिजली



▸ 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति
▸ कुछ लोग प्रदेश की बिजली व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का कर रहे प्रयास

आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन, किसान, व्यापारी और उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। श्री शर्मा ने कहा कि कुछ लोग प्रदेश की बिजली व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सर्वाधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। तकनीकी, प्राकृतिक अथवा मानवजनित कारणों से स्थानिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दूर करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील कर कहा कि विद्युतकर्मियों का मनोबल बढ़ाएं, क्योंकि भीषण गर्मी कठिन परिस्थितियों में वे जनता को बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री ने किया उपनिबंधक कार्यालय भवन का शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सरोजनी नगर में कार्यालय उप निबन्धक सरोजनी नगर प्रथम व द्वितीय के भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ। स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में नए भवन का शिलान्यास किया।यह विकास कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में संचालित और संपन्न किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सरोजनी नगर के स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि इस नए और आधुनिक कार्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र की जनता को रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों में बड़ी सुगमता होगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को पारदर्शी, सुलभ और आधुनिक सुविधा युक्त व्यवस्था प्रदान करना है।विधायक राजेश्वर सिंह ने सरोजनी नगर क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विभागीय मंत्री का विशेष आभार जताया। विधायक ने विश्वास जताया कि स्थानीय स्तर पर नया कार्यालय खुलने से जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण संभव हो सकेगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भुलभुला खेड़ा गांव में रविवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति शव को लेकर मलिहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतका की शादी एक साल पहले हुई थी। पति और पत्नी दोनों में अक्सर विवाद होता था। मृतका की पहचान 22 वर्षीय रूपांशी यादव पत्नी सुधीर यादव के रूप में हुई है। उसका शव रविवार रात करीब 1.25 बजे सीएचसी मलिहाबाद लाया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान, मृतका के मायके पक्ष के लगभग 30 से 40 लोग अस्पताल पहुंच गए और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर लोगों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में रखा। पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रूपांशी की शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी और पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

### लखनऊ में वकीलों पर लाठियां भांजने पर हाईकोर्ट सख्त, आपराधिक अवमानना की कार्रवाई पर विचार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सिविल कोर्ट परिसर के आसपास अवैध कब्जे (वकीलों के चैंबर) हटाने पर बवाल मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने वकीलों को लाठियां भांजे जाने के मामले पर कड़ा रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि, हमने वो वीडियो देखे हैं, जिसमें वकीलों को लाठियां भांजी गईं। सवाल उठाया कि क्या लाठियां भजवाकर प्रशासन को सही काम करने से रोका जा सकता है। ये गंभीर है। सुप्रीमकोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के के क्रम में आपराधिक अवमानना की कार्रवाई पर विचार करने की बात कही है। लखनऊ में पिछले सप्ताह सिविल कोर्ट परिसर के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर भारी बवाल हो गया था। दरअसल, अवैध कब्जे के रूप में वकीलों के चैंबर थे। स्थानीय पुलिस-प्रशासन जब अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो वकीलों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। उसके बाद प्रशासन ने सख्ती के साथ वकीलों को खदेड़ा। लाठियां फटकाराईं। वकीलों पर लाठीचार्ज से ये मामला और पेचीदा हो गया और वकील धरने पर बैठ गए। इसके बाद कुछ वकीलों को यहां लाठियां बांटी गई थीं। जिसे, प्रशासन को चुनौती को रूप में देखा जा रहा है। सोमवार को इस मामले में हाईकोर्ट में करीब डेढ़ घंटे तक सुनवाई चली। वकीलों के चेंबर हटाए जाने को लेकर सेंट्रल बार के अध्यक्ष और महामंत्री ने स्वयं ही बहस की। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने वकीलों में लाठियां भाजते वीडियो देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश के अनुपालन के क्रम में आपराधिक अवमानना की कार्रवाई पर विचार करेंगे। इस दौरान कोर्ट ने फटकार भी लगाई। सिविल कोर्ट में एक सप्ताह से वकीलों की हड़ताल चल रही है। कोर्ट ने इसका भी संज्ञान लिया।

### रोडवेज बस और डीसीएम ने स्कॉर्पियो के उड़ाए परखच्चे, मामा-भांजे गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी फैजाबाद रोड पर आज सुबह तड़के एक बेहद भीषण सड़क हादसा सामने आया है। दयाल रीजेंसी के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस और एक डीसीएम ने मिलकर एक स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कॉर्पियो कार के परखच्चे उड़ गए और वह पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा सुबह करीब 5.00 बजे का है। घटना के वक्त स्कॉर्पियो वाहन में दो लोग सवार थे, जिनकी पहचान शतत यादव और उनके भांजे आदित्य यादव के रूप में हुई है, जो कार चला रहे थे। भोर के समय हुए इस दोहरे एक्सीडेंट के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों और राहगीरों ने तुरंत इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहन से दोनों घायलों को बाहर निकाला। हादसे की भयावहता को देखते हुए दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर फैजाबाद रोड पर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रतीक यादव की तेरहवीं कार्यक्रम में सीएम योगी सहित कई भाजपा व सपा नेता पहुंचे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा और समाजवादी पार्टी के कई नेता भी शामिल हुए।

सोमवार को विक्रमादित्य मार्ग स्थित राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर उनके पति प्रतीक यादव की तेहरवीं संस्कार की रस्म हुई। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपर्णा यादव समेत अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। इस कार्यक्रम में प्रदेश





के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, सपा सांसद डिंपल यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, शिव पाल सिंह यादव, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, पूर्व मंत्री शंख लाल मांझी सहित भाजपा, सपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेता, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर दिवंगत प्रतीक यादव की शांति प्रार्थना सभा में पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का निधन 13 मई को हुआ था।

### प्रतीक की तेरहवीं में अखिलेश, डिंपल समेत पूरा यादव परिवार शामिल

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक की आज तेरहवीं है। कार्यक्रम में पत्नी अपर्णा यादव ने पूड़ियां बांटीं। इस दौरान जब लोगों ने 'प्रतीक भैया अमर रहें' के नारे लगाए, तो वह खुद को रोक नहीं पाईं। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया और घर के अंदर चली गईं। सीएम योगी भी तेरहवीं में शामिल हुए। उन्होंने प्रतीक को श्रद्धांजलि दी और अपर्णा को सांत्वना दी। अखिलेश, शिवपाल यादव और डिंपल यादव समेत पूरा परिवार अपर्णा के घर पहुंचा।



राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने भी पूड़ियां बांटीं। लोकगायिका मालिनी अवस्थी भी तेरहवीं में पहुंचीं। लखनऊ में विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित अपर्णा के घर पर कार्यक्रम हो रहा है। इसमें रामधुन बज रही है। शहर के कई इलाकों में प्रतीक की तेरहवीं से जुड़े शोक संदेशों के होर्डिंग लगाए गए हैं। 13 मई की सुबह प्रतीक यादव का 38 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। अगले दिन यानी 14 मई को लखनऊ के बैकुंठ धाम श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने दी थी। 16 मई को हरिद्वार के वीवीआईपी घाट पर प्रतीक की अस्थियां विसर्जित की गईं। अपर्णा बेटियों के साथ चार्टर्ड प्लेन से उत्तराखंड गई थीं। शिवपाल के बेटे आदित्य यादव भी उनके साथ गए थे।

### लेखपाल परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपीपीएससी ने लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर अफवाह फैलानों वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आयोग से मिली शिकायत के आधार पर लखनऊ के विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच पुलिस उपायुक्त पूर्वी, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी और सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखंड की निगरानी में की जाएगी। आयोग ने कहा, लेखपाल पद पर चयन के लिए 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्रों पर पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई थी। अराजक तत्वों ने मुख्य परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया पर असत्य एवं भ्रामक पोस्ट शेयर किए। सरकार की छवि धूमिल करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया। इससे पहले आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की थी कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह या अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें। आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# बिजली आपूर्ति संकट का समाधान निकालने में भाजपा सरकार विफल : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भाजपा सरकार को समस्या का समाधान निकालने में पूरी तरह से विफल बताया है। उन्होंने बिजली समस्या को लेकर भाजपा जनप्रतिनिधियों के पत्रों को सरकार की विफलता करार दिया है। अखिलेश ने सोमवार को बिजली आपूर्ति संकट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी के रूप में जिस 'कागजी कवच' से खुद को बचाना चाह रहे हैं, वो चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है।

हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढनेवालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफ़सर' को ढूंढा था



वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। भाजपा के डबल इंजन की इस आपसी टकराहट का ख़ामियाजा जनता क्यों भुगते? किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे मतलब बहुत समय से चुभ रहे इस काटे को निकाल दे अर्थात इस बार आपदा में वो किसी को बाहर का रास्ता दिखाने का अवसर ढूंढ ले। ऐसे में माननीय पर किसी के खिलाफ दुर्भावनावश काम करने का आरोप भी कोई नहीं लगा पाएगा। उसके बाद मुख्यमंत्री को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और उन बेचारे सहानुभूति के पात्रों में से किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा, जो सत्तासुख के लालच में अपनी अंतरात्मा से झूठ बोलकर भी केवल हाथ मलते रह गये हैं और अपनी राजनीति के खत्म होने पर पछतावे के आंसू भी नहीं बहा पा रहे हैं। उप्र की भाजपा सरकार भी जानती है कि अब वो कभी वापस नहीं आएगी, इसीलिए वो जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने ने भरने में लगी है।

# दिव्यांग बच्चों में भी अपार संभावनाएं : विशाख जी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

स्पार्क-इंडिया द्वारा समर कैम्प का समापन समारोह बख्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

▸ स्पार्क इंडिया के समर कैम्प में बोले डीएम, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ के डीएम विशाख जी., एवं विशिष्ट अतिथियों में रेनू शुक्ला, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), बख्शी का तालाब, संदीप जोशी, रीजनल हेड - एकेडमिक अलायंसेज़ ग्रुप, टीसीएस तथा प्रो. विक्रम खन्ना, विभागाध्यक्ष, ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी, फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज़, केजीएमयू शामिल रहे। कार्यक्रम में स्पार्क-इंडिया के अध्यक्ष उमा शंकर सिंह एवं बोर्ड सदस्य मृदुला मेहरोत्रा भी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों में अपार प्रतिभा एवं संभावनाएँ होती हैं। उन्होंने इन बच्चों के लिए एक प्रयास जैसे प्रारम्भिक हस्तक्षेप केन्द्र विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा ज्योति किरण स्कूल एवं एक प्रयास केन्द्र जैसी पहलें संचालित करने हेतु स्पार्क-इंडिया के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। स्पार्क-इंडिया के संस्थापक निदेशक डॉ. अमिताभ मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्था द्वारा दिव्यांगजन समावेशन एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं पहलों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात श्रवण बाधित बच्चों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बौद्धिक दिव्यांगता, डाउन सिंड्रोम एवं शारीरिक दिव्यांगता से जुड़े बच्चों द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय एवं समूह नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम ज्योति किरण स्कूल एवं एक प्रयास केन्द्र के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया था। साथ ही, बच्चों द्वारा आयोजित कला एवं शिल्प प्रदर्शनी भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन ज्योति किरण स्कूल एवं एक प्रयास केन्द्र के सभी विद्यार्थियों को उपहार वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन समावेशन, सशक्तिकरण एवं समानता का एक प्रेरणादायी उत्सव रहा, जिसने दिव्यांग बच्चों के लिए अवसर सृजित करने हेतु स्पार्क-इंडिया की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।

# यूपीएससी का पेपर खराब होने पर छात्र गोमती में कूदा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में सरकारी इंटर कॉलेज की वॉइस प्रिंसिपल का बेटा गोमती में कूद गया। घटना आज यानी सोमवार सुबह की है। युवक प्रखर पाल को गोताखोर ढूंढ रहे हैं लेकिन अभी तक वह नहीं मिला। मां सुष्मलता राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में वॉइस प्रिंसिपल के पद पर तैनात हैं। बेटे के नदी में कूदने की जानकारी मिली तो वह घटनास्थल पहुंचीं। मां का घाट पर रो-रोकर बुरा हाल है।

उन्होंने रोते हुए बताया कि कल वह यूपीएससी का पेपर देने गया था। बता रहा था कि उसका पेपर खराब हो गया है। मैंने कहा था कि कोई बात नहीं बेटा। तुम अच्छे बच्चे हो। दूसरी मीटिंग का पेपर ध्यान देना। इसके बाद उससे कोई बात नहीं हुई।

पिता विष्णु गोपाल पाल की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह पक्के पुल पर एक स्कूटी खड़ी मिली। कुछ देर बाद लोगों ने युवक को गोमती नदी में छलांग लगाते देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश की जा रही है।

परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। प्रखर जहां पर नदी में कूदा, उसी के सामने हुसैनाबाद इंटर कॉलेज है। कॉलेज के पास में ही पोस्टमॉर्टम हाउस है।

पुलिस को प्रखर की स्कूटी पक्के पुल पर खड़ी मिली। यहां से पुलिस उसे ले जाकर पोस्टमॉर्टम हाउस परिसर में खड़ी कर दी। स्कूटी की डिक्की में प्रखर के कपड़े रखे हुए हैं। इस पर उसका हेल्मेट भी लगा हुआ है।

### दिव्या शुक्ला लखनऊ फाउंडेशन डेफवुमेन की बनीं चेयरमैन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ फ़ाउंडेशन ऑफडेफवुमेन के हुये चुनाव में नये पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। गोपाल प्लाजा, इंदिरा नगर में हुये चुनाव में दिव्या शुक्ला को संगठन का नया चेयरमैन चुना गया। चुनाव अधिकारी हेमंत कुमार गिरी की देखरेख में हुये चुनाव में चुने गये अन्य पदाधिकारियों में मिनी गोपाल-वाइस चेयरमैन, मनीषा रस्तोगी-अध्यक्ष, अंशू जैन व स्वाति-उपाध्यक्ष, राखी शुक्ला-महासचिव, अर्शी-संयुक्त सचिव, इरम फ़ातिमा-खेल सचिव, लक्ष्मी पाण्डेय-कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्यों में सावित्री गुप्ता, रूबी सिंह, शिल्पी, रश्मि रंजन, वंदना द्विवेदी, आँचल गुप्ता को चुना गया।

**सराहनीय** | फार्मर रजिस्ट्री : 2.28 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण

# किसानों की डिजिटल पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा यूपी

▸ यूपी में अंश निर्धारण का कार्य 87.19 प्रतिशत पूरा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल कृषि व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी, त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने बड़े स्तर पर परिणाम देना शुरू कर दिया है।

राज्य सरकार की सक्रिय पहल के चलते अब तक 2.28 करोड़ से



अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जो केंद्र सरकार द्वारा लक्ष्य का 79.10 प्रतिशत कार्य पूरा है। फार्मर रजिस्ट्री अभियान की शुरुआत 5 नवंबर 2024 से की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान प्रगति के अनुसार 2,28,36,658 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि 60,33,837 किसानों का पंजीकरण अभी शेष है।

वर्तमान प्रगति के आधार पर किसानों की आईडी निर्माण प्रक्रिया 20 अगस्त तक पूर्ण होने का अनुमान है। सरकार का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि अनुदान, ऋण सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके।

सरकार की प्राथमिकता केवल पंजीकरण तक सीमित नहीं है बल्कि भूमि और किसानों के रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना भी है। अंश निर्धारण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अंश निर्धारण का कार्य 87.19 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इससे भूमि रिकॉर्ड की शुद्धता बढ़ेगी और भविष्य में विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री उत्तर प्रदेश की कृषि व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकती है। इससे सरकार को वास्तविक किसानों की पहचान करने, योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और कृषि आधारित नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। डिजिटल गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाओं और डेटा आधारित योजना क्रियान्वयन के जरिए उत्तर प्रदेश को आधुनिक और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री अभियान को भी व्यापक परिवर्तन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है, जो आने वाले समय में प्रदेश के करोड़ों किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

# इण्टरनेशनल ओलम्पियाड में सी.एम.एस. शिक्षिका को विश्व में प्रथम रैंक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की शिक्षिका सुश्री नम्रता यादव ने इण्टरनेशनल मैथ्स टीचर्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय प्रथम रैंक अर्जित कर विश्व पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपी एजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया, जिसमें विश्व के 25 से अधिक देशों के 20,000 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सुश्री नम्रता यादव की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल



भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना बताया कि सी.एम.एस. शिक्षिका सुश्री नम्रता यादव की यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को भी दर्शाती है।

श्री खन्ना ने बताया कि ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन उत्कृष्ट शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है जो अपनी कक्षाओं में रचनात्मकता, ज्ञान और कौशल से भावी पीढ़ी के उज्वल भविष्य हेतु सदैव समर्पित हैं। उन्होंने आगे कहा कि सी.एम.एस. के 67 वर्षीय शैक्षिक सफर में विद्यालय के शिक्षकों ने कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।

## खबरें एक नजर में

### कुलपति को भेंट की गांधी विचार



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर पी बी सिंह को संकल्प भारत शोध न्यास द्वारा प्रकाशित पुस्तक शगांधी विचार भेंट की गई। इस पुस्तक का संपादन डॉ स्वप्निल यादव ने तथा सह संपादन ललित हरि मिश्रा ने किया है। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से संबंधित 15 शोध लेख प्रकाशित हैं। पुस्तक का विमोचन गत वर्ष शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के करकमलों द्वारा किया गया था। पुस्तक की विशेषता यह है कि यह प्रथम पुस्तक है जिसमें शोध के आधार पर गांधी जी को विदेह संबोधित किया गया है। पुस्तक अनुराग यादव एवं ललित हरि मिश्रा के द्वारा कुलपति महोदय को भेंट की गई।

### गर्मी के मौसम में इंसानियत और समाज सेवा सबसे बड़ा धर्म




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों का जनजीवन बेहाल है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने लोगों की राहत के लिए सराहनीय पहल की है। उन्होंने कस्बा सिधौली में राहगीरों, दुकानदारों, बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए ठंडे शीतल जल की व्यवस्था कराई है। कस्बे में नीरज गुप्ता की दुकान के समीप लगाए गए शीतल जल सेवा केंद्र पर लगातार लोगों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। तेज गर्मी में यहां से गुजरने वाले राहगीर रुककर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच यह व्यवस्था लोगों के लिए काफी राहत देने वाली साबित हो रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर ठंडा पानी पी रहे हैं। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में इंसानियत और समाज सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि जब तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा तब तक शीतल जल सेवा लगातार जारी रहेगी, ताकि किसी भी राहगीर को प्यास से परेशान न होना पड़े। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि गर्मी में जरूरतमंदों की मदद करें और मानव सेवा के कार्यों में आगे आएं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलती है।

### शादी समारोह में बेटर की जिम्मेदारी टेंट कारोबारियों की होगी: कारीगर



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कस्बे के नकाशा बाजार में शादी समारोहों में खाना और मिठाई बनाने वाले कारीगरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें शादी और बारात कार्यक्रमों में कार्य व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कारीगरों ने एकमत होकर कहा कि अब शादी समारोहों में बेटर (वेटर) की जिम्मेदारी खाना बनाने वाले कारीगरों की नहीं होगी। कारीगरों का कहना था कि उनका कार्य केवल भोजन और मिठाई तैयार करना है, जबकि मेहमानों को खाना परोसने की व्यवस्था टेंट कारोबारियों या स्वयं आयोजकों द्वारा की जानी चाहिए। कारीगरों ने बताया कि कई बार शादी समारोहों में बेटर की कमी या व्यवस्था को लेकर विवाद की स्थिति बन जाती है, जिससे भोजन बनाने वाले कारीगरों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि आगे से जिस भी शादी या कार्यक्रम का आयोजन होगा, उसमें बेटर की व्यवस्था टेंट संचालक स्वयं करेंगे या फिर संबंधित पार्टी अपनी तरफ से व्यवस्था करेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि इससे कार्यों का स्पष्ट बंटवारा होगा और कार्यक्रमों में बेहतर व्यवस्था बनी रहेगी। इस दौरान गंगाराम, सोनू सक्सेना, मनीराम, रामू, रामजी, सर्वेश कुमार, रिंकू, बादशाह, कमलेश कुमार, अनुज कुमार, रामनिवास, जवाहरलाल, मुकेश कुमार सहित कई कारीगर मौजूद रहे।

### आवारा साँड़ों के हमले में पूर्व पीएसी जवान गंभीर घायल



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम खिरिया में आवारा साँड़ों के आतंक ने एक वृद्ध की जिंदगी को संकट में डाल दिया। गांव निवासी एवं पूर्व पीएसी जवान रामदास शुक्ला 19 तारीख की रात लगभग 12 बजे अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे थे। तभी आपस में लड़ते हुए दो साँड़ अचानक उनके ऊपर जा गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में वृद्ध के जबड़े एवं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और प्रशासन के प्रति नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा गायों और साँड़ों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। गांवों को अभिलेखों में गोवंश मुक्त दिखा दिया जाता है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। गौरतलब है कि पूर्व में जिलाधिकारी महोदय द्वारा गांवों में आवारा गायों और साँड़ों के दिखाई देने पर कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका असर नजर नहीं आ रहा है। अब इस घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# कलेक्ट्रेट में एचएलबी कार्य पूर्ण वाले 40 प्रगणक सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनगणना-2027 के अंतर्गत 22 मई से 20 जून तक संचालित मकान गणना एवं मकान सूचीकरण अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत एचएलबी कार्य पूर्ण वाले प्रगणकों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम वित्त की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 40 प्रगणकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा सभी कार्मिकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में सभी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।जिला जनगणना अधिकारी-एडीएम वित्त ने बताया कि मकान गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शेष कार्य भी पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम की अभिप्रेरणा, कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप स्वगणना अभियान में जनपद शाहजहांपुर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। इसी क्रम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण ÷मकान गणना÷ कार्य, जो दिनांक 22 मई से प्रारंभ हुआ है, में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों का जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिन प्रगणकों द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया, उन्हें डीएम ने अपने कर-कमलों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे जनपद में सर्वप्रथम अनुराग यादव जी ने 100 से अधिक भवनों वाले भ्स्ठ का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर उमेश कुमार तथा तृतीय स्थान पर राकेश बहनवाल रहे। इस मौके पर जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने समस्त प्रगणकों का उत्साहवर्धन एवं मनोबल बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सभी प्रगणकों की मेहनत, निष्ठा एवं समयबद्ध कार्यशैली जनपद शाहजहांपुर को नई पहचान दिला रही है। उन्होंने सभी को आगामी चरणों में भी इसी ऊर्जा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रगणक अनुराग यादव, उमेश कुमार, राकेश बहनवाल, संजीव राठौर, शिवेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, सत्यान पाल सिंह, श्याम सिंह, राजपाल, अतुल कुशवाहा, परवीर कुमार, सुरेश कुमार, अहमद हसन रजा खान, मोहित वर्मा तथा जिला फील्ड ट्रेनर एवं टेक्निकल सहायक के रूप में अनुप बरनवाल एवं श्री मुकेश कुमार जी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर आदेश कुमारी, आयुषी दुबेदी, ऋचा सिंह, प्रिया रानी, आकांक्षा पांडे तथा पूनम रानी वर्मा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य को पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों की सराहना की गई।

# सारी व्यवस्थाएं रहें दुरुस्तः प्रो. आजाद

▸ बी.एड. प्रवेश परीक्षा संबंधी बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026, जोकि 31 मई को आयोजित होनी है, के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के सभी केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं केंद्रों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर परीक्षा के जनपद समन्वयक प्रो आर के आजाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष की बीएड प्रवेश परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के द्वारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा 31 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक रहेगी। उन्होंने सभी केंद्राध्यक्षों को परीक्षा से संबंधित समस्त आवश्यक दिशानिर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की बीएड प्रवेश परीक्षा शाहजहांपुर में सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इनमें 2 केंद्र जी एफ कॉलेज में, 2 केंद्र एस एस कॉलेज में, 1 केंद्र आर्य महिला डिग्री कॉलेज, 1 केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज एवं 1 केंद्र स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में बनाया गया है। इन केंद्रों पर कुल 2995 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो पर्यवेक्षकों एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। उन्होंने पर्यवेक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा से संबंधित पैकेटों को खोलने का कार्य एवं परीक्षा के उपरांत सीलिंग का कार्य उनकी उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा से संबंधित विभिन्न पैकेटों की पैकिंग, परीक्षार्थियों की फिस्किंग, बॉयोमेट्रिक, कैमरा इंस्टालेशन से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि सभी केंद्राध्यक्ष परीक्षा से एक दिन पहले सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करके समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त कक्ष निरीक्षकों के साथ ब्रीफिंग करके उन्हें उनके दायित्वों से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असुविधा महसूस होने पर केंद्राध्यक्ष तत्काल नोडल समन्वयक से संपर्क करें। इस मौके पर प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो कमलेश गौतम, प्रो मोहम्मद सलीम खान, डॉ मोहम्मद अरशद खान, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रमोद यादव, कमलेश त्रिवेदी सहित सभी केंद्रों के केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### बिना सहमति खेत में लगाए हाईटेंशन लाइन के पोल, किसान ने उठाए सवाल

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव सिल्हुआ निवासी किसान शिवानंद शुक्ला ने विद्युत विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। किसान का कहना है कि उनके कृषि खेत में बिना पूर्व सूचना और अनुमति के हाईटेंशन लाइन के पोल स्थापित कर दिए गए हैं। शिकायत के अनुसार खुटार खास स्थित खेत में धान और गेहूं की खेती की जाती है। आरोप है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों और ठेकेदार ने अचानक खेत में पहुंचकर पोल गाड़ दिए, जबकि लाइन को दूसरी दिशा से भी निकाला जा सकता था। किसान का कहना है कि विभाग की ओर से न तो कोई सहमति ली गई और न ही उन्हें पहले से अवगत कराया गया। पीड़ित किसान ने बताया कि उनके खेत से पहले ही कई विद्युत लाइनें गुजर रही हैं और खेत में अनेक पोल खड़े हैं। इससे खेती प्रभावित होने के साथ-साथ फसल में आग लगने का खतरा भी बना रहता है। उनका आरोप है कि लाइन में फाल्ट होने पर निकलने वाली चिंगारियां कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में 11 हजार वोल्ट की लाइन से निकली चिंगारी के चलते गेहूं की पराली में आग लग गई थी, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ी थी। किसान ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, खेत में लगाए गए नए पोल हटवाने और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हरेंद्र कुमार उपखंड अधिकारी विद्युत उपकेंद्र खुटार ने बताया कि किसान के द्वारा दिया गया शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है अवर अभियंता को जांच के लिए कहा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रह्मदेव स्थान पर लगाया विशाल भंडारा



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला कायस्थान में ब्रह्मदेव स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई पौराणिक परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे की शुरुआत की गई भंडारे की शुरुआत होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी भीषण गर्मी के बावजूद शिव भक्तों में भक्ति और सेवा का उत्साह साफ दिखाई दिया क्षेत्र के सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण लाभ अर्जित किया शिव भक्तों ने क्षेत्र की तरक्की के लिए भी मंगल कामना की। भंडारे की आयोजन के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, झब्बूलाल, गुड्डू, उमाशंकर आदि भक्ति मौजूद रहे।

## लीड कान्वेंट स्कूल में समर कैंप की धूम, 10 दिवसीय प्रशिक्षण जारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लीड कान्वेंट स्कूल में इन दिनों 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। 19 मई से शुरू हुए समर कैंप में बच्चों के लिए सीखने के साथ-साथ मस्ती और आनंद की पाठशाला सजी हुई है। यह कैंप न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि उन्हें एक रचनात्मक मंच भी प्रदान कर रहा है। ष्विविध गतिविधियों का चल रहा है प्रशिक्षण कैंप में 2 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार तीन अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया है। यहाँ बच्चों को निम्नलिखित गतिविधियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक एवं कौशल विकासरू मार्शल आर्ट, योग, व्यायाम और विभिन्न खेल। विद्यालय की प्रधानाचार्या तराना जमाल ने बताया कि सुबह 8 से 10 बजे तक संचालित इस कैंप में बच्चों की रुचि का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, ष्हमारा उद्देश्य यह है कि छुट्टियों के दौरान बच्चे न केवल मनोरंजन करें, बल्कि कुछ नया सीखें भी। कैंप में गीत-संगीत, डांस, मल्टी-गेम्स और मूवी शो के माध्यम से बच्चों को भरपूर मनोरंजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय की समर्पित टीम है। कार्यक्रम में मार्शल आर्ट गुरु नादिर खान,शिक्षिका श्रीती सिंह, फराह खान, चांदनी अनवर, नीतू सक्सेना, आस्था मिश्रा का योगदान रहा।

# आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई के नेतृत्व में सैकड़ो दिव्यांग जनों ने कचहरी पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायव तहसीलदार को सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने बताया जिले के दिव्यांगजन आज भी विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। जहां भी जाते हैं, तिरस्कार ही मिलता है। दिव्यांगजनों का कहना है कि उनकी आय का एकमात्र स्रोत दिव्यांग पेंशन है। उसी से अधिकांश दिव्यांग अपना और परिवार का गुजारा कर रहे हैं। दिव्यांगजनों ने मांग उठाई कि यदि सरकार नाम के साथ-साथ उनके हाथ भी मजबूत करती, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर देती, तो वे परिवार सहित सम्मान से जीवन-यापन कर पाते। फिलहाल पेंशन की सीमित राशि में घर चलाना मुश्किल हो रहा है। इस उद्देश्य से समिति के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने अपनी प्रमुख माग में नायब तहसीलदार को बताया कि यदि जिला प्रशासन दिव्यांग जनों के सहायतार्थ दस बीघा ग्राम समाज की भूमि समिति में उपलब्ध करवा दी जाए जो हमारी समिति अपने स्तर से दिव्यांग आश्रय स्थल एवं कुटीर उद्योग की स्थापना कराकर दिव्यांग जनों को रोजगार परक बनाकर उनके हाथ मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप दिव्यांगजन महेश सिह, सावित्री, वेदराम प्रजापति, श्रीकान्त प्रजापति, राम सागर प्रजापति, ज्योति प्रजापति, जरीना, पूष्पा, दारा सिंह, राम कुमार, शेरवहादुर सिहं, तौलेराम, अमरेश कुमार, शिवानी, प्रेमपाल, कृष्ण मुरारी, भगवन दास, आशाराम, रनवीर, प्रेमपाल, छोटे लाल, संतराम, मुन्नी देवी, घोरे लाल, विकाश, कल्लू, कमल किशोर, अमर सिहं, मथुरा प्रसाद, रामचन्द्र, रतनपाल, मोहन लाल, बाबूराम, अहिवरन लाल, नन्हे लाल, राजेश, रामगोपाल, धीरज कुमार, राजीव कुमार, वेदराम, ओमप्रकाश, सुखवीर आदि मौजूद रहे।

## मनीषी ताइक्वांडो के खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मनीषी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन के छात्र-छात्राओं को द्वितीय स्वामी विवेकानंद ओपन नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता के प्रमाण-पत्र प्राप्त संस्था को प्राप्त होने के उपरांत ए.बी.रिच मिशन स्कूल इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ताइक्कांडो खिलाड़ी, पार्षद एवं नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य मनीष गुप्ता व संस्था के महासचिव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो ग्रैंडमास्टर डॉ. पुनीत मनीषी ने खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता ने अपने खिलाड़ी जीवन की यादों को साझा करते हुए कहा कि ताइक्कांडो केवल आत्मरक्षा की कला नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि एक एक्सीडेंट के बाद उनके ताइक्कांडो सीखना छूट गया था लेकिन उनका जुड़ाव आज भी इस खेल की तरफ है। ताइक्कांडो खेल एक सशक्त माध्यम है जिससे बच्चे अपने अंदर आत्मविश्वास की ऊर्जा का संचार करते हुए इसमें राज्य से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी बनते हैं और मानसिक रूप से जो मजबूती खिलाड़ियों में आती है वह उन्हें दूसरे जगह पर सबसे अलग बनाती है। उन्होंने समाज से आवाहन किया की आज के युग में इस कला को सिखाने छात्रों के साथ-साथ छात्रों के लिए माता-पिता को आगे आना चाहिए। आज के समय में बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि खेल उन्हें शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ जीवन में संघर्ष करने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास एवं मेहनत के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। एसोसिएशन के महासचिव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो ग्रैंडमास्टर डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनमें आत्मरक्षा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों को ताइक्कांडो प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए संस्था निरंतर प्रयासरत रहेगी। इस अवसर पर युवराज रस्तोगी, अर्णव, पवित्र, अर्चित गोयल, अविका श्रीवास्तव मनीषी, हरजप, निशा, अलकमा, खुशबू, किरन,खुशी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में ताइक्कांडो के खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट व विभागीय योजनाओं के विषय में जागरूकता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लॉक कांट की ग्राम पंचायत रावतपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 व विभागीय योजनाओं के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीएम व सीडीओ के निर्देशन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बताया कि गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और लिंगानुपात में सुधार लाना है। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर श्यहाँ लिंग जांच नहीं की जातीश् का बोर्ड लगाना अनिवार्य है। पहली बार अपराध करने पर 3 वर्ष तक की कैद और 50 हजार रुपये तक जुर्माना है। दूसरी बार अपराध पर 5 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है। साथ ही दोषी डॉक्टर का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है। अमृता ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या है जघन्य अपराध, लिंग जांच के बाद गर्भपात कराना भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या के समान है। इसके लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति, डॉक्टर या दलाल लिंग जांच की बात करता है तो उसकी सूचना सीएमओ कार्यालय, महिला हेल्पलाइन 181, 1090 या स्वास्थ्य हेल्पलाइन 104 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। सही सूचना पर सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का पुरस्कार भी दिया जाता है। कानून के साथ समाज की सोच बदलना भी जरूरी है। बेटा-बेटी में भेदभाव खत्म होगा तभी लिंग जांच जैसी कुप्रथा रुकेगी। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, सीडीपीओ पूनम, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तपती धूप में सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवानों का सम्मान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम के भाजपा पार्षद जगदीश सिंह कुशवाहा ने भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। उन्हें धूप से बचने के लिए छाता और ठंडे पानी की बोतलें देकर उनका हौसला बढ़ाया और उनकी निरूस्वार्थ सेवा के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी परवाह न करके ड्यूटी का निर्वहन कर जनता की सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने का कार्य किया जा रहा है। जोकि सच में बड़ी हिम्मत का कार्य है, ऐसे जवानों को सैल्यूट करता हूँ।

## खबरें एक नजर में

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता से मिलकर अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समायोजन प्रक्रिया जो वर्तमान में गतिमान है उसमें शिक्षकों द्वारा जो आपत्तियां दी गई हैं उन पर न्यायोचित कार्रवाई करते हुए संशोधित सूची जारी कर नियमानुसार समायोजन करने की मांग की गई। शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक पूर्ण मनोयोग से बीएलओ ड्यूटी में लगे होने के बावजूद जनगणना ड्यूटी कर रहे हैं अतः अवकाश के दिनों में कार्य करने के फल स्वरूप उन्हें 22 मई से 20 जून 2026 तक का उपार्जित अवकाश दिया जाए। प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की ड्यूटी उनके कार्य स्थल से दूर लगाए जाने के कारण प्रत्यावेदन देने के पश्चात भी अगर उनकी ड्यूटी का स्थान नहीं बदला है अथवा किसी विशेष समस्या के कारण के बाद भी उनकी ड्यूटी नहीं काटी गई है जिसके फलस्वरूप उनके द्वारा ड्यूटी नहीं की जा सकी है तो कोई विभागीय कार्रवाई न की जाए। जिन शिक्षकों का निरीक्षण के दौरान एक दिन का वेतन अवरोध किया गया हो अथवा वेतन वृद्धि रोकी गई है उनके द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण दिए जाने के पश्चात उन पर की गई कार्यवाही को अतिशीघ्र समाप्त किया जाए जिससे जुलाई माह में ससमय वेतन वृद्धि लग सके। प्रतिनिधि मंडल में जिला संरक्षक महेंद्र पाल सिंह, जिला मंत्री विजय प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हाइवे पर ई रिक्शा से टक्कर में बाइक सवार भाई बहन घायल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे पर ई रिक्शा व बाइक की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार बहन भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को दोपहर करीब दस बजे हाइवे पर रोज़ा साइड आ रहे ई रिक्शे से सामने से आ रही बाइक की मंडी स्थल के समीप टक्कर हो गई। बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। मौके पर पहुंचे एसआई प्रमोद कुमार व कांस्टेबिल तुषान्त चौधरी ने तत्काल घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जिसमें घायल जगवीर पुत्र रामेश्वर उम्र 31 निवासी जौराप्टी थाना गढ़िया रंगीन व उनकी बहन मोनी पत्नी अनिल कुमार निवासी करकट थाना वजीरगंज बदायूं शामिल हैं। जगवीर ने बताया कि वह बहन के साथ शाहजहांपुर से कोर्ट में तारीख कर वापस लौट रहा था।

### नवागत सब-रजिस्ट्रार ने संभाला कार्यभार, अरुण को दी गई विदाई



**शाहजहांपुर।** शासन की ओर से यूपी में किए गए सब-रजिस्ट्रार तबादलों में शाहजहांपुर की सदर में तैनात सदर सब-रजिस्ट्रार अरुण कुमार गुप्ता का सब-रजिस्ट्रार प्रथम बरेली पद पर स्थानांतरण हो गया था। उनके स्थान पर सोमवार को नवागत सब-रजिस्ट्रार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने लालगंज रायबरेली से आकर चार्ज ग्रहण कर लिया है। उन्होंने चार्ज संभालने के बाद ऑफिस के कामकाजों का अवलोकन किया। साथ ही अधीनस्थों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश। वहीं बरेली स्थानांतरित हुए सब-रजिस्ट्रार अरुण कुमार गुप्ता को आफिस स्टाफ ने फूल माला पहनाकर विदाई दी। बता दें कि उनका शाहजहांपुर कार्यकाल 17 जुलाई 2021 से 25 मई 2025 तक रहा।

### जहां सपनों को मिलती सही दिशा, वहीं से निकलते हैं सफलता के नए इतिहास



**शाहजहांपुर।** विजन इंटरनेशनल स्कूल (डोरमेंस इंटरनेशनल स्कूल) में आयोजित मर्चेंट नेवी भर्ती परीक्षा विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि साबित हुई। देश की प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा विद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया जाना विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक व्यवस्था, अनुशासन, विश्वसनीयता एवं प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण माना जा रहा है। मर्चेंट नेवी वर्तमान समय में युवाओं के लिए अत्यंत प्रतिष्ठित एवं लग्जरी करियर विकल्प के रूप में उभर रही है। इस क्षेत्र में युवाओं को आकर्षक वेतनमान, उच्च जीवनशैली, अंतरराष्ट्रीय अवसर, सुरक्षित भविष्य एवं सम्मानजनक पहचान प्राप्त होती है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य देख रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या दीपमाला रस्तोगी ने बताया कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट करियर अवसर उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। परीक्षा आयोजन को सफल बनाने में अंशिका बाथम, मानसी रोहरा, चारू अग्निहोत्री का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

### खिरनी बाग रामलीला मैदान में लगे ऊंचे झूलों से सावधानी बरतें



**शाहजहांपुर।** खिरनी बाग रामलीला मैदान में लगे ऊंचे झूलों में झूला झूलने बचे, क्योंकि मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि कभी भी आंधी आ सकती है, ऐसे में हादसा होने की भी संभावना है। पिछली बार आंधी में ओसीपीएफ मैदान में लगा भारी झूला टूट कर गिर गया था, उस समय बड़ा हादसा होते टला था। बताते कि खिरनी बाग मैदान में नुमाइश लगायी गयी है। जिसमें काफी उंचे झूले भी लगाए गए है। इस समय गर्मी का मौसम है। आज मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि धूल भरी आंधी आ सकती है, ऐसे में यदि झूला चलता हुआ या आंधी के दौरान झूले के पास लोग हुए, कहीं झूला टूट गया, तो हादसा होने की संभावना बनी हुई। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है आखिर इतने उंचे झूले को परमीशन कैसे मिल जाती है। दिल्ली एनसीआर में भारी मौसम अलर्ट धूल भरी आंधी का अलर्ट, येलो अलर्ट जारी किया। बताया गया कि 50 किमी प्रति घंटा तक तेज हवाएं चल सकती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तेज हवा और आंधी के दौरान अस्थायी रूप से लगाए गए ऊंचे झूले खतरा बन सकते हैं। ऐसे में प्रशासन को झूलों की तकनीकी जांच कराने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। साथ ही प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और एहतियात बरतने की भी मांग की है।

### विद्युत विभाग के खिलाफ धरना पर बैठे किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा, समस्या के समाधान का मिला आश्वासन

**पीलीभीत।** पूरनपुर और आसपास के गांव में बिजली की अघोषित कटौती को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता पूरनपुर विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां पर भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसान जमीन पर ही दरी फटी बिछाकर धरने पर बैठ गए। काफी देर तक किसान विरोध प्रदर्शन करते रहे लेकिन मौके पर समस्या का समाधान नहीं हुआ। अंत में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता बिना समस्या के समाधान के ही मौके से चले गए। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला अध्यक्ष भजन लाल क्रोधी की अगुवाई में पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे यहां पर भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा पूरनपुर और शेरपुर कला समेत क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती को लेकर जमकर हंगामा काटा। बाद में पूरनपुर एसडीएम, विद्युत एसडी ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समस्या का समाधान जल्द करने का आश्वासन देकर मामले को शांत करवा दिया। अब सवाल है कि किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद सिर्फ कार्रवाई आश्वासन पर आकार कैसे अटक जाती है। किसानों की समस्याओं का समाधान तुरंत क्यों नहीं किया जाता है।

# एसडीएम व सीओ ने रात में छापामारकर पकड़े रेत व मिट्टी खनन के वाहन

- डंपर, जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनन अधिकारी ने किया सीज, खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देश पर एसडीएम जीत सिंह राय व सीओ इशिका सिंह ने अवैध खनन के खिलाफ क्षेत्र में टीमें बनाकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें बालू भरी ट्रेक्टर ट्रॉली के अलावा मिट्टी भरा एक डंपर व जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया गया। जिसे जिला खनन अधिकारी द्वारा सीज कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

एसडीएम जीत सिंह राय ने सीओ इशिका सिंह के साथ बंधा रोड पर देर रात छापा मार कर मिट्टी खनन में लिप्त मिट्टी भरा एक डंपर पकड़ लिया। इसी तारतम्य में उन्होंने एक जेसीबी मशीन को भी कब्जे में ले लिया। एसडीएम जीत सिंह राय व सीओ इशिका सिंह द्वारा पकड़े गए वाहनों को जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने सीज करते हुए कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसी क्रम में एसडीएम के निर्देश पर एक दिन पूर्व रात्रि में की गई छापामार कार्रवाई में विरसिंग पुर क्षेत्र से नायब तहसीलदार मनु माथुर ने एक बिना नम्बर का लाल रंग के ट्रेक्टर से जुड़ी रेत भरी ट्रॉली को पकड़ लिया। जिसे तिलहर कोतवाली लाया गया। उक्त ट्रेक्टर ट्रॉली को भी खनन अधिकारी द्वारा सीज कर दिया गया। गौर तलब है कि तीन दिन पूर्व एसडीएम ने सीओ इशिका सिंह के सानिध्य में खुदागंज क्षेत्र में मिट्टी खनन कर जा रहे चार ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। जिन्हें खुदागंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था। फिलहाल अधिकारियों की छापेमारी से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। चर्चा है कि खनन माफियाओं के आकाओं ने प्रशासन पर काफी दबाव बनाया, लेकिन प्रशासन ने बिना किसी दबाव के उन्हें सीज करबा दिया। गौर तलब है कि खनन माफियाओं पर खनन विभाग की ओर से सीधे कार्यवाही नहीं की जा रही। बल्कि प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर खनन पर अंकुश लगाने की प्रभावी कार्यवाही धरातल पर नजर आने लगी है।

# खाटू श्याम के दिव्य दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

- विशाल भंडारे का आयोजन, भक्तों ने लगाई अरदास

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा क्षेत्र स्थित ग्राम उदियापुर में बाबा खाटू श्याम का दिव्य दरबार इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां प्रत्येक सोमवार और बृहस्पतिवार को विशेष दिव्य दरबार का आयोजन किया जाता है, जबकि प्रतिदिन सुबह-शाम बाबा की आरती एवं ज्योत प्रज्वलित की जाती है। दिव्य दरबार के महंत भैया राम गोविंद ने बताया कि दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां पहुंचते हैं और बाबा की कृपा से प्रसन्न होकर लौटते हैं। उनका कहना है कि आज तक कोई भी श्रद्धालु यहां से निराश नहीं गया। थाना पुवायां क्षेत्र से लगभग 80 से 85 श्रद्धालु पैदल यात्रा कर उदियापुर खाटू श्याम दरबार



पहुंचे। इस दौरान भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। दरबार में बरेली, बदायूं, पीलीभीत सहित कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत ने स्पष्ट कहा कि यह दरबार केवल श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता।

## ढाईघाट में गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** सोमवार को ढाईघाट गंगातट पर गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और लू के थपेड़े भी आस्था के इस जनसैलाब को रोक नहीं सके। प्रातः चार बजे से ही हर हर गंगे के उदघोष के साथ शुरू हुआ गंगास्नान का क्रम सांय चार बजे तक चलता रहा। फर्रुखाबाद जिले के थाना शमशाबाद पुलिस ने चार पहिया और ट्रैक्टर ट्रालियों से गंगातट पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात के लिए मेले से लगभग एक किलोमीटर पहले ही ग्राम जैतपुर की मोड़ के समीप वाहनों की पार्किंग करवा दी। जिससे धूप में आग उगलती सड़क पर लू के थपेड़े खाते हुए बुजुर्गों और महिलाओं बच्चों को पैदल ही गंगातट तक जाना पड़ा। गंगा मां के पृथ्वी पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर गंगा पुरोहितों को अन्न, वस्त्र, फल, मिष्ठान और नकद मुद्रा दानकर पुण्य लाभ अर्जित किया। तमाम श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करवाकर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। गंगास्नान और दान पुण्य का यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर गंगातट पर लगे मेले में महिला श्रद्धालुओं ने श्रृंगार सामग्री के साथ घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तुओं की खरीददारी की। मेले में पेयजल की बेहद कमी देखी गई। प्यास बुझाने के लिए श्रद्धालुओं को संतों के स्थाई आश्रमों में लगे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। ढाईघाट गंगातट पर प्रत्येक माह की अमावस्या और पूर्णिमा पर गंगास्नान का विशाल मेला लगता है। इन मेलों में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा प्रशासन अन्य कोई व्यवस्था नहीं करता है।

## जनसुनवाई में पहुंचे बालक ने डीएम को सुनाया गीता पाठ एवं श्लोक



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई के दौरान एक बालक ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक एवं गीता पाठ सुनाया। बालक द्वारा स्पष्ट उच्चारण एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रभावित हुए।डीएम ने बालक की प्रतिभा एवं धार्मिक-सांस्कृतिक ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ी ऐसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बालक को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर अध्ययन एवं अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों ने भी बालक के आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति की प्रशंसा की।

## वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का हुआ शुभारंभ

- डॉ अवधेश मणि, जीसी मिश्रा व आशाराम गुप्ता ने किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए पाँच दिवसीय निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का आज शुभारंभ हो गया। खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में आयोजित किये जा रहे इस शिविर का शुभारंभ जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, उप प्रधान व शिविर संयोजक जीसी मिश्रा तथा आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से



महर्षि पतंजलि के चित्र व अमर बलिदानी पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तदोपरांत जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, विपिन रस्तोगी व राजेश दीक्षित एड. ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयोगी आसनों का अभ्यास कराया। यह शिविर 29 जून तक प्रातः 5 बजे से 6.45 बजे तक नियमित संचालित होगा। जिला मन्त्री के संचालन में आयोजित हुए कार्यक्रम में अरुण कुमार दीक्षित, स्वतन्त्र कुमार रस्तोगी, संध्या गुप्ता, संजय सक्सेना, गीता पांडे, डॉ सारिका अग्रवाल, राजीव वर्मा, प्रेम सागर, राकेश मिश्रा, डॉ राजीव कुमार वर्मा, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, ललित मोहन, सौरभ गोयल, संतोष विश्वकर्मा, दक्ष शर्मा, राजवीर सिंह यादव, अर्चना दीक्षित, सरोज कश्यप, प्रवीण मिश्रा, श्यामली, निमिषा मिश्रा, कुसुमलता मिश्रा, रेखा कुशवाहा, नीलेश सक्सेना, कौशल शुक्ला, सीमा रस्तोगी, अमरीश रस्तोगी आदि ने योगासनों का अभ्यास किया।

## केमिस्ट वेलफेयर एसो. के साथ ड्रग इंस्पेक्टर ने की बैठक

- फुटकर व थोक दवा विक्रेताओं को दिए मानक पूरे रखने के निर्देश

**तिलहर-शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ पीरमोहम्मद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने मेडिकल दुकानदारों को विभाग द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा रखने के निर्देश दिए।

सोमवार दोपहर एक बजे नगर के बेलकम मैरिज हॉल में एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ पीर मोहम्मद अंसारी ने कहा कि सभी दवा व्यापारियों को शासनादेश एवं औषधि विभाग के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। संबंधित दस्तावेज व मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं भी मुकम्मल रखनी चाहिए। ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने मेडिकल दुकानदारों को मानक पूरा करने के लिए एच-वन रजिस्टर, कैश मेमो एक्सपायरी दवाओं का कॉलम के साथ साथ दुकान पर फ्रिज, ड्रग लाइसेंस की छायाप्रति जो कि दुकान पर चस्पा रहे। उन्होंने दुकानों पर लैपटॉप एवं प्रिंटर रखने तथा सीसीटीवी कैमरा लगबाने पर भी बल दिया। बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी, महामंत्री पवन सहाय, उपाध्यक्ष फरीद मोहम्मद, राजवीर गंगवार, विक्की, नगर सचिव बाबर, पप्पू , नौशाद, एक्शन कमेटी अध्यक्ष खलीक अहमद ,जिला कमेटी सदस्य अरुण कुमार रस्तोगी, अमानुल्ला अंसारी के अलावा तमाम सदस्य शामिल रहे।

## कुरिया कलां में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**कुरिया कलां, शाहजहांपुर।**

ग्राम व पोस्ट कुरिया कला में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कथावाचन घनेश्वर मिश्रा द्वारा किया जायेगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करने की अपील की है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम कुरिया कला स्थित मां भगवती फूलमती मंदिर परिसर में वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। कथा कार्यक्रम का शुभारंभ 25 मई 2026, सोमवार को



कलश यात्रा के साथ हुआ। इसके बाद 31 मई रविवार तक प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 1 जून 2026, सोमवार को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# मुठभेड़ में गोली लगने से चोर व सिपाही घायल

- बीस दिन पूर्व शराब की दुकान में की थी चोरी, एक गिरफ्तार, नकदी, शराब के 90 पौआ व असलहा बरामद

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार की देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से एक आरोपी सहित एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर जमुका में बीस दिन पूर्व हुई सरकारी देशी शराब की दुकान पर हुई चोरी का रोजा पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। पुलिस ने घायल चोर व सिपाही को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं। ज्ञात हो कि बीस दिन पूर्व जमुका में रामजी गुप्ता की सरकारी शराब की दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर करीब एक लाख रुपए की देशी शराब की पेटिया चुराकर फरार हो गये थे। रविवार की देर रात मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की घटना करने वाले चोर रेलवे मैदान रोजा के पास मौजूद हैं। सूचना पर थाना रोजा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा चोरों की घेराबंदी कर तलाश की गई। पुलिस टीम को अपने निकट आता देखकर चोरों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दिया, जिससे एक पुलिस आरक्षी घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में सियानन्द पुत्र गजेन्द्र पाल निवासी ग्राम इटोरिया शिवपुरी, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से सियानन्द एवं अवनीश पुत्र फकीरे निवासी सेरहा पुख्ता, थाना दातागंज, जनपद बदायूं को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने इनके कब्जे से एक अदद तमंचा, दो अदद जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा कारतूस, चोरी के सामान को बेचने से प्राप्त आठ हजार रूपए नगद, चोरी की 90 अदद पौआ शराब तथा चोरी में प्रयुक्त एक सरिया बरामद की हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सियानन्द के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 15 से अधिक तथा अवनीश के विरुद्ध 07 से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। मुठभेड़ में घायल अभियुक्त सियानन्द एवं घायल आरक्षी को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोगों को हजम नहीं हो रही पुलिस की मुठभेड़

**रोजा।** थाना शहर कोतवाली के बिजलीपुरा निवासी रामजी गुप्ता की सीतापुर हाईवे पर स्थित जमुका में सरकारी देशी शराब की दुकान का शटर तोड़करअज्ञात चोर 4/5 मई की रात दुकान में रखी करीब एक लाख रुपए से अधिक की शराब की पेटियां चुराकर फरार हो गये थे। रविवार की रात रोजा पुलिस ने मुठभेड़ में पुलिस ने इनके कब्जे से एक अदद तमंचा, दो अदद जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा कारतूस, चोरी के सामान को बेचने से प्राप्त आठ हजार रूपए नगद, चोरी की 90 अदद पौआ शराब तथा चोरी में प्रयुक्त एक सरिया बरामद की हैं। करीब 28 पेटियों में मात्र 90 पौआ शराब और मात्र आठ हजार रूपए की बरामदगी दिखाना, कहीं न कहीं रोजा पुलिस की नाकामी छुपाकर को दर्शाती हैं। फिलहाल लोगों ने मुठभेड़ पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिये।

### कुलपति ने किया लॉ कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध लॉ कॉलेज का निरीक्षण कर कालेज की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधि शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक संसाधनों तथा अधोसंरचनात्मक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं छात्रोपयोगी बनाने पर विशेष बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह अपराह्न लगभग चार बजे एस. एस. कॉलेज की वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल के साथ लॉ कॉलेज पहुंचे। आगमन पर डॉ. जय शंकर ओझा, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. रंजना खंडेलवाल, डॉ. दीप्ति गंगवार, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, शिव ओम शर्मा एवं गौरव गुप्ता सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने पुस्तकालय, मूट कोर्ट, कॉन्फ्रेंस हॉल, स्मार्ट क्लासरूम तथा अन्य शैक्षणिक इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने विधि अध्ययन को व्यवहारिक एवं शोधपरक बनाने के उद्देश्य से संसाधनों के आधुनिकीकरण, अध्ययन-अध्यापन की प्रभावशीलता तथा अकादमिक वातावरण को और समृद्ध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. जे. एस. ओझा ने विधि संकाय के समस्त शिक्षकों का कुलपति से परिचय कराया। कुलपति प्रो. सिंह ने शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय की भावी शैक्षिक दिशा, विधि संकाय में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता तथा रोजगारपरक एवं बहुआयामी पाठ्यक्रमों के विस्तार पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विधिक चेतना, नैतिक मूल्यों और व्यावसायिक दक्षता का विकास करना भी है। निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिल कुमार, रोहित कुमार, सर्वेश कुमार शर्मा सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने गोमती नदी के पुनरुद्धार कार्य और निर्मल गंगा जल अभियान का किया शुभारम्भ

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर के प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने सोमवार को ब्लॉक पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत रम्पुरा फकीरे में माँ गोमती नदी का पुनरूद्धार और निर्मल गंगा जल अभियान कार्य का विधि-विधान से पूजन कर कार्य की शुरूआत की। जिलाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, गायत्री परिजन, व्यापारियों, सामाजिक संस्था एवं आमजन ने फावड़ा चलाकर नदी के पुनरोद्धार हेतु श्रमदान किया।जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी आदि गंगा के नाम से जाने जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गोमती पर विशेष ध्यान दिया है और आने वाले समय में यह बहुत बडा पर्यटन स्थल माधोटांडा बनने जाने जा रहा है। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए गोमती नदी के ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नदी के पुनरूद्धार के लिए प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अभियान के तहत नदी की सफाई और जीर्णोद्धार कार्यों को गति देना व तटों को सुव्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गोमती नदी के जल को स्वच्छ बनाना, जल प्रवाह को अविरल रखना है, जिससे की जल स्तर में सुधार हो सके। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों और लोगों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भी हम सबकी जिम्मेदारी है। ग्राम प्रधान व स्थानीय



लोगों द्वारा सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि गोमती नदी पीलीभीत की पहचान है। नदियां हमारी सभ्यता की जीवनरेखा हैं। गोमती नदी का पुनरूद्धार आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक अभियान है। इससे न केवल जल स्तर में सुधार होगा अपितु स्थानीय जैव विविधता को भी नया जीवन मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोमती नदी को नया जीवन प्रदान करना और क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करना है। नदी की खुदाई और सफाई का कार्य को सही तरीके से कराया जाये। गायत्री परिवार के स्मरवीर सिंह, अशोक खंडेलवाल, ठाकुर अजय सिंह, ड्रीम मैंगो की दीपिका चतुर्वेदी सहित कई लोगों ने विचार रखे। संचालन पूरनपुर के बीडीओ/डीसी मनरेगा ने किया। माता भगवती देवी गोशाला पर आयोजित कार्यक्रम में भी जिलाधिकारी ने भाग लिया। यहां आयोजित भंडारे में जिलाधिकारी सहित सभी श्रमदानियों ने भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया। गोशाला प्रबंधक अनंतराम पालिया, लालता प्रसाद शास्त्री आदि ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भारी जनसमूह जुटा और अगले कार्यक्रम में भी श्रद्धा भाव से पहुंचने का सभी ने संकल्प लिया। देर तक गोमती माता के जयकारे गूंजते रहे। यहां पूरनपुर व कलीनगर के एसडीएम, तहसीलदार व विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। गोमती सेवक राममूर्ति सिंह, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, कुंवर निर्भय सिंह, संदीप खंडेलवाल, गुड्डू वाजपेई, रामनरेश शुक्ला, शक्ति सिंह, राजेश गुप्ता, राजू खंडेलवाल, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, किरण सिंह, गौरव पांडेय सहित काफी संख्या में गायत्री परिजन, व्यापारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### डीएम ने फावड़े से मिट्टी खोदकर छोड़ी, ये कैसा श्रमदान, वीडियो वायरल

गोमती नदी से अविरल धारा बहाने का अभियान चल रहा है जिस अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी और सरकारी विभाग के कई अधिकारी श्रमदान करने के लिए पहुंचे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में जिलाधिकारी और ब्लॉक प्रमुख हांथ में फावड़ा लेकर मिट्टी को खोदते नजर आ रहे हैं। लोग कह रहे हैं यह कैसा श्रमदान है डीएम साहब ने मिट्टी को दी और वहीं पर छोड़ दी मिट्टी को किसी चीज में भरकर उसे नदी के किनारे पर छोड़ जाना चाहिए था लेकिन ऐसा किसी ने भी नहीं किया सिर्फ फोटो खींचवाने के लिए श्रमदान दिखाया गया।

## पंद्रह सौ रुपए वाली गारंटी

सरकार की घोषणाएं जितनी बड़ी होंगी, विपक्ष का विरोध भी उसी अनुपात में दर्ज होगा। फिर एक मशाल जलाने की कोशिश में हिमाचल सरकार ने हैरत को धुआं-धुआं कर दिया। स्थानीय निकाय चुनाव के आंगन में फैसलों के कयास उस समय भारी पड़ गए, जब सरकार ने अपने थैले से महिला वर्ग के आंचल में पूरी गारंटी रख दी। यानी अब वक्त आ गया है कि सारी हदें खोल दी जाएं। कल तक कुछ कबाइली या कुछ विशेष क्षेत्रों तक बंटी 15 सौ रुपए की गारंटी अब हर उस हिमाचली महिला को नसीब होगी जिसकी आमदनी सालाना दो लाख से कम रहेगी। यानी इतनी महिलाएं लाभान्वित हो जाएंगी कि वोटर लिस्ट में तूफान आ सकता है। यही इशारा, यही इरादा विपक्ष को तीर की तरह लगता है और मंत्रिमंडल की बैठक ने पंचायत राज चुनावों के अंतिम पहर को मुट्ठी में लिया, तो भाजपा चुनावी गुठलियों के दाम ढूंढने लगी है। बहरहाल अब हिमाचल की हर मंत्रिमंडलीय बैठक को आने वाले विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में तोला जाएगा। सारी खुदाई एक तरफ और चुनाव की तैयारी एक तरफ। सरकार अपनी प्रगति के पथ पर कई अहम फैसले, वक्त की इसी पैमाइश में लेगी और व्यवस्था परिवर्तन के सारे सारांश लिखेगी। यानी अपने ऐतिहासिक दस्तावेजों की जुंबिश लगाकर सुक्खू सरकार अपने अवतरण से अवतार बनने का सारा मसौदा दिखाएगी। सबसे अहम पड़ाव महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रति माह का गारंटी शुदा भुगतान करके, वर्तमान सरकार अपने श्रेय की ईमानदार व्याख्या करेगी। यहां मसला न बजट की सादगी और न ही प्रदेश की प्राथमिकताओं का रहेगा, बल्कि जो कभी चुनावी मंच से कहा गया, उसे अगले चुनावों से पूर्व वादे की तरह निभा दिया गया। जाहिर है पंद्रह सौ का दांव भाजपा की दुकान को कमजोर करेगा। सुक्खू सरकार की काश्तकारी में मंत्रिमंडल की बैठक, प्रदेश की महत्त्वाकांक्षा को खाद पानी का प्रबंध कर रही है, तो अपने विजन की इमारत को भी बुलंद कर रही है। मसलन फैसलों की अहमियत से हर क्षेत्र को फसल उपलब्ध कराने की कोशिश जारी है। नौकरी के दरवाजे से अगर अठारह सौ के करीब पद गुजर रहे हैं, तो युवा वर्ग के माथे पर टीका लगाया जा रहा है। शिक्षा क्षेत्र में हाल की उपलब्धियां और राष्ट्रीय रैंकिंग में आए सुधार आगे बढ़ रहे हैं, तो सरकार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के तहत तीन सौ स्कूलों के स्तर को सीबीएसई के मानदंडों से तोल कर, सुविधाएं बढ़ाना चाहती है। कारोबारियों के नजरिए में बदलाव लाकर दुकानों को चौबीस घंटे व्यापार के हवाले करने की मंजूरी दे रही है। इससे हाईवे तथा डेस्टिनेशन टूरिज्म के अलावा परिवहन क्षेत्र में परिवर्तन आने की संभावना है। सरकार पिछली सरकार के फैसले को पलटते हुए कांगड़ा से मंडी पहुंचाए गए, शाहनहर के मुख्य अभियंता दफ्तर को पुनः फतेहपुर पहुंचा रही है। कई और अहम बिंदुओं की शिनाख्त में सरकार ने नीतिगत फैसले लिए हैं, लेकिन हर निर्णय में इच्छाशक्ति का प्रदर्शन भी हुआ है। यह हिमाचल के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि सरकार अपने फैसलों की धरती को बसाना जानती है। हिम चंडीगढ़ की कल्पना के कार्यान्वयन में कई कदम ले रही सरकार ने अपने रिपोर्ट कार्ड में इसके नाम 8000 बीघा जमीन जुटा ली है। जाहिर है अब स्कूल-कालेज या चिकित्सा संस्थानों के बजाय विकास की उपयोगिता को बड़ी आंख से, बड़ी परियोजनाओं की तलाश में लगाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि : अन्नदाता की उन्नति, राष्ट्र की समृद्धि

**डॉ. मनोज चंद्रा**



पीएम-किसान योजना ने कृषि निवेश के प्रति किसानों के नजरिए को भी बदला है। बुआई के मौसम से ठीक पहले मिलने वाली यह राशि किसानों को साहूकारों की ऊँची ब्याज दरों वाले ऋण से बचाती है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में यह देखा गया है कि छोटे किसान इस राशि का उपयोग केवल बीज और खाद के लिए ही नहीं, बल्कि आधुनिक कृषि यंत्रों के किराए और सूक्ष्म सिंचाई जैसे सुधारों के लिए भी कर रहे हैं। इससे फसल की पैदावार में सुधार हुआ है और किसानों की जोखिम सहने की क्षमता बढ़ी है। राज्य सरकार द्वारा भू-लेखों के सत्यापन और ई-केवाईसी की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने से योजना की पारदर्शिता और भी सुदृढ़ हुई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी खजाने का पैसा केवल वास्तविक खेती करने वाले हाथों में ही जाए। यह डिजिटल इंडिया और कृषि के सफल संगम का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने व्यवस्था में विश्वास पैदा किया है। सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह योजना ग्रामीण पलायन को रोकने में भी एक मूक क्रांति की तरह काम कर रही है। जब छोटे किसान को यह भरोसा मिलता है कि उसे साल में तीन बार एक निश्चित राशि प्राप्त होगी, तो वह अपनी जमीन छोड़ने के बजाय उसे और अधिक उपजाऊ बनाने पर ध्यान केंद्रित करते है। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में आई यह स्थिरता ग्रामीण बाजारों में रौनक ला रही है। 2.34 करोड़ परिवारों का सीधे तौर पर इस योजना से लाभान्वित होना यह स्पष्ट करता है कि सरकार की पहुँच अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक हो चुकी है।

देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किसानों के हित में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आज के दौर में भारतीय कृषि नीति का सबसे महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी योजना साबित हुई है। भारत सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित यह योजना विशेष रूप से उन छोटे और सीमांत किसानों को ध्यान में रखकर संचालित की गई है, जो अक्सर निवेश की कमी के कारण खेती में पिछड़ जाते थे। इस योजना की संरचना बेहद सरल और प्रभावी है, जिसके तहत प्रत्येक पात्र कृषक परिवार को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जाती है। यह राशि 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र है, जिसने बिचौलियों की भूमिका को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल कृषि प्रधान राज्य में, जहाँ जोत का आकार छोटा है, यह योजना किसानों के लिए समय पर खाद, बीज और अन्य कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने का एक विश्वसनीय जरिया बन गई है।

इस योजना के तकनीकी और प्रशासनिक ढांचे में - कृषक परिवार की परिभाषा को बहुत स्पष्ट रखा गया है। उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस योजना के प्रारंभ से लेकर 22वीं किस्त के वितरण तक, उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 3.12 करोड़ कृषक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। इन परिवारों के बैंक खातों में अब तक कुल 99,032.58 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। केवल 22वीं किस्त में ही प्रदेश के 2.18 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 4,364.00 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह निवेश न केवल ग्रामीण क्रय शक्ति को बढ़ाता है, बल्कि खेती-किसानी के प्रति किसानों के मनोबल को भी ऊँचा करता है, जिससे वे भविष्य की फसलों के लिए बेहतर योजना बनाकर खेती करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के नवीनतम आंकड़े उत्तर प्रदेश में इस योजना की व्यापकता और सफलता की एक नई कहानी बयां करती हैं। इस वित्तीय वर्ष के दौरान, प्रदेश के 2.34 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खातों में 13,721 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी गई है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आए उस बदलाव का प्रतीक है जो खेती को घाटे से उबारकर लाभ की ओर ले जा रहा है। लाभार्थियों के विश्लेषण से पता चलता है कि इसमें 1.91 करोड़ से अधिक पुरुष और 88 लाख से अधिक महिला कृषक परिवार शामिल हैं। महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी इस योजना में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो देश के कुल 9.7 करोड़ लाभार्थियों में से लगभग 24 प्रतिशत (2.34 करोड़ से अधिक) लाभार्थी अकेले उत्तर प्रदेश के हैं, जो डबल इंजन सरकार द्वारा योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन को प्रमाणित करता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की विकास यात्रा का वर्षवार आंकड़ा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहा है। वर्ष 2018-2019 में 2,238.92 करोड़ रुपये के वितरण से शुरू हुआ यह सफर 2019-2020 में 11,006.87 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। इसके बाद, वर्ष 2020-2021 में 14,432.14 करोड़, 2021-2022 में 15,775.52 करोड़ और 2022-2023 में 12,454.32 करोड़ रुपये की राशि किसानों तक पहुँची। आगामी वर्षों में भी यह गति बनी रही, जहाँ 2023-2024 में 13,808.48 करोड़ और 2024-2025 में 15,594.74 करोड़ रुपये का वितरण किया गया। वर्तमान वर्ष 2025-2026 में अब तक 13,721.59 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इन आठ वर्षों के दौरान कुल वितरित राशि 99,032.58 करोड़ रुपये के विशाल आंकड़े तक पहुंच चुकी है। यह निरंतरता दर्शाती है कि सरकार किसानों की आय में वृद्धि और उन्हें कर्ज के जाल से मुक्त करने के लिए कितनी गंभीर है, जिससे ग्रामीण ऋणग्रस्तता में भारी कमी आई है।

पीएम-किसान योजना ने कृषि निवेश के प्रति किसानों के नजरिए को भी बदला है। बुआई के मौसम से ठीक पहले मिलने वाली यह राशि किसानों को साहूकारों की ऊँची ब्याज दरों वाले ऋण से बचाती है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में यह देखा गया है कि छोटे किसान इस राशि का उपयोग केवल बीज और खाद के लिए ही नहीं, बल्कि आधुनिक कृषि यंत्रों के किराए और सूक्ष्म सिंचाई जैसे सुधारों के लिए भी कर रहे हैं। इससे फसल की पैदावार में सुधार हुआ है और किसानों की जोखिम सहने की क्षमता बढ़ी है। राज्य सरकार द्वारा भू-लेखों के सत्यापन और ई-केवाईसी की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने से योजना की पारदर्शिता और भी सुदृढ़ हुई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी खजाने का पैसा केवल वास्तविक खेती करने वाले हाथों में ही जाए। यह डिजिटल इंडिया और कृषि के सफल संगम का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने व्यवस्था में विश्वास पैदा किया है।

सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह योजना ग्रामीण पलायन को रोकने में भी एक मूक क्रांति की तरह काम कर रही है। जब छोटे किसान को यह भरोसा मिलता है कि उसे साल में तीन बार एक निश्चित राशि प्राप्त होगी, तो वह अपनी जमीन छोड़ने के बजाय उसे और अधिक उपजाऊ बनाने पर ध्यान केंद्रित करते है। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में आई यह स्थिरता ग्रामीण बाजारों में रौनक ला रही है। 2.34 करोड़ परिवारों का सीधे तौर पर इस योजना से लाभान्वित होना यह स्पष्ट करता है कि सरकार की पहुँच अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक हो चुकी है। महिला लाभार्थियों की 88 लाख से अधिक की संख्या यह भी बताती है कि अब ग्रामीण भारत में महिलाएं केवल कृषि श्रमिक नहीं, बल्कि आधिकारिक तौर पर किसान के रूप में पहचानी जा रही हैं, जो सामाजिक ढांचे में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य को एक नई दिशा दी है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश सीधे किसानों के खातों में पहुँचना ऐतिहासिक है। यह योजना न केवल किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें एक गरिमामय जीवन जीने का अवसर भी दे रही है। आंकड़ों की पारदर्शिता और लाभार्थियों की विशाल संख्या इस बात का प्रमाण है कि विकास का लाभ अब सीधे जनता तक पहुँच रहा है। आने वाले समय में, यह योजना और इसके साथ जुड़ी अन्य कृषि कल्याणकारी नीतियां मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश से आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के संकल्प को सिद्ध करेंगी। इस योजना की सफलता ने प्रदेश के अन्नदाता को यह विश्वास दिलाया है कि राष्ट्र उनकी मेहनत का सम्मान करता है और हर कदम पर उनके साथ खड़ा है।

विचार

# जौनपुर की मीरा ने नीली क्रांति में की हिस्सेदारी : मत्स्य पालन से बदली तस्वीर

***डॉ. अजीत रानाडे***

उत्तर प्रदेश में कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस बदलाव में मत्स्य पालन एक ऐसे मुनाफे वाले क्षेत्र के रूप में उभरा है जिसने न केवल पारंपरिक किसानों की आय में वृद्धि की है बल्कि महिलाओं और युवाओं को भी स्वावलंबन का एक नया रास्ता दिखाया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी और विकासपरक योजनाओं के चलते राज्य में मछली पालन अब सिर्फ एक पारंपरिक व्यवसाय नहीं रह गया है बल्कि यह एक आधुनिक और अत्यधिक लाभकारी उद्योग का रूप ले चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और मछुआरों व मत्स्य पालकों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य मछली पालन से जुड़े लोगों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और वित्तीय सहायता के माध्यम से उनके जोखिम को कम करना है। सरकार द्वारा संचालित इन पहलों में लाभार्थियों को चालीस से लेकर साठ प्रतिशत तक का भारी अनुदान दिया जा रहा है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी इस व्यवसाय से जुड़कर अपनी तकदीर बदल रहे हैं।

इस दिशा में केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना राज्य में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत नए तालाबों के निर्माण से लेकर आधुनिक तकनीकों जैसे री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम और बायोफ्लो तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन उन्नत तकनीकों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें कम जमीन और कम पानी में भी अधिक मात्रा में गुणवत्तापूर्ण मछली का उत्पादन किया जा सकता है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के आवेदकों को चालीस प्रतिशत और महिला तथा अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को साठ प्रतिशत तक की बड़ी सब्सिडी दी जा रही है।

तकनीक और आर्थिक मदद के इस बेहतरीन समन्वय का एक जीवंत उदाहरण जौनपुर की महिला उद्यमी श्रीमती मीरा सिंह की सफलता की कहानी में देखा जा सकता है। श्रीमती मीरा सिंह ने जब कार्य प्रारम्भ किया तब उनके पास मात्र एक एकड़ का एक तालाब था। उन्हें मत्स्य पालन की तकनीकी जानकारियां भी नहीं थीं। ऐसे में कई चुनौतियां उनके सामने आईं। इसी बीच उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी हुई और उन्होंने जौनपुर में विकास भवन स्थित मत्स्य कार्यालय में सम्पर्क किया। मत्स्य विभाग ने उनके तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया और मत्स्य पालन की वैज्ञानिक जानकारियां दीं। उन्होंने विभागीय मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का सही समय पर लाभ उठाकर मत्स्य पालन के क्षेत्र में कदम रखा। शुरुआत में छोटी चुनौतियों का सामना करने के बाद जब उन्हें अपने उत्पाद का सही बाजार मूल्य मिलने लगा तो उनका हौसला बढ़ता गया। श्रीमती मीरा सिंह का चयन वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत बीज हैचरी में हुआ तथा इन्हे मत्स्य विभाग से 15 लाख का अनुदान प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और धीरे-धीरे अपने उत्पादन के दायरे को विस्तार देना शुरू किया।

उनकी कड़ी मेहनत और आधुनिक तौर-तरीकों को अपनाने का नतीजा यह हुआ कि वर्ष 2024-25 के दौरान उनका मत्स्य उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप पंगेशियस मछली की प्रजाति का संचय किया और दो सफल कल्चर अवधियों के भीतर लगभग बारह सौ पचास कुंतल मछली का बंपर उत्पादन कर दिखाया। इस भारी उत्पादन के बूते उन्होंने बाजार में करीब एक सौ पच्चीस लाख रुपये का बड़ा कारोबार खड़ा किया। वर्तमान में वे लगभग पच्चीस एकड़ के विशाल क्षेत्र में तालाबों का निर्माण करवाकर बड़े पैमाने पर मत्स्य उत्पादन का कार्य कर रही हैं। श्रीमती मीरा सिंह की यह सफलता केवल उनके अपने परिवार की समृद्धि तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। उनके इस साहसिक और सफल प्रयास को देखकर गांव और आसपास के इलाकों के तमाम ग्रामीण बेहद प्रेरित हुए। उनके काम से प्रभावित होकर कई अन्य ग्रामीणों और किसानों ने भी मत्स्य पालन को अपनी आजीविका का मुख्य साधन बनाना शुरू कर दिया है। इस प्रकार उन्होंने खुद आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अपने पूरे परिवेश में रोजगार के कई नए अवसर पैदा कर दिए।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन भी जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार सक्रिय है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के साथ ही राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना भी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लोकप्रिय हो रही है। इस योजना के तहत नए तालाबों का पट्टा पाने वाले गरीब और पट्टाधारकों को बीज बैंकों की स्थापना करने के लिए चालीस प्रतिशत तक का अनुदान और वित्तीय सहायता दी जा रही है ताकि मछली पालकों को उत्तम किस्म के मछली के बच्चे आसानी से अपने आसपास ही मिल सकें। इसके साथ ही पारंपरिक मछुआरा समुदाय के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए निषादराज बोट सब्सिडी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से मछुआरों को नदी या जलाशयों में मछली पकड़ने के लिए आधुनिक नाव और मजबूत जाल खरीदने के लिए विशेष आर्थिक सहायता और सब्सिडी प्रदान की जाती है ताकि वे सुरक्षित तरीके से अपनी आजीविका चला सकें। मछुआरों के जीवन को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना भी पूरी तरह मुफ्त चलाई जा रही है जिसमें किसी भी अनहोनी या विकलांगता की स्थिति में पीड़ित परिवार को बड़ा वित्तीय संबल मिलता है।

मछली पालन के क्षेत्र को पूरी तरह आधुनिक और बाजार के अनुकूल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष की स्थापना भी की गई है। इस कोष के जरिए मछलियों को बाजार तक सुरक्षित और ताजा पहुंचाने के लिए 'मोपेड विद आइसबॉक्स' यानी बर्फ के बक्से से युक्त दुपहिया वाहन और तालाबों में ऑक्सीजन की मात्रा बनाए रखने वाले एयरेशन सिस्टम की खरीद पर भारी अनुदान दिया जाता है। इस तरह की सुविधाओं से मछुआरे अपने उत्पाद को बिना खराब हुए दूर के बाजारों में ले जाकर अच्छे दामों पर बेच पा रहे हैं।

इन सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को भी बेहद पारदर्शी और सरल बनाया गया है। कोई भी इच्छुक नागरिक या किसान मत्स्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है। इसके अलावा संबंधित जिले के मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क करके भी किसी भी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन की प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है। जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता शिविर भी लगाए जा रहे हैं ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी इन कल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल सके। आज श्रीमती मीरा सिंह प्रतिवर्ष हजारों कुंतल मछली का उत्पादन कर क्षेत्र की एक स्थापित उद्यमी बन चुकी हैं और उनका यह सफर अन्य किसानों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। वे समय-समय पर नए लोगों और युवाओं को इस व्यवसाय की बारीकियों से अवगत कराती हैं और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण व सलाह भी देती हैं। सरकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और व्यक्तिगत स्तर पर अटूट आत्मविश्वास व कठिन परिश्रम के मेल ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में आर्थिक प्रगति की एक नई इबारत लिख दी है जो आने वाले समय में राज्य को मत्स्य उत्पादन में अग्रणी बनाने की दिशा में अग्रसर है।

साहित्य



## बेटियों के जल्लादों का हिसाब कब?

**संजय एम तराणेकर**

*बेटियों के जल्लादों का हिसाब कब होगा,*
*ये सोई हुई व्यवस्था का जवाब कब होगा।*
*हर रोज़ कहीं मासूमियत कुचली जाती है,*
*इंसाफ़ की चौखट पर क्यों चुप्पी छाती है।*

*यूं आँखों में आँसू लिए माँ पूछ रही है अब,*
*इन दरिंदों पर कानून का प्रहार होगा कब।*
*क्या? ट्वीशा, क्या? दीपिका एवं अब अनु,*
*इन देश के लोभियों को कहाँ-कहाँ पे गिनु।*

*नारे तो बहुत गूँजते रहते चौक-चौराहों पर,*
*लेकिन क्यों? सन्नाटा है सत्ता की राहों पर।*
*कब जागेगी मानवता, यूं शर्मिंदा होगा मन,*
*बेटियों के जल्लादों को नसीब न हो कफ़न।*

*बेटी तो घर की रौशनी, जीवन का सम्मान,*
*उससे ही तो महकता है हर आँगन-जहान।*
*जो हाथ उठे बेटियों पे, वो हाथ झुकेंगे अब,*
*इन अत्याचारों का आखिर अंत होगा कब?*



## राशिफल

**मेषः-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से उपहार प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः-** विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनुः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# समकालीन साहित्य और स्मृतियों का साक्ष्य

***परिचय दास***

लोक में जो संकेत, आत्मीय रचाव और सहज संचरणशीलता है, वह अतिआधुनिकता में भी स्वीकार्य है, उपयोगी है। लोक-रचनात्मकता का आधारपरक कार्य लोककला की कलात्मक एकता है। अतीत का उपयोग वर्तमान की आलोचना के बिना संभव नहीं। बिना आकांक्षा के न तो जीवन जिया जा सकता है और न ही कविता या साहित्य की रचना संभव है। समकालीन साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण है- स्मृतियों का साक्ष्य। स्मृतियां समकालीनता के विविध उपकरणों के समाहार से असंबद्ध नहीं रह सकतीं। हालांकि तार्किकता, परिवर्तनधर्मिता, शिल्प वैशिष्ट्य, गद्यपरकता इत्यादि संश्लिष्टताओं से आकार ग्रहण करता समकालीन साहित्य स्मृतिविहीन नहीं हो सकता फिर भी लोकोन्मुखता लगातार क्षीण होती गई है। स्थानीयता का पुट विविध रंगों के साथ जैसे उभरने चाहिए, उसमें कमी आती दिख रही है।

कुछ कवियों व उपन्यासकारों ने मौखिक परंपराओं व धरती के उन्मुखीकरण को आधार बनाने का यत्न किया है तो कुछ लोक को नए सिरे से समझ कर लाना चाहते हैं। कुछ कला और समुदाय के बीच के संबंधों से काम करते हैं तो कुछ लोकप्रिय रूपों व ध्वनियों के आधार पर। कुछ सामाजिक आवेग को लोक संस्कृति में समंजन करके नई भाषा रच रहे हैं तो कुछ काव्य-अभ्यास से लोक कविता की संभावनाओं के लिए नई सदी में नए दृष्टिकोण से सक्रिय हैं। लोक संस्कृति की प्रमुख आधार प्रकृति महानगरों से जैसे ओझल हुई है, उससे लेखन-सूत्र की दशा बदल गई है। प्रकृति, नदी, पर्यावरण में जैसी स्मृतियां रही हैं तथा साहित्य की धारा का जैसे गोमुख रहा है, नगरीकरण की स्थिति के चलते (अब हिन्दी साहित्य भी नगरीकरण का प्रतीक होने लगा है) स्वप्न के संदर्भ बदल गए हैं। यह सारा स्वप्न छंदमुक्तता की प्रयोजनता और वाक्यांशों की विविधताओं से भी पता चलता है।

लोक की रुचियों व अनेक जड़ताओं को साहित्य में जायज नहीं ठहराया जाना चाहिए, लेकिन उसकी तरलता या प्रवाहमयता या सुगंध का खोना स्मृति-रहित होने जैसा ही है। साहित्य का नगरीकृत होना एक फेज है, लेकिन पारंपरिक अनुगूंजों से वंचित होना दूसरी बात। स्थानीयता के कई तरह के खतरे भी हैं किंतु उसकी अलग आभा उसकी शक्ति भी है। प्रौद्योगिकी को स्थानीयता में खास व्यवहार मिलता है। साहित्य में स्थानीय संस्कृति को रचना एक खास सम्मोहन को शब्द देना है। उस सम्मोहन में एक गति भी होती है। कलात्मक प्रासंगिकता का दृश्यात्मकता व सांगीतिक अनुगूंजों से विशिष्ट संबंध है। इसीलिए लोक में जो दृश्यबंध आते हैं, उन्हें साहित्य में एक आकार दिया जा सकता है। यह अलग बात है कि समकालीनता के तनावों व लोक के समंजन का आधार क्या बनेगा या बनना चाहिए, यह विचार व अनुप्रयोग का विषय है।

नए-नए विषयों को उठाते हुए मिथक व लोक का समकालीनीकरण संभव है। कथा व कविता में तो यह विशिष्ट आकार ले ही सकता है। यदि नगरीय जीवन की संपृक्ति में लोक कविता की मूर्धन्यता को समझा जाए तो कुछ अनुभव एकत्र किए जा सकते हैं। उससे प्रस्तुति व शैली में निश्चित भिन्नताएं आएंगी। लोक संगीत के लिए यू ट्यूब के रूप में एक नया आधार मिला है। सामूहिक कलात्मक गतिविधि, सामाजिक काम, रोजमर्रा की जिंदगी, जीवन व प्रकृति के ज्ञान, धार्मिक प्रथाओं और विश्वासों को साहित्य में ढाल पाना इकहरा कार्य नहीं। लोक-रचनात्मकता का विशिष्ट आधारपरक कार्य लोककला की कलात्मक एकता है। लोक कला समाज के निचले तबके की आवश्यकताओं की उपस्थितियों के लिए निर्मित होती है। इसमें एक तरह का घरेलूपन है। चाहें तो उसकी पुरातनता में एक नवाचार भी ला दें।

कविता में पुरातनता में नवसंघनन उसका महत्वपूर्ण पक्ष है। लोक में जो संकेत, आत्मीय रचाव और सहज संचरणशीलता है, वह अति आधुनिकता में भी स्वीकार्य है, बल्कि बहु उपयोगी। अतीत का उपयोग वर्तमान की आलोचना के बिना संभव नहीं। बिना आकांक्षा न तो जीवन जिया जा सकता है और न ही कविता या साहित्य की रचना संभव है।

लोक को सस्ते फैशन परस्ती के रास्ते पर ले जाने, उसे उपभोक्तावादी सिस्टम में खपाने और तदनुकूल साहित्य के सरलीकरण को स्तरहीनतापूर्वक बल देने की भी कोशिशें जारी हैं। यह ऐसा प्रश्न है जो हमारे मानसतंत्र को बहुत बारीकी से झकझोरता है। जो लोकगीत अपने एक आम अतीत की रचनात्मक अभिव्यक्ति व समकालीन चेतना से जुड़ा है, उसे बाजार की इच्छाओं की झोंक में सौंपा जा रहा है। बाजार से सहयोग लेना बुरा नहीं, बाजार में जाना भी सहज है, किंतु उसके तंत्र का अनुकर्ता मात्र हो जाना मानवीय गरिमा के विरुद्ध है। जबकि साहित्य और लोक के अंतर्संबंध किसी भी अन्य अनुशासन की तरह हमें स्वयं को बेहतर और दूसरों को समझने के लिए सक्षम बनाते हैं। सारा मनोविज्ञान व समाजशास्त्र लोक सन्दर्भ में उपलब्ध हैं। यदि ऐसा न होता तो रामायण व महाभारत शास्त्र से लोक न बन जाते।

जब हम आंख खोलते हैं तथा स्मृति-संपन्न होते हैं तो भारतीय समाजों में रामायण व महाभारत को सुनकर अपनी स्मृति को धरती पर उतार लेते हैं। लोक संस्कृति के आत्मीय संचरण को समकालीन साहित्य में मानव अभिव्यक्ति के जबर्दस्त स्पेक्ट्रम की तरह लिया जाना चाहिए। लोक कला पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम से सामूहिक कथन है, जीवन के साझे मार्ग पर गुजरना है, जिसमें सौंदर्य, अस्मिता व मूल्यों की अभिव्यक्ति हो सके। वह साहित्य व भाषा में उतरती है तो जीवंत सांस्कृतिक विरासत होती है जो अतीत व वर्तमान के मध्य सेतु होती है।

साहित्य में समकाल व लोक संस्कृति को स्थिर न समझें, बल्कि युगानुकूल उसका स्वीकरण होता रहता है। मछली, वृक्ष, हवा, खिलौना, घर, गाय, पुष्प, पत्ते इत्यादि ऐसे आलंबन हैं जो अपने साथ हमारी स्मृति लिये रहते हैं। संरक्षण, प्रक्रिया, उपकरण, सामग्री, डिजाइन, रूपांकन- सभी में एक परंपरा है। यही साहित्य में, आज के साहित्य में भी परिलक्षित होता है। ये साहित्य की परंपरा को जीवित रखने, बहुश्रुत बनाने, संबद्ध रखने, स्मृति संपन्न रखने और रचनात्मक होने को आधार देते हैं। लोक संस्कृति से कविता में विशिष्ट गतिमयता मिल सकती है, क्योंकि स्मृति, संकेत, स्वजनता,आत्मीयता से भिन्न गतिशास्त्र बनाया जा सकता है। यह एक सापेक्षता चुनती है जो कविता की धार है। इसमें सद्भाव व स्वतंत्रता है। वैयक्तिक सम्मान, लोक कल्याण की जगह सृजनात्मकता व सहित का समाहार इसमें हैं जो समकालीन साहित्य के लिए भी अपेक्षित है।

*(लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



**ललौली फतेहपुर।** थाना ललौली परिसर में रविवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश मामले भूमि एवं राजस्व विवादों से संबंधित रहे। पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक मामलों में राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके। जनसुनवाई के दौरान थाना ललौली पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### जनपदीय न्यायालय महोबा में सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपदीय न्यायालय परिसर महोबा में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी भी संभावित खतरे एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से एन्टी सेबोटाज टीम बांदा, डॉग स्क्वॉड, एलआईयू महोबा तथा न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा परिसर की गहन तलाशी ली गई। अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। डॉग स्क्वॉड द्वारा परिसर के विभिन्न हिस्सों में सूंघकर जांच की गई, वहीं एंटी सेबोटाज टीम द्वारा विस्फोटक या अन्य संदिग्ध सामग्री की संभावना को ध्यान में रखते हुए तकनीकी उपकरणों से निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान न्यायालय परिसर के आसपास खड़े वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई तथा बिना सत्यापन के प्रवेश करने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इस पूरी कार्यवाही का उद्देश्य न्यायालय में आने वाले न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर नियमित रूप से इस प्रकार की चेकिंग की जाए, जिससे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके और आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे।

### सड़क पर चलते डंपर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**माधौगढ़ (जालौन)।** कस्बे के भैरव बाबा मंदिर के पास सोमवार को एक चलते डंपर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर सामान्य गति से सड़क पर जा रहा था, तभी अचानक उसके इंजन से धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में आग भड़क उठी। हालात बिगड़ते देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत डंपर से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग की चपेट में आसपास कोई वाहन या दुकान नहीं आई, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

### अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई, 50 हजार प्रतिकर वसूला

**जगम्मनपुर (जालौन)।** अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफप्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरी एक लोडर गाड़ी को पकड़कर मामला दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 को शाम लगभग 8 बजे लोडर गाड़ी संख्या यूपी 75 बीटी 5377 टेहननपुर (मध्य प्रदेश) से भीखेपुर, औरैया की ओर जा रही थी। जगम्मनपुर तिराहे पर वाहन को रोककर परिवहन से संबंधित कागजात मांगे गए, लेकिन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में लकड़ी का परिवहन अवैध पाए जाने पर संबंधित के खिलाफवन एवं परिवहन नियमों के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। रेंजर रंजीत सिंह ने बताया कि अवैध कटी हुई लकड़ी के साथ पकड़े गये वाहन के खिलाफकानूनी कार्यवाही की जा रही हैं।कार्रवाई के दौरान विभाग द्वारा 50 हजार रुपये का प्रतिकर भी वसूला गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### जनता की हर समस्या का त्वरित निस्तारण करना ही पहली प्राथमिकता



**कालपी (जालौन)।** माधौगढ़ से स्थानांरित होकर कालपी उप जिलाधिकारी के रूप में पदासीन हुये अमित शेखर ने आम जन से मुलाकात की हालांकि उन्होंने चार्ज तो शनिवार को ही ले लिया था लेकिन ऑफिस में आज पहुंचे और उनके बैठते ही उनसे मिलने के लिए पत्रकारों, अधिवक्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सिलसिला जारी रहा। इन सबके बीच उन्होंने आम जन की समस्याये भी सुनी और विभागीय मीटिंग भी की। अधीनस्थों से भी रूबरू भी हुये और सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी एवं अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। आपको बताते चलें कि अमित शेखर ने सन 2023 में बतौर तहसीलदार माधौगढ़ नियुक्ति पाई इसके बाद वह जालौन तहसील में रहे इनका यहां बतौर उप जिलाधिकारी पदोन्नति हुआ और इन्हें उप जिलाधिकारी न्यायिक माधौगढ़ बनाया गया था परंतु कालपी में तैनात बहुत ही तेज अधिकारियों में शुमार उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह का पदोन्नति होने के बाद उन्नाव स्थानांतरण हो जाने पर कालपी उप जिलाधिकारी के रूप में अमित शेखर को कालपी उप जिलाधिकारी बनाया गया दिखने में कड़क और व्यवहार में बेहद सुशील एसडीएम अमित शेखर ने कहा कि जो शासन की प्राथमिकता वही हमारी प्राथमिकता है जनता की हर समस्या का त्वरित निस्तारण करना ही पहली प्राथमिकता है लोग किसी के बहकावे में न आयें जो भी समस्या है सीधे आकर बतायें पूरा प्रयास रहेगा समय से हर समस्या का निस्तारण हो और शिकायतकर्ता को रिलीफमिले।

# गोकशी के नाम पर जहानाबाद में हड़कंप

▸ थानाध्यक्ष सहित क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे घटनास्थल

**जहानाबाद, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जहानाबाद थाना क्षेत्र में आज सोमवार सुबह गोकशी से संबंधित उस समय हड़कंप मच गया तब एक ग्रामीण क्षेत्र में एक पेड़ पर गाय के चारों पैर रस्सी से बंधे हुए थे और गला कटा हुआ गाय का विक्षत शव मिला तो यह बात क्षेत्र में आज सुबह आग की तरह फैल गई। इस घटनाक्रम से संबंधित जैसे ही क्षेत्रीय पुलिस को सूचना मिली तो थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह हमराह वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक विकास कनौजिया सहित अन्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल ग्राम चंदीपुर नहर बंबा किनारे स्थित खेत छोटे बऊआ की जमीन पर पहुंचे जहां पर एक सफेद गाय का विछत कटा हुआ शव पड़ा हुआ था। सूचना पर तत्काल प्रभाव में क्षेत्राधिकारी बिन्दकी घटनास्थल पहुंचे जहां पर घटनाक्रम से संबंधित सही जांच व कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय पुलिस बल को निर्देशित किया। थानाध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से घटनाक्रम से संबंधित जानकारी एकत्रित करना शुरू कर दिया और गाय के विछत शव व अवशेषों को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को सूचना दी। जहां पर चिकित्सक ने पोस्टमार्टम करते हुए मेडिकल हेतु मांस टुकड़ा लेकर परीक्षण केंद्र भेजा, साथ ही गड्ढा खोदकर सुरक्षित गाय के शव को दफनाया गया। पुलिस गोकशी घटनाक्रम के खुलासा हेतु कार्रवाई में तेजी लाई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम चंदीपुर नहर किनारे एक खेत में गाय का गला कटा हुआ विक्षत शव मिला, शव को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम हेतु आवश्यक कार्रवाई कराई गई, साथ ही गाय के शव को सुरक्षित गड्ढा खोदकर दफनवाया गया, घटनाक्रम के खुलासे व कार्रवाई हेतु पुलिस टीम लगी है। जल्द ही मेडिकल रिपोर्ट प्राप्ति बाद और अपराधियों की पकड़ होते ही उपरोक्त गौकसी का खुलासा किया जाएगा।

### किसानों ने विद्युत की समस्या को लेकर दिया धरना



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता कार्यालय विद्युत के यहां धरना दिया गया इस दौरान विद्युत की कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। इस दौरान इन लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में रात की रोस्टिंग बंद किए जाने तथा रात्रि के समय 6 से 7 घंटे बिजली की जो कटौती होती है उसको न किए जाने की मांग किया। सरकार द्वारा निर्धारित ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली दिए जाने की मांग किया। कृषि फीडर बनने से रात्रि में नलकूपों में बिजली नहीं मिलती अधिकांश किसान परिवार सहित अपने नलकूपों में रहते हैं विद्युत भंडार से नलकूप कनेक्शन में एस्टीमेट में शामिल सभी सामानों को किसानों को दिया जाए। अभी सामान नहीं दिया जा रहा। गर्मी को देखते हुए गांव में किसी भी किसान का बकाया के नाम पर कनेक्शन ना काटा जाए। आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त हुई लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर सही करवा कर जल्द से जल्द चालू किया जाए। इस अवसर पर जिला महासचिव प्रीतम सिंह, किसान नेता अंकित सिंह चौहान, दीपक गुप्ता, सूखी, छोटे सिंह डॉक्टर लल्लन, महेंद्र भदोरिया, बबलू सिंह सोनू सिंह बहुवा, उमेश सिंह परमार, अंगद सिंह, पुत्तम द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, मोहम्मद आजम, अजय प्रजापति, गुलाब यादव, विकास सिंह, शिवदेस मौर्य, माता प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जंगल में पेड़ पर लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

कुलपहाड़महोबा। एक अज्ञात व्यक्ति का शव जंगल के पेड़ पर फांसी पर लटका पाए जाने से सनसनी फेल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक को कब्जे में लेकर शिनाख्त हेतु महोबा मोर्चरी में रखवा दिया है। नगर के बेलाताल रोड पर रेलवे अंडरब्रिज के पास जंगल में लगे एक चिल्ला के पेड़ पर लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव गमछे के सहारे अर्धनग्न अवस्था में फांसी पर लटका पाया गया है। सूचना मिलने पर क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह मय हमराही पुलिस के मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को नीचे उतारकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त न होने पर महोबा भेजकर मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## महोबा की रेप पीड़िता दलित छात्रा को न्याय के लिए कांग्रेस ने लगाई गुहार

▸ राज्य पाल से अपहरण कर्ताओं को सजा व पीड़ित को आर्थिक मदद की मांग

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पिछले दिनों महोबा जनपद में नीट की तैयारी कर रही दलित छात्रा का कोचिंग जाते समय अपहरण कर सोलह दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर रखते हुए उसके साथ अमानवीय व्यवहार करने व जबरन शादी कराने में संलिप्त आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने एवं पीड़ित छात्रा को आर्थिक मदद देने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से महा महिम राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाय साथ ही पीड़ित छात्रा को उचित आर्थिक मदद की जाय जिससे वो अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सके इसी के साथ पीड़ित के परिवारी जनों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाय ताकि वह निर्भय होकर अपना जीवन यापन कर सकें। ज्ञापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि यह प्रमाणित हो चुका है कि आज प्रदेश में अपराधी बेखौफहोकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं और उत्तर प्रदेश पूरे भारत में नंबर एक आपराधिक प्रदेश बन चुका है उन्होंने यह भी कहा कि सूबे के मुखिया योगी जी अपनी विफलता के चलते अब विक्षिप्त से नजर आते हैं जिससे सदन के अंदर ही वह आँखे तरेर कर बात करते हैं जब कि जनता की सुरक्षा ही उनका प्रथम दायित्व है जिसमें वो पूर्ण रूपेण विफल हो चुके हैं। कार्यक्रम का सह नेतृत्व कर रहे शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डू ने भी भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश व प्रदेश में हर तरफ अपराधियों के हौसले बुलंद हैं परन्तु सत्ता की खिसकती जमीन से घबराई भाजपा अब कुछ भी करने में पंगु सी नजर आती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश भर में भ्रष्टाचार, बलात्कार, गुंडागर्दी अब आम बात हो गई है जिससे आहत जनता बस समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि ए आई जनरेटेड बयान के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के ऊपर हुई एफ आई आर अगर जल्द वापस न हुई तो कांग्रेस सड़को पर उतर कर विरोध आंदोलन करेगी फिर परिणाम कुछ भी हो।ज्ञापन में वरिष्ठ महिला नेता संतोष कुमारी शुक्ला, शेख एजाज अहमद,मणि प्रकाश दुबे, सुरेश तिवारी, कलीम उल्ला सिद्दीकी, अनुराग नारायण मिश्रा, इंजी. देवी प्रकाश दुबे, आशीष गौड़, पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, राजीव लोचन निषाद, शकीला बानो, पूनम द्विवेदी, रेखा पासवान, शमशाद भाई, पं. राम नरेश, ओम प्रकाश कोरी, मोहित मिश्रा, मनोज घायल, रिक्की सरदार, आदित्य श्रीवास्तव, सैयद सहाब अली, नवनीत तिवारी, इंद्र जीत लोधी, अकरम काले, सलीम शेख, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा, धर्मेंद्र सिंह, नाजिम राइन, मो. रज्जाक, आदि लोग उपस्थित रहे।

## चर्चित नीट छात्रा के अपहरण प्रकरण से संबंधित दो और अभियुक्त गिरफ्तार

▸ प्रकरण से संबंधित सभी नामजद 5 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के चर्चित नीट छात्रा मामले में फरार चल रहे 2 और आरोपियों को गिरफतार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले से सम्बन्धित 3 आरोपियों को पहले ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर महोबा, जनपदीय एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने चर्चित नीट छात्रा के अपहरण प्रकरण में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ही प्रकरण से संबंधित 3 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जनपद छतरपुर (मप्र) निवासी एक मां द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा पर अपनी पुत्री (उम्र लगभग 25 वर्ष) के गुमशुदा होने के संबंध में तहरीर प्रदान की गयी थी जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 202/26 धारा 87/351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी हेतु 4 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा सतत एवं प्रभावी प्रयास करते हुए 16 मई 2026 अपहृता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसके उपरान्त अपहृता के न्यायालयीन कथनों एवं विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 70(1)/127(4)/115(2)/61(2) बीएनएस एवं धारा 3(2)(5क)/3(2)(5) एससी/ एसटी एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। इसी दौरान सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त वीडियो, विवाह प्रमाण-पत्र तथा उच्च न्यायालय में दायर संयुक्त रिट याचिका जैसे तथ्यों को भी विवेचना में सम्मिलित करते हुए प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस, जनपदीय एसओजी एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान उक्त अभियोग से संबंधित 2 अन्य वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान हल्लू उर्फ अजेश उर्फ बृजेश पुत्र महेन्द्र राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष। मोहित पुत्र तेजराम धोबी उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण ग्राम पठा, थाना लवकुशनगर, जनपद छतरपुर (मप्र) के रूप में हुई है जिन्हें पसवारा मोड़ से कबरई की ओर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### जिले में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**महोबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ओ टी पी साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

### टीहर गांव में घर-घर पहुंचे जनगणना कर्मचारी, ग्रामीणों ने किया सहयोग



**रामपुरा (जालौन)।** विकास खण्ड रामपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टीहर में जनगणना अभियान के तहत कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों से आवश्यक जानकारी एकत्रित की जा रही है। जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव स्वयं ग्रामीणों के साथ मिलकर कर्मचारियों का सहयोग कर रहे हैं। जनगणना टीम द्वारा प्रत्येक परिवार से सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, आधार एवं अन्य जरूरी जानकारियां सावधानीपूर्वक दर्ज की जा रही हैं। कर्मचारियों ने ग्रामीणों को बताया कि सही जानकारी देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना कर्मियों का सहयोग करें और मांगी गई जानकारी सही व समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाएं तैयार की जाती हैं। इस दौरान प्रगणक सोनवीर सिंह, संजय गुप्ता, मुहम्मद अख्तर खान के अलावा वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार गौरव, राजीव कुमार, गंगपाल, इंद्रपाल सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गांव में जनगणना अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता भी देखने को मिली।

### जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला, हर नागरिक का सहयोग जरूरी

▸ जिलाधिकारी ने वर्चुअल बैठक में प्रगणकों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की समीक्षा हेतु समस्त प्रगणकों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के निर्धारण एवं भविष्य की नीतियों का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता, सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 22 मई से 20 जून तक जनगणना कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारियां एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रगणक शालीन व्यवहार के साथ निर्धारित प्रारूप में सही एवं तथ्यात्मक जानकारी संकलित करें, जिससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही सटीक जनगणना संभव हो सकेगी, जो आने वाले वर्षों में जनपद एवं देश के विकास की मजबूत आधारशिला बनेगी।

**Notice**

This is to certify that Divyanshu Yadav S/o Manoj Kumar Yadav Unique Id 8661818 ICSE Board, New Delhi. from Modern Public School, Farrukhabad (U.P.) - 209625. His Mistakly Wrongly Date of Birth 17/11/2010 entered. Their actual Date of Birth 17/11/2008.

# कुसमिलिया में आग का तांडव, दर्जनों ग्रामीणों के आशियाने हुए खाक

▸ फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी, आगजनी की सूचना मिलते ही तहसीलदार उरई पहुंचे गांव, राजस्व टीम नुकसान का आंकलन करने में जुटी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार की शाम लगभग 4 बजे कुसमिलिया गांव में घूरे से उठी चिंगारी ने ऐसा विकराल रूप धारण किया जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर दिया और तेज हवा चलने से आग एक के बाद दूसरे कच्चे मकानों में पहुंचती। आग का तांडव देखकर गांव में हड़कंप मच गया और आनन फानन में उसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ियां गांव पहुंचती तब तक दर्जनों ग्रामीणों के आशियाने खाक हो गये। गनीमत यह रही कि जिन ग्रामीणों के घरों में निजी बोरिंग में समरसेबिल डली थी उन्होंने उसे चलाकर आग को बुझाने में जुट गये लेकिन आग की विकरालता के आगे ग्रामीण भी बेबेस नजर आये।

मिली जानकारी के अनुसार उरई तहसील क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया में जब ग्रामीण भीषण गर्मी में अपने मकानों में थे तभी शाम लगभग 4 बजे तेज हवायें चलने से घूरे से आग की चिंगारी उठी और एक ग्रामीण के कच्चे मकान में गिरी इसके बाद तो आग ने ऐसा तांडव मचाया और एक के बाद एक ग्रामीण के कच्चे आशियानों को आग ने अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया। ग्रामीणों को गांव में आग लगने की जानकारी तब हुई जब धुयें का काला गुबार गांव की गलियों में छा गया। इसके बाद जिन ग्रामीणों के घरों में निजी बोरिंग थी उन्होंने समरसेबिल को चलाकर आग को बुझाना शुरू किया और आनन फानन में गांव में आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी। इसके बाद फायर बिग्रेड की कई गाड़ियां कुसमिलिया गांव पहुंची और आग को बुझाने में जुट गयी। गांव में आग लगने से फूले राजपूत, भुल्ले कुम्हार, लच्छी कुम्हार, मुन्ना कुम्हार, भारत सिंह खंगार, हरी बढ़ई, राजकुमार राजपूत, दीनदयाल बसोर, प्रताप सिह राजपूत, शिवपाल राजपूत, जगन्नाथ धोबी सहित दर्जनों ग्रामीणों के कच्चे आशियाने आग से खाक हो गये। गनीमत यह रही कि जिन ग्रामीणों के पक्के मकान बने थे उनमें आग का कहर मामूली रहा। कुसमिलिया में आग लगने की जानकारी मिलते ही सदर तहसीलदार श्रीश मिश्रा सबसे पहले गांव पहुंचे इसके बाद सदर एसडीएम चंद मिनट के लिये गांव पहुंची और वापस लौट आयी। समाचार लिखे जाने तक राजस्व विभाग की टीम आगजनी से पीड़ित ग्रामीणों के नुकसान का आंकलन करने में जुटी थी।

### गांव की तलैया अतिक्रमण की चपेट में, पानी न मिलने से हुई परेशानी

कुसमिलिया गांव में आसपास कई छोटी-छोटी तलैया थी लेकिन उन पर ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर अपने मकानों का निर्माण कर लिया जिससे तलैया का अस्तित्व ही खत्म हो गया। ग्रामीणों की मानें तो गांव की तलैयों में भीषण गर्मी के मौसम में भी पानी भरा रहता था लेकिन जब से तलैयों पर अतिक्रमण हुआ तो उनमें भी गर्मी के सीजन में पानी नहीं रहता। इसी का खामियाजा फायर बिग्रेड को आग बुझाने में उठाना पड़ा। गांव में जिस ओर तालाब है उसके दूसरे छोर पर गांव नहीं थी लिहाजा तालाब से भी फायर बिग्रेड को पानी मिलना संभव नहीं और तलैयों में पानी नहीं था जिससे आग बुझाने में पानी की समस्या आड़े आ गयी।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांक: 98/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-25.05.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

पेयजल हेतु व्यवस्था योजना से नगर पंचायत, कुलपहाड द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 26.05.2026 से 01.06.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 02.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# जन चौपाल में गूंजे ग्रामीणों के मुद्दे, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट/बाराबंकी।**

विकासखंड सिद्धौर अंतर्गत ग्राम मिर्चिया में आयोजित जन चौपाल में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र कुमार बारी एवं विधायक दिनेश रावत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। जन चौपाल को संबोधित करते हुए



आयोग सदस्य सत्येंद्र कुमार बारी ने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसका भौतिक सत्यापन करने के उद्देश्य से जनता से सीधा संवाद किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग की समस्याएं, राशन कार्ड, रास्तों की बदहाल स्थिति, गांव के विकास कार्य, पेंशन एवं राजस्व संबंधी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आयोग सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर आयोग को अवगत कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़, बीडीओ सिद्धौर, एसडीओ विद्युत, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, तीरथ राम वर्मा, राजकुमार सिंह, शशांक चौरसिया, प्रधान राजेंद्र यादव, रामशरण, रामबरन, आशुतोष यादव, सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सोलर कंपनी पर परियोजना अधूरी छोड़ने का आरोप लगाकर पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** बाराबंकी में सोलर कंपनी पर उपभोक्ता को परेशान करने और परियोजना अधूरी छोड़ने का आरोप सामने आया है। शहर के गांधी वार्ड निवासी मंजू श्रीवास्तव ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए अग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि कंपनी ने जनवरी 2026 में लोन स्वीकृत होने के बाद अब तक उनके घर पर केवल सोलर स्ट्रक्चर लगाया है, जबकि पूरा सिस्टम स्थापित नहीं किया गया। इसके बावजूद वह लगातार ईएमआई का भुगतान कर रही हैं। शिकायत में कहा गया है कि परियोजना की वास्तविक कीमत 1 लाख 75 हजार रुपये बताई गई थी, लेकिन कंपनी ने 2 लाख 10 हजार रुपये का कोटेशन जारी कर अतिरिक्त धनराशि वसूल ली।

## ग्राम तिलहा में अवैध पेड़ कटान पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना सुबेहा क्षेत्र के ग्राम तिलहा में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 25 मई 2025 को वन दरोगा अनुज कुमार सिंह को सूचना मिली कि गांव में ठेकेदार द्वारा हरे पेड़ों का अवैध कटान कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच के दौरान तीन हरे अर्जुन के पेड़ों का कटान पाया गया। जांच में सामने आया कि उक्त पेड़ों की कटाई ठेकेदार अनूप कुमार सिंह द्वारा कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि विना परमिट प्रतिबंधित पेड़ की कटान करने वाले ठेकेदार के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही की गई। उन्होंने चेतावनी दी है कि अवैध कटान करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग की इस कार्यवाही से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के मंडल प्रभारी बने योगेन्द्र प्रताप सिंह

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय सवर्ण परिषद RSP द्वारा रायबरेली की सवर्ण समाज की मुखर आवाज योगेन्द्र प्रताप सिंह को लखनऊ मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया।यह महत्वपूर्ण फैसला संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 पंकज धवरैय्या ने लिया है।योगेन्द्र प्रताप सिंह इससे पहले राष्ट्रीय सवर्ण परिषद ऋस्क टीम रायबरेली में जिला संगठन मंत्री के पद पर रहकर सवर्ण समाज के हक और अधिकारों के लिए मुखर आवाज उठाते रहे हैं। जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता और संघर्षशील छवि को देखते हुए अब उन्हें पूरे मंडल की कमान सौंपी गई है।लखनऊ मंडल के अंतर्गत लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर का प्रभार दिया गया।योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 पंकज धवरैय्या ने जो विश्वास मुझ पर जताया है। उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा।मेरा लक्ष्य है कि मंडल के हर जिले हर गांव तक पहुंचकर सवर्ण समाज की आवाज को और बुलंद किया जाए। उन्होंने बताया कि संगठन अब शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के मुद्दों पर और आक्रामक तरीके से काम करेगा। योगेन्द्र प्रताप सिंह की नियुक्ति की खबर मिलते ही संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

## बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में दो भाइयों की मौत

**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा-बाराबंकी।** मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो व बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके भाई की ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचने पर मौत हो गई। हादसे में बोलेरो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवारजन सीएचसी पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को काबूकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के फूलपुर निवासी हनीफ के दो बेटे इस्लामुद्दीन(35) और एखलाशुद्दीन (22) रविवार को दवा लेकर बाइक से फतेहपुर की ओर से वापस घर लौट रहे थे तभी मोहम्मदपुर खाला चौराहे स्थित महावीर गोल्ड स्टोर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक करीब दस मीटर दूर जा गिरे। घायल युवक का एक पैर भी कटकर काफी दूर झाड़ियों में जा गिरा। हादसे में छोटे भाई एखलाशुद्दीन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बड़ा भाई इस्लामुद्दीन गंभीर रूप से घायल हुआ था। लेकिन इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में उसकी भी मौत हो गई। वहीं बोलेरो चालक 35 वर्षीय आलोक सिंह पुत्र स्वर्गीय राम दुलारे निवासी कसौंजा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका उपचार चल रहा है। टक्कर के बाद अनियंत्रित बोलेरो सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई जिससे वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इस्लामुद्दीन और आलोक सिंह की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि मृतक के परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।

# जिलाधिकारी हुईं सख़्त : विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था हो सुचारू

**सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों को रिस्टोर कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा प्रस्तुत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए तथा अतिरिक्त मैनपावर लगाकर विद्युत आपूर्ति की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विद्युत विभाग पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बहाली के कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा जहां भी ट्रांसफार्मर, पोल अथवा तार क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए। साथ ही, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न तहसीलों में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, मरम्मत कार्यों की प्रगति एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधीक्षण अभियंता अविनाश पटेल, अखिलेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गौरीगंज के ग्राम बहोरखा में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील गौरीगंज के ग्राम बहोरखा में चकबंदी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि ग्राम बहोरखा में चकबंदी से संबंधित समस्त कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि चकबंदी प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत धारा-52 की विज्ञप्ति भी जारी कर दी गई है।

### शमशान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप व्यापार मंडल को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा अमेठी के बीआरओ ऑफिस के पास स्थित शमशान की भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शमशान की जमीन सुरक्षित कराने और अधूरी पड़ी बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा कराने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी के कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गाटा संख्या 248 और 249 में स्थित शमशान की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020-21 में नगर पंचायत द्वारा करीब 28 लाख रुपये बाउंड्रीवाल निर्माण का टेंडर कराया गया था। आरोप है कि ठेकेदार ने केवल नींव खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया जो अभी तक पूरा नहीं कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार बाउंड्रीवाल न होने से उक्त जमीन पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं। कुछ लोगों द्वारा वहां मकान तक बना लिए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कस्बे का इकलौता शमशान है, जहां गरीब एवं दलित परिवार अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही अवैध कब्जे हटाकर बाउंड्रीवाल निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन लेने के बाद व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी तथा प्रभावित लोगों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### मंदिर के कायाकल्प के नाम पर ‘खेला’

**सीतापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और जीर्णोद्धार के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला विकास खण्ड गोंदलामऊ के अंतर्गत ग्राम अमाघाट का है, जहाँ एक शिव मंदिर के नाम पर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि मिलीभगत कर निकाल ली गई। इस गबन को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहां है गांव में एक छोटा मंदिर है लेकिन उसका कायाकल्प बिल्लू हुआ ही नहीं है ,और फर्जी फर्म बनाकर सरकारी बजट डकारने का आरोप लगाया है अमाघाट निवासी सतीश पांडेय पुत्र राकेश पांडेय ने जिला मुख्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव में स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार (कायाकल्प) के लिए सरकारी बजट आवंटित कराया गया आरोप है कि ‘भारतेंदु मिश्रा उर्फ वीरु मिश्रा पुत्र स्व. कमलाकांत मिश्रा’ ने एक फर्म ओम गणेश इंटरप्राइजेज बनाई। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों और सचिव की कथित मिलीभगत से इस फर्जी फर्म के खाते में दो किश्तों में क्रमशः 28,737 रुपये और 34,600 रुपये (कुल 63,337) ट्रांसफर कर निकाल लिए गए। इसके अलावा भी मंदिर के नाम पर अन्य सरकारी धनराशि निकालने का दावा किया गया है।

## पुलिस ने रास्ता भटके बालक को सकुशल उसके परिजन को किया सुपुर्द

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक बालक थानाक्षेत्र शिवरतनगंज को ग्राम साहबापुर के पास मिला। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नित्तेश रावत पुत्र महेश रावत उम्र 13 वर्ष निवासी दरियांवा सिंह का पुरवा मजरे बड़नापुर थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी बताया। पूछने पर बताया कि वह अपने मामा महेश रावत पुत्र गजराज रावत निवासी बैसन का पुरवा मजरे जैतपुर थाना शिवरतनगंज के यहां आया था, रात्रि में टीवी देखने के लिये गांव में दूसरे के घर गया था, टीवी देखने के बाद में अपने घर दियांवा सिंह का पुरवा के लिये निकला परन्तु रास्ता भूलकर भटक गया है। रात्रि गश्त पुलिस टीम द्वारा बालक को सकुशल थाने पर लाकर व उसके पिता महेश रावत पुत्र रामफेर रावत निवासी उपरोक्त से सम्पर्क किया गया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा ने एक बार फिर किसानों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए जनपद अमेठी, सुल्तानपुर और रायबरेली के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर धान की नर्सरी एवं रोपाई के समय डीएपी और यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। सांसद जी ने अपने पत्र में कहा कि खेती-किसानी केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि गांव और देश की आत्मा है। ऐसे समय में यदि किसानों को खाद के लिए भटकना पड़े तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि रोपाई कार्य प्रभावित न हो और किसी भी किसान को परेशानी का



सामना न करना पड़े। सांसद किशोरी लाल शर्मा लगातार जनहित के मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ उठाते रहे हैं। किसानों के सम्मान और उनकी मेहनत को सर्वोपरि मानते हुए उनका यह प्रयास क्षेत्र की जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भाव को दर्शाता है। उनका यह संवेदनशील प्रयास किसानों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना को दर्शाता है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो,



इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# नगर पंचायत द्वारा स्थापित वाटर कूलर का एसडीएम ने किया शुभारंभ



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम द्वारा फीता काटकर वाटर कूलर का किया गया शुभारंभ महराजगंज नगर पंचायत द्वारा तहसील परिसर जो कि आर्य नगर वार्ड में आता है वहां पर लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी पीने के लिए मिले इसके लिए वाटर कूलर की स्थापना की गई है ।आज एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया ।एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम ने कहा कि वाटर कूलर स्थापित हो जाने से अब तहसील परिसर में आने वाली जनता अधिवक्ताओं कर्मचारियों को शुद्ध और ठंडा जल पीने को मिलेगा। प्रभात साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि आर्य नगर वार्ड में तहसील परिसर पड़ती है वहीं पर वाटर कूलर को स्थापित किया गया है जिसका उद्घाटन आज एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम द्वारा किया गया है प्रभात साहू ने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को राहत मिले इसके लिए नगर पंचायत युद्ध स्तर पर शुद्ध और ठंडे पानी की व्यवस्था कर रही है वही आर्य नगर के सभासद जमुना पासवान ने वाटर कूलर लगने की खुशी में सभी का मुंह मीठा भी कराया। इस मौके पर युवा समाजसेवी पीयूष साहू सभासद जमुना पासवान सभासद धर्मेंद्र वर्मा मुस्ताक राइनी सहित अधिवक्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती और जर्जर तारों पर कांग्रेस का प्रदर्शन



**राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और जर्जर विद्युत व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन बीडीओ विनय वर्मा को सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुसाफिरखाना अध्यक्ष राजू ओझा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र की जनता पिछले कई दिनों से गंभीर बिजली संकट का सामना कर रही है। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, किसानों को सिंचाई में परेशानी उठानी पड़ रही है और दुकानदारों व व्यापारियों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत तार जर्जर हैं और कई बिजली के खंभे टूटे पड़े हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों में दुर्घटना की आशंका को लेकर भय का माहौल बना हुआ है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

साथ ही जर्जर तारों और क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को जल्द बदलवाकर जनता को राहत दी जाए। इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम, कुलवंत सिंह, पवन तिवारी, जय वी यादव, विकास गुप्ता, सतीश सिंह सहित कई स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रशिक्षण शुरू

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत जिला सीतापुर जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन एक स्थानीय गेस्ट हाउस में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रथम दिवस शुभारंभ सत्र के साथ सात सत्रों का आयोजन किया गया इस अवसर पर शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ‘पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान’ के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, भाजपा की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ सशक्तिकरण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का ‘एकात्म मानववाद’ आज भी भाजपा की मूल विचारधारा है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। प्रशिक्षण वर्ग में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, जनसंपर्क अभियान, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा संगठनात्मक अनुशासन पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर द्वारा किया गया तथा अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

**पुलिस से बचने के लिये किया पुलिस टीम पर फायर**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में आपरेशन चक्रव्यूह के तहत अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रघुपुर गांव के पास बोलेरो वाहन सवार कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे है। सूचना पर गौरीगंज पुलिस द्वारा दबिश दी गई तो अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस द्वारा घेरकर बोलेरो के पास से चार अभियुक्त नितिन उर्फ दन्ना पासी पुत्र रामनरेश निवासी पूरे पासी मजरे



जंगल रामनगर, परमानन्द यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद यादव निवासी ग्राम मिश्रौली गौरीगंज, राज यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी ग्राम पचेहरी गौरीगंज व सलमान पुत्र राशिद निवासी ग्राम वार्ड नं. 19 तेजी का पुरवा थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से नितिन उर्फ दन्ना पासी के कब्जे से एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, परमानन्द यादव के कब्जे से एक प्लास, सलमान के पास से एक प्लास्टिक की टॉर्च व एक पेंचकश, बोलेरो से एक लोहे का सब्बल बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बरामदशुदा बोलेरो व औजारों के संबंध में बताया कि पकड़े जाने के डर से इसी बोलेरो की नंबर प्लेट बदलकर हम लोग चोरी की घटना करते है व बरामद इन्ही औजारों से घर का ताला व दीवाल काटकर नकब लगाकर घरों में चोरी करते है। हम लोग प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली में चोरी करने जा रहे थे। इससे पूर्व हम लोगों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कौहार से लैपटॉप, गैस सिलेण्डर, गैस चूल्हा, गैस पाइप, एक बण्डल पाइप चोरी किया था, जिसे मिश्रौली मोड़ के पास खाली पड़े मकान में छिपा कर रख दिया था तथा लैपटॉप को तोड़-फोड़कर फेंक दिया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी का अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटकते बरामद, मची सनसनी

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख ब्लॉक के गेहेंदवर गांव में सोमवार को प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची सतरिख थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र लकी सोनी व उसकी पत्नी अंजली सोनी को उसके गलत आचरण, घर वालों के साथ मारपीट करने व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, आज से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। लकी सोनी व अंजली सोनी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचनाकर्ता
फूलचंद्र सोनी
मोहल्ला सब्जी मंडी नगर पंचायत
हैदरगढ़, बाराबंकी।

# बिजली व्यवस्था में सुधार न होने पर होगा धरना प्रदर्शन

## भाकियू की पंचायत में दी गई चेतावनी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विशुनगढ़ रोड पर ग्राम हृदय रामपुर बलरामपुर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान पंचायत में बिजली का मुद्दा छाया रहा। विद्युत विभाग को चेतावनी दी गई की व्यवस्था में तत्काल सुधार करें अन्यथा प्रबल जन आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

पंचायत में मौजूद किसानों ने गांवों में बिजली नहीं आने और लाइनमैनों द्वारा बिना पैसे लिए काम नहीं करने की शिकायत की। पहले बजली खराब कर देते हैं फिर किसानों से सौ से दो सौ रुपए की वसूली करते हैं। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रत्नेश दुबे छोटू ने कहा किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की तरफ से जो शेड्यूल निश्चित है उसे हिसाब से बिजली उपलब्ध कराई जाए अन्यथा हमारा संगठन बिजली विभाग के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि हमारा संगठन देश का एकमात्र सबसे लोकप्रिय संगठन है जो किसानों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निदान करता है। हम किसी भी किसान का किसी भी परिस्थिति में शोषण नहीं होने देंगे। बिजली विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई इसलिए बिजली विभाग को चेतावनी दी जाती है तत्काल सुधार कर ले। रवीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता के संचालन में हुई पंचायत में आशीष सक्सेना, बंटी मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, दिनेश दुबे, संजीव पांडे, विमल दुबे, संजीव पांडेय, सुनील शाक्य, अवनीश टीटू, विनय कुमार दुबे, अभिषेक दुबे, राजीव शर्मा, राजेश पांडे, नवीन कुमार, कुलदीप पांडे, हेमराज, राधेश्याम प्रजापति, अनिल सक्सेना, सूरज सक्सेना, गोरेलाल सक्सेना, गोविंद शाक्य, नंद किशोर सक्सेना, सुदेश त्रिपाठी, सरवन सिंह, उमेश सिंह, राम प्रताप सिंह, हरिबक्स सिंह, बृजकिशोर राजपूत, भानु प्रताप त्रिपाठी, रूपलाल वर्मा, अमरदीप दीक्षित सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### संगठन का किया गया विस्तार

छिबरामऊ। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए भानु प्रताप तिवारी उर्फ मऊ को राष्ट्रीय मंत्री, देवेंद्र तिवारी उर्फ बुटन को प्रदेश संयोजक, रजनीश दीक्षित को जिला उपाध्यक्ष, शैलेंद्र तिवारी को जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राम प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, उमाकांत दीक्षित को तहसील उपाध्यक्ष, सुधीश चंद तिवारी को कानपुर मंडल संयोजक, रामचरण दीक्षित को मंडल मंत्री, वेद प्रकाश दुबे को तहसील उपाध्यक्ष छिबरामऊ बनाया गया।

# कासगंज को पटकनी देकर कन्नौज ने कबड्डी ट्रॉफी पर किया कब्जा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के कैरदा रोड स्थित डीके स्पोर्ट्स अकेडमी में आयोजित कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल के साथ हुआ। कासगंज की मजबूत टीम को हराकर कन्नौज ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बालिकाओं की श्रेणी में डीके स्पोर्ट्स अकेडमी की टीम चैंपियन रही।

टूर्नामेंट में लखनऊ, अयोध्या, कासगंज, कानपुर, कन्नौज, कमालगंज और डीके स्पोर्ट्स अकेडमी की टीमों में जोरदार मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में कन्नौज की टीम ने बेहतरीन रणनीति और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए कासगंज को भारी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मनोबल भी बढ़ाता है। कन्नौज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देती हूं और आशा करती हूं कि वे आगे भी कड़ी मेहनत करते हुए राज्य और देश स्तर पर नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि लॉन बॉल्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मानु पाल ने कहा लड़कियां खेल के मैदान पर भी कम नहीं हैं। बालिकाओं की टीम का प्रदर्शन देखकर बहुत अच्छा लगा। खेलो इंडिया जैसी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने सपनों को पूरा करें। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डीके स्पोर्ट्स अकेडमी सराहनीय कार्य कर रही है। स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखते हैं। खेलो इंडिया कोच प्रदीप कुमार ने कहा इस टूर्नामेंट ने छिपी प्रतिभाओं को निखारने का मौका दिया। कन्नौज की जीत साबित करती है कि मेहनत और टीम वर्क हमेशा कामयाबी दिलाता है। आयोजक दुर्गेश कुमार ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश पाल, बलराम सिंह, निलेश कुमार, शैलेश कुमार, हैप्पी, रोहन ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, चंदन, शिवम यादव, सुंदरम व सनी आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं के लिए तकनीकी शिक्षा का खुला नया द्वार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद की छात्राओं के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र के जसोदा स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ृद्ब्रष्टश्वश्व) नई दिल्ली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स) डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही सत्र 2026- 27 से छात्राओं के प्रवेश एवं शैक्षणिक गतिविधियों का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के मार्गदर्शन एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी वैशाली के सतत प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि संस्थान शुरू होने से कन्नौज समेत आसपास के जिलों की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, एम्बेडेड सिस्टम और ऑटोमेशन का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा दिए जाने से इस क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में यह पाठ्यक्रम छात्राओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ने में मददगार साबित होगा। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जसोदा कानपुर मंडल की एकमात्र राजकीय महिला पॉलीटेक्निक संस्था है। संस्था के संचालन से क्षेत्र की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

### इसी सत्र से शुरू होंगी कक्षाएं

जलालाबाद। नोडल प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 से कक्षाओं के संचालन के लिए शिक्षकों एवं कार्यालय स्टाफ की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही प्रयोगशालाओं, आधुनिक उपकरणों और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को बजट प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के प्रयासों से छात्राओं को आधुनिक तकनीकी दक्षता हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

# ट्रक में गुप्त चेंबर बनाकर बिहार भेजी जा रही थी शराब

## लकड़ी व लोहे की चादरों के पीछे छिपाई गई थीं 142 पेटी अंग्रेजी शराब



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम को रविवार सुबह बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने समधन फ्लाईओवर के पास जीटी रोड पर चेकिंग के दौरान एक आईशर कैंटर से 142 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब की कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई गई है। मामले में हरियाणा के सोनीपत निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी विनोद कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि शराब की तस्करी बेहद शातिराना तरीके से की जा रही थी। ट्रक के पिछले हिस्से में अंदर की ओर लोहे की चादर लगाकर गुप्त चेंबर बनाया गया था, जिसके पीछे शराब की पेटियां छिपाई गई थीं। वहीं ट्रक के अगले हिस्से को केवल दिखावे के लिए लकड़ी से ढक दिया गया था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार तस्करी का तरीका फिल्म 'पुष्पा' की तर्ज पर अपनाया गया था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश कुमार पुत्र इकबाल सिंह निवासी भांवर थाना गन्नौर और विजय पुत्र सहदेव निवासी फरमाना थाना सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे हरियाणा से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर बिहार के मुजफ्फरपुर में सप्लाई करते थे। बिहार में शराबबंदी होने के कारण वहां ऊंचे दामों पर बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 142 पेटी ब्लू स्ट्रोक व्हिस्की, आईशर कैंटर नंबर यूपी17 एटी3522, दो मोबाइल फोन और 1840 रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ गुरसहायगंज कोतवाली में आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## संविदा कर्मचारी की मौत से चरमराई बिजली व्यवस्था

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विद्युत विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी शिवसागर कठेरिया उर्फ शर्मू की दर्दनाक मौत के बाद नगर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक कर्मचारी विभाग का मेहनती, ईमानदार और होनहार कर्मी माना जाता था, जिसकी अचानक हुई मौत से सहकर्मियों सहित क्षेत्रवासियों में गहरा दुख है। घटना के बाद बिजली विभाग की व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो गईं और कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि कर्मचारी ड्यूटी के दौरान लाइन संबंधी कार्य कर रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। बहुत ही सरल स्वभाव और एक्टिव विद्युत कर्मी था जिसके निधन से विद्युत विभाग को बहुत ही नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई नहीं हो पाएगी। पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक हमेशा जिम्मेदारी और लगन के साथ कार्य करता था तथा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच उसकी अच्छी छवि थी। नगर के रामनाथ प्रजापति ने बताया कि ्रवह विभाग का बेहद मेहनती और ईमानदार कर्मचारी था। हमेशा समय से पहले पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभाता था। उसकी मौत से पूरे विभाग को गहरा आघात पहुंचा है। ज्ञानेंद्र गुप्ता पूर्व सभासद ने कहा कि इस दुखद घटना से नगर में शोक का माहौल है। सरकार और विभाग को पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करनी चाहिए। घटना के बाद नगर में शोक की लहर दौड़ गई। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं विभागीय अधिकारियों ने भी घटना पर दुख जताते हुए जांच कराने तथा परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। मृतक कर्मचारियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की आवाज बने राजा



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को मजबूती देने के लिए जिला अध्यक्ष राजा वाल्मीकि ने बड़ा अभियान शुरू किया है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को शोषण मुक्त कराने तथा उनके अधिकार दिलाने का संकल्प लिया है। राजा वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं, लेकिन लंबे समय से उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों को नियमित वेतन, समय पर भुगतान, स्थायी नौकरी की गारंटी, स्वास्थ्य सुरक्षा, बीमा सुविधा और कार्यस्थल पर सम्मान मिलना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा, भविष्य की सुरक्षा तथा पुरानी पेंशन योजना का लाभ भी कर्मचारियों को मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में सफाई कर्मचारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव, उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ संगठन मजबूती से आवाज उठाएगा। राजा वाल्मीकि ने कहा कि उनका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को एकजुट कर उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कर्मचारियों से एकता बनाए रखने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस मौके पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ, राजा वाल्मीकि जिला अध्यक्ष, शिव वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष,संजय वाल्मीकि जिला सचिव, राज वाल्मीकि जिला मीडिया प्रभारी, धर्मेंद्र वाल्मीकि नगर अध्यक्ष, मुकेश वाल्मीकि नगर उपाध्यक्ष, आशीष वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, राज वाल्मीकि सहित समाज के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में मरम्मत करते समय लाईनमैन की आकस्मिक मृत्यु

**गुरसहायगंज कन्नौज।** रविवार को दोपहर लगभग 03 बजे जनपद के गुरसहायगंज कस्बे में स्थित पावर हाऊस में ट्रांसफार्मर में मरम्मत करते समय हुई दुर्घटना में संविदा लाईनमैन सरमू उर्फ शिव सागर पुत्र वीरेंद्र कठेरिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लाड़पुर ऊचा थाना गुरसहायगंज की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर जिला प्रशासन ने गहरा शोक व्यक्त किया। मृतक के परिजनों एवं संबंधित प्रबंधन पक्ष (विद्युत उप खंड अधिकारी गुरसहायगंज एसडीओ पंकज चौधरी) के मध्य उत्पन्न विवाद का आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान कर लिया गया। दोनों पक्षों के बीच लिखित सहमति के आधार पर श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बिंदुओं पर सहमति बनी। 1- मृतक के वारिसो को विद्युत विभाग की ओर से नियमानुसार 10 लाख रु की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। 2- मृतक के वारिसों में किसी 1 परिजन को कार्यदायी संस्था द्वारा संविदा के पद पर समायोजित किया जाएगा। 3- मृतक के वारिसों को ईपीएफ एवं अन्य देयको का भुगतान भी शीघ्र किया जाएगा। 4- मृतक के 02 बच्चो को बाल सेवा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाएगा। इस दौरान संबंधित पक्षों ने आपसी समझदारी एवं सहयोग की भावना से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर भविष्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की बात कही।

# बकरीद पर शांति और सौहार्द बनाए रखें, नई परंपरा की न हो शुरुआत : जिलाधिकारी

**कन्नौज।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कन्नौज हमेशा से सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है। सभी लोग पर्व को पारंपरिक और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा किसी नई परंपरा की शुरुआत न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी और खुले स्थानों पर कुर्बानी करने की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने कहा कि कुर्बानी के अवशेषों का सुरक्षित निस्तारण किया जाए तथा उन्हें नालियों या सार्वजनिक स्थलों पर न फेंका जाए। अवशेषों को निर्धारित स्थानों पर गड्ढा खोदकर दफनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नगर निकायों और संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।विद्युत विभाग को सभी 195 फीडरों पर तैनात 422 लाइनमैनों की ड्यूटी संतुलित रूप से लगाने को कहा गया है, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो। जहां पेयजल संकट की संभावना हो वहां टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, कन्नौज

पत्रांक- 831/ के.जे./क.अनु./2025-26 — दिनांक- 25.05.2026

## उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) ख के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/नामांकन की सूचना

एतद द्वारा सभी हितबद्ध भवन स्वामियों/हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि कालम संख्या 02,03,04,05,06 पर अंकित विवरण पर यदि किसी भवन स्वामी किसी/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से तीस दिन (30 दिन) के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद कन्नौज के कार्यालय में प्राप्त करा दे निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा नाम परिवर्तन/नामांकन को अंतिम रूप प्रदान करते हुए प्रस्तावित नाम को कर निर्धारण रजिस्टर में अंकित कर दिया जाएगा जिसके लिए नगर पालिका उत्तरदायी नही होगी। यह नाम परिवर्तन/ नामांकन के वल गृहकर, जलकर की अदायगी पर ही प्रभावी होगा इससे किसी सम्पत्ति का स्वामित्त घोषित नहीं होगा।

| क्र. सं. | भवन सं. | मोहल्ले का नाम जिसमें स्थित सम्पत्ति का नाम परिवर्तन / नामांकन प्रस्तावित है | विधमान भवनस्वामी/ विक्रेता का नाम | प्रस्तावित नाम आवेदक का नाम) जो भवन/भूखण्ड पर दर्ज किया जायेगा। | गृहकर, जलकर के लिए मकान /भूखण्ड पर स्वामित्व परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 18 | सरायमीरा आं. | श्री भानू भदौरिया पुत्र स्व. श्री भीम सिंह भदौरिया (नि.मो. डाक बंगला रोड सरायमीरा कन्नौज) | श्री श्रवण कुमार मिश्र पुत्र श्री राम चरित्र मिश्र निवासी ग्राम व पो. गांगेमऊ परगना व तह. व जि. कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 2 | 35 | अजयपाल | श्री अनवर वारसी पुत्र श्री खुदाबक्स (नि.मो. अजयपाल) | श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री अनवर वारसी व श्री सोहेल वारसी व मो. उजैर वारसी पुत्रगण स्व. श्री अनवर वारसी (नि.मो.अजयपाल कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 3 | 54 | मौसमपुर अल्हड़ | श्री जवाहर लाल पुत्र श्री मंगूलाल (नि.मो. मौसमपुर अल्हड़ कन्नौज) | श्री मान सिंह पुत्र श्री जवाहर लाल (नि.मो. मौसमपुर अल्हड़ कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 4 | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | श्रीमती संगीता यादव पत्नी श्री राम नारायण यादव (नि.मो.143 घोपला रोड शताब्दी नगर रिठानी, जिला मेरठ) | श्री शोभित चौरसिया पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार चौरसिया (नि.मो. कटरा बहादुर खां शहर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 5 | नया प्लाट | मौसमपुर मौरारा | श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री रामलाल (नि.आवास विकास छिबरामऊ तह. छिबरामऊ जि. कन्नौज) | श्रीमती रामश्री पत्नी श्री राममोहन (नि.मो. अशोक नगर पो. सरायमीरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 6 | 83 | सरायमीरा आं. | श्रीमती गंगामुखी मिश्रा पत्नी श्री कृष्ण मिश्रा (नि.मो. सरायमीरा आं. कन्नौज) | श्री अरूण कुमार मिश्रा पुत्र श्री अर्जुनवीर मिश्रा (नि.मो. डांक बंगला सरायमीरा कन्नौज) | पंजीकृत वसीयत व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 7 | 327 | अलाउद्दीनपुर | श्री नौशाद अली पुत्र श्री अल्ला नक्खू व श्रीमती नाजरीन बेगम पत्नी श्री नौशाद अली (नि.ग्राम व पो. जरारी तह. सदर जिला फर्रूखाबाद) | श्रीमती शबनम बानो पत्नी श्री मुहम्मद मुवीन (नि.मो. शेखपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 8 | नया प्लाट | शेखपुरा | श्री मोहम्मद रफीक पुत्र स्व. श्री बाबू (नि.मो. शेखपुरा कन्नौज) | श्री मोहम्मद कासिम पुत्र श्री अब्दुल लतीफ (नि.मो. शेखपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 9 | नया प्लाट | शेखपुरा | श्री मोहम्मद रशीद पुत्र स्व. श्री बाबू (नि. मो. शेखपुरा कन्नौज) | श्री मोहम्मद कासिम पुत्र श्री अब्दुल लतीफ (नि.मो. शेखपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 10 | 358ए | सरायमीरा आं. | श्रीमती श्यामा देवी उर्फ श्यामा पुत्री स्व. कमल प्रकाश मिश्रा पत्नी श्री रवीदत्त दुबे उर्फ रवीन्द्र दुबे (नि. ग्राम उदैतापुर पो. मियागंज तह. कन्नौज) | श्री दिनेश प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व0 श्री कमल प्रकाश मिश्रा (नि0 631/12-13 हरिहर नगर, इन्दिरा नगर लखनऊ) | पंजीकृत दानपत्र बैनामा के आधार पर। |
| 11 | 159 | हाजीगंज खुर्द | श्री अनूप कुमार गुप्ता पुत्र श्री बृजकिशोर गुप्ता (नि.मो. हाजीगंज खुर्द कन्नौज) | श्री प्रतीक कुमार गुप्ता व श्री अमन गुप्ता पुत्रगण स्व. श्री अनूप कुमार गुप्ता (नि.मो. हाजीगंज खुर्द कन्नौज) | मृत्यु प्रमाण पत्र व मा. न्यायालय सिविल जज (जु.वि.), कन्नौज के निर्णय आदेश आधार पर |
| 12 | 90 व 90ए | मौसमपुर मौरारा | श्री कृष्ण नरायन कपूर पुत्र स्व. श्री राजनारायन कपूर (नि.मो.फर्श कन्नौज) | श्री शशी कपूर पत्नी स्व. श्री कृष्ण नरायन कपूर व पुत्र श्री आशीष कपूर व श्रीमती रिचा मेहरोत्रा, रोली मेहरोत्रा, शशि मेहरोत्रा पुत्रियां स्व. श्री कृष्ण नरायन कपूर (नि.मो. फर्श रोड कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 13 | 11 | फर्श | श्री कृष्ण नरायन कपूर पुत्र श्री राजनारायन कपूर (नि.मो. फर्श कन्नौज) | श्री शशी कपूर पत्नी स्व. श्री कृष्ण नरायन कपूर व पुत्र श्री आशीष कपूर व श्रीमती रिचा मेहरोत्रा, रोली मेहरोत्रा, शशि मेहरोत्रा पुत्रियां स्व. श्री कृष्ण नरायन कपूर (नि.मो. फर्श रोड कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 14 | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | कु.आंचल पुत्री स्व. श्री अनिल कुमार व श्री आकाश पुत्र स्व. श्री अनिल कुमार व श्रीमती शोभा पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार व श्री अजय कुमार पुत्र श्री राम गोपाल शुक्ला (निवासीगण मो. नखासा कन्नौज) | श्री विनय कुमार मिश्रा पुत्र श्री रामवेदी मिश्रा (नि. ग्राम सठियापुर बांगर पो. इब्राहिमपुर जागीर तह. व जि. कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 15 | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्रीमी सुगन्धा कपूर पत्नी श्री आशीष कपूर व मुख्तयारआर श्री आशीष कपूर पुत्र श्री कष्ण नरायन कपूर (नि.मो. फर्श कन्नौज) | श्रीमती जय देवी पत्नी श्री बृजकिशोर (नि.मो. सराय बहादुर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 16 | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | श्रीमती संगीता यादव पत्नी श्री राम नारायण यादव (नि.मो. 143 घोपला रोड शताब्दी नगर रिठानी, जिला मेरठ) | श्री गिरजेस्वर नाथ मिश्रा पुत्र श्री रामेश्वर नाथ मिश्रा (नि.मो. चौहट्टा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 17 | 188 | कुतलूपुर आं. | श्रीमती रेनू भार्गव पत्नी श्री सुनील कुमार (नि.मो. छिबरामऊ जिला कन्नौज) | श्री विकाश कौशल पुत्र श्री राजेन्द्र कौशल (नि.मो. रामकृष्ण नगर कस्वा गुरसहायगंज गड़ानापुर चौधरी तह. छिबरामऊ जि. कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 18 | नया प्लाट | मौजा रौनी अहमदपुर | श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र (नि.मो. मानपुर पो. मकरन्दनगर कन्नौज) | श्रीमती बबली पत्नी श्री सर्वेश (नि. मो. आनन्दीदास कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 19 | नया प्लाट | ताजपुर नौकास्त | श्रीमती लक्ष्मी पत्नी श्री रामकिशोर (नि.मो. राजश्री टीकीज के पास मो. हरदेवगंज कन्नौज) | श्रीमती आराधना पत्नी श्री शिवम कुमार वैश्य (नि.मो. कटरा बहादुर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 20 | 206 | सफदरगंज | श्रीमती मुमताज पत्नी श्री चांद बाबू (नि.मो. तलैया फजल इमाम तह. जि. फर्रूखाबाद) व श्रीमती खुर्शीदा पत्नी श्री मो. युसुफ (नि.मो. हाजीगंज कन्नौज) | श्रीमती सानिया पुत्री श्री मो. रशीद पत्नी श्री शेख शोयब (नि.मो. हाजीगंज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 21 | नया प्लाट | सरायमीरा | श्रीमती पारूल कटियार पत्नी पंकज कटियार (नि.ग्राम नरायनपुर्वा पो. मियांगंज तह. व जि. कन्नौज) | श्री अगम सिंह पुत्र श्री आनन्द कुशवाहा 1/2 भाग व श्रीमती श्रद्धा वर्मा पत्नी श्री अगम सिंह 1/2 भाग (निवासीगण कुशवाहा वर्तन भण्डार जी.टी. रोड सरायमीरा पो. सरायमीरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 22 | 49 | लुधपुरी | श्री विश्राम पुत्र श्री नंगा व श्रीमती आशा पत्नी स्व. श्री विश्राम (नि.मो. लुधपुरी कन्नौज) | श्रीमती मंजू देवी पुत्री स्व. श्री विश्राम पत्नी श्री छविराम (नि.ग्राम धीरपुर पो. खानपुर तह. तिर्वा जि. कन्नौज) | पंजीकृत वसीयत व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 23 | नया प्लाट | सरायमीरा | नरेशचन्द्र कटियार पुत्र श्री दरगाहीलाल कटियार (नि.मो. बंगला हर्ष वर्धन सरायमीरा कन्नौज) | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी स्व.श्री नरेशचन्द्र कटियार व श्री गौरव कटियार पुत्र स्व.श्री नरेशचन्द्र कटियार व मोनिका कटियार पुत्री स्व.श्री नरेशचन्द्र कटियार (नि.मो. हर्षवर्धन नगर सरायमीरा कन्नौज) | पंजीकृत वसीयत व मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र व सिविल जज (जु.डि.)कन्नौज के निर्णय आदेश आधार पर। |
| 24 | नया प्लाट | बजरिया शेखाना | श्री महेश पुत्र श्री प्यारेलाल व श्री अमर सिंह व सुरेन्द्र सिंह उर्फ दरोगा पुत्रगण स्व. श्री सियाराम व श्रीमती विटान श्री पत्नी श्री स्व. श्री सियाराम (नि.मो. मौसमपुर अल्हड़ कन्नौज) | श्री जैद मुस्तफा पुत्र स्व. श्री कमर मुस्तफा (नि.मो. शेखाना कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 25 | 100 | मौसमपुर मौरारा | श्री प्रेम नरायन कुशवाहा पुत्र श्री फूल चरन कुशवाहा (नि.मो. मौसमपुर मौरारा कन्नौज) व श्री अनिल कुमार पुत्र श्री छोटे सिंह (नि.मो. डालूपुर पो. प्रेमपुर परगना व तह. छिबरामऊ जिला कन्नौज) | श्रीमती काजल पत्नी श्री महेशचन्द्र (नि.मो. मौसमपुर मौरारा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 26 | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | श्री राम किशोर पुत्र श्री कमलेश (नि.मो. हरदेवगंज कन्नौज) | श्री अजय सिंह यादव पुत्र श्री शम्भू सिंह यादव (नि.मो. चोहट्टा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 27 | 40 | कानून गोयान | श्री मुक्ता प्रसाद (नि.मो. कानून गोयान कन्नौज) | श्रीमती केतकी देवी पत्नी श्री स्व. श्री मुक्ता प्रसाद व श्रीमती साधना श्रीवास्तव, अर्चना व पूजा पुत्रियां स्व. श्री मुक्ता प्रसाद (नि. मो. कानून गोयान कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कन्नौज**

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, मंगलवार 26 मई, 2026
फर्रुखाबाद


# राज्यमंत्री (ऊर्जा) ने प्रस्तावित विद्युत कार्यों की समीक्षा की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में कैलाश सिंह राजपूत राज्य मंत्री ऊर्जा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वर्ष 2023-24 में 657 कार्य प्रस्तावित किए गए थे, जो अब तक पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्ष 2024-25 में 1213 कार्य प्रस्तावित किए गए थे वह भी पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्ष 2024 वर्ष 2025 के भाग 2 में अन्य 19 कार्य प्रस्तावित किए गए थे, वह भी पूर्ण किए जा चुके हैं। खीमसेपुर पावर प्लांट का उच्चीकरण किया जा चुका है, जनपद से 1200 कार्य प्रस्तावित किए गए थे, जिस मे से विद्युत मुख्यालय ने 421 कार्यों को मंजूरी प्रदान की है। इससे जनपद के 436 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। बिजली घर का काम कंपनी द्वारा किया गया है। 400 केवी लाइन का निर्माण जनपद से महोबा जालौन तक दूरी 154 कि मि का 90 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है तथा 30 जून 2026 तक पूर्ण हो जाने की आशा है। 400 केवी लाइन का निर्माण जनपद से बदायूं तक 96 किलोमीटर का विद्युत लाइन चार्ज हो चुकी है। 200केवी लीलो लाइन फर्रुखाबाद से छिबरामऊ लाइन पर 12 किलोमीटर की दूरी की लाइन चार्ज हो चुकी है, उपरोक्त कार्यो की कुल लागत 926.77 करोड़ है। विद्युत वितरण खंड फर्रुखाबाद के अंतर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2024 वर्ष 2025 पार्ट वन जिसमें 33/11 केवी नवीन 2वाई5 एमवीए विद्युत उपकेंद्र बराकेशव का निर्माण होना था यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है, इसकी लागत 3.30 करोड़ है।

विद्युत नगरीय वितरण खंड फर्रुखाबाद की योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2025 वर्ष 2026 के अंतर्गत 33/11 केवी नवीन 10 एमवीए विद्युत उप केंद्र सेंट्रल जेल का निर्माण जिसकी लागत 5.09 करोड़ है का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है अनुमान है कि 30 जून 2026 तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। विद्युत नगरीय वितरण खंड फर्रुखाबाद के अंतर्गत योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2025 वर्ष 2026 के अंतर्गत 33/11 केवीए नवीन 10एमवीए विद्युत उपकेंद्र जसमई का निर्माण 7.39 करोड़ 90 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है, कार्य पूर्ण अनुमानित 30 जून 2026 है। गांव कुंदन नगला, बनकटी एवं बिलालपुर के लोगों ने संयोजन लेने से मना कर दिया। जिस कारण इंफ्रा नहीं बना है, योजना के द्वितीय चरण में 155 गांव के विद्युतकरण हेतु प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से आरईसी को स्वीकृत हेतु प्रेषित किया जा चुका है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि विद्युत ट्रांसफार्मर और पावर हाउस की सही क्षमता की गणना करें, ताकि वह बार-बार न जले और विद्युत वितरण की व्यवस्था में सुधार किया जा सके। असावधानी के कारण जो विद्युत लाइन मैन की मृत्यु होती है तो उन्हें संपूर्ण सुरक्षा प्रदान किए जाएं और सुरक्षा के उपकरण प्रदान किया जाए। उपकरण की हीला हवाली पाए जाने पर उनका वेतन रोककर सुरक्षा को प्राथमिकता दें सुरक्षा के प्रति सचेत हो जाने पर उनका वेतन दे दिया जाए। सभी स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में बदल दिया गया है, ताकि जनता को परेशानी ना हो। समीक्षा बैठक में सांसद मुकेश राजपूत, भोजपुर विधायक और अमृतपुर के विधायक तथा जिलाधिकारी, सीडीओ आदि संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते राज्य मंत्री उर्जा मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी

## घायल गोवंश की मौत, गौ रक्षकों ने कराया अंतिम संस्कार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर क्षेत्र में मानवता और गौ सेवा की मिसाल पेश करने वाला एक भावुक मामला सामने आया है। क्षेत्र में एक आवारा गोवंश गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर गहरे घाव थे और वह असहनीय पीड़ा से तड़प रहा था। राहगीरों की नजर जब उस पर पड़ी तो लोगों का हृदय द्रवित हो उठा। स्थानीय लोगों ने तुरंत क्षेत्र के गौ रक्षकों को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौ रक्षक विकल पांडेय, रोहित अवस्थी, अन्नू दुबे और शिवम अवस्थी बिना देर किए मौके पर पहुंच गए। गौ रक्षकों ने घायल गोवंश को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उसके घावों का उपचार किया गया और उसे राहत पहुंचाने की कोशिश की गई। काफी देर तक चले प्रयासों के बावजूद गोवंश की हालत में सुधार नहीं हो सका। गंभीर चोटों और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते कुछ ही देर बाद गोवंश ने दम तोड़ दिया। गोवंश की मौत के बाद भी गौरक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और उसके सम्मानजनक अंतिम संस्कार का निर्णय लिया। इस कार्य में अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी ने भी सहयोग प्रदान किया। उनकी मदद से मौके पर जेसीबी मशीन मंगवाई गई। इसके बाद जेसीबी की सहायता से गड्ढा खुदवाकर पूरे सम्मान के साथ मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने गौ रक्षकों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भी मांग की कि आवारा और घायल गोवंशों के उपचार एवं संरक्षण के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।


गाय को उठाते गौसेवक

# चौपाटी दुकान में लगी भीषण आग, सारा सामान जला

**फायर ब्रिगेड ने पुलिस और लोगों की मदद से पाया काबू**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित मिशन कंपाउंड के पास एक चौपाटी दुकान में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बताते चले कि मिशन कंपाउंड के पास बड़ी संख्या में चौपाटी लगाकर दुकानदार व्यापार करते हैं आग की लपटें देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत थाना कादरीगेट पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही कांस्टेबिल अनुज कुमार मौके पर पहुंचे और बिना देर किए बाल्टी व डिब्बों से पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस दौरान कई राहगीर भी मदद के लिए रुक गए। कादरीगेट पुलिस के सतेंद्र कुमार, विवेक उपाध्याय, रक्तवार सरण और होमगार्ड भूपेंद्र सिंह ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। उन्होंने पानी डालकर और दुकान में रखी जलती लकड़ियों को हटाकर आग को पास की दुकानों तक फैलने से रोका। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और दमकल विभाग के प्रयासों से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।


चौपाटी की दुकान में लगी आग

# विरोध के बाद चेता प्रशासन, ईदगाह परिसर की शुरु करायी सफाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज तिराहे पर स्थित ईदगाह परिसर में नाले का पानी भर जाने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त थी। जिसके बाद प्रशासन चेता और तुरन्त कर्मचारियों को भेजकर ईदगाह की सफाई व्यवस्था शुरु करायी। आगामी बकरीद पर्व पर इसी ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज़ अदा करने पहुंचेंगे, लेकिन परिसर में जलभराव की समस्या चिंता का विषय बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईदगाह के आसपास नाले का गंदा पानी जमा होने से आने-जाने में परेशानी हो रही है। बकरीद जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व से पहले इस समस्या का समाधान न होने पर समुदाय के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था। समुदाय के लोगों ने प्रशासन और नगर पंचायत अधिकारियों से मांग की है कि ईदगाह परिसर से जल्द जलनिकासी कराकर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में बकरीद की नमाज़ अदा कर सकें। जिसके बाद प्रशासन चेता और अपने कर्मचारियों को भेजकर जेसीबी द्वारा ईदगाह परिसर में भरे नाले के पानी व अन्य की सफाई व्यवस्था शुरु करा दी है।


सफाई करती जेसीबी

# शिवा हॉस्पिटल के एक कमरे को किया गया सील

**प्रसव के बाद महिला की हो गयी थी मौत**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रसव के बाद महिला की मौत के बाद सीएमओ के निर्देश पर कायमगंज सीएचसी के अधीक्षक ने शिवा हास्पीटल का एक कमरा सील कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी चाँदनी शाक्य उम्र 21 वर्षीय पत्नी अवकाश उर्फ आकाश शाक्य को शनिवार प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने पुल गालिव पुलिया स्थित शिवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। डिलवरी के कुछ देर बाद महिला की छुट्टी कर दी गई थी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे दोबारा उसी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमनेन्द्र के निर्देश पर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार डॉ. अमरेश कुमार के साथ पुल गालिव पुलिया शिवा हास्पीटल पहुचकर जाँच की। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि शिवा हास्पीटल के कमरे खाली मिले। जिसके चलते एक कमरे को सील कर नोटिस चस्पा किया गया है।


कमरे को सील करते चिकित्सक

## बकरीद को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नवाबगंज थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं धर्मगुरुओं ने भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि कुर्बानी की रस्म केवल निर्धारित एवं परंपरागत स्थलों पर ही अदा की जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गली-मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थानों पर खून या कचरा न फैलने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी को असुविधा न हो। थाना प्रभारी ने सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में साजिद अली, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष डा0 बबलू वैश्य, बबलू खान, इमरान खान, हाफिज जी, शोयब खान, फिरोज खान, इदरीश खान, अकरम रजा खान, आरिफ रजा खान सहित क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।


बैठक लेते थानाध्यक्ष

# पिता द्वारा रुपया न देने पर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

पिता से मांगने पर 150 रुपए न मिलने पर पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सीएचसी पर उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। जहां युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे।

क्षेत्र के गांव शिवपुर निवासी रामनारायण के 20 वर्षीय पुत्र विपिन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन सीएचसी लाए। जहां उपचार के बाद डा0 अमित कुमार ने गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। उपचार के दौरान पिता ने बताया कि वह एक कोल्ड स्टोरेज में काम करते हैं। विपिन दिल्ली में काम करता है, रविवार को वह दिल्ली से आया था। विपिन ने सोमवार को उनसे 150 रुपए मांगे तो उन्होंने उसे थोड़ी देर में देने की बात कही। उसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की मां रो रोकर बेहाल हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम के लिए भेजा जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

# हत्या करने व जानमाल की धमकी देने में पांच पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के नगला नैन निवासी अंजू पत्नी स्व अंचल प्रकाश ने न्यायालय के आदेश पर सविता पत्री रविन्द, शिवा पुत्री रविन्द्र, सौरव, सूरज पुत्रगण रविन्द्र निवासी नगला नैन भोलेपुर, रविन्द पुत्र लल्लू निवासी प्रीतम नगला गैलेक्सी गेस्ट हाउस के पास भोलेपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा कि 16 जनवरी 2025 को पीड़िता के पति स्व अचल प्रकाश को सविता, शिवा सौरव व रविन्द्र तथा सूरज ने जहर देकर मार दिया था। जिसकी जानकारी मोहल्ले वालों तथा अन्य लोगों से हुयी। 14 मार्च 2026 को समय 11 बजे दिन के उपरोक्त सभी ने ऐलानियां कहा कि तेरे पति को तो हमने जहर देकर मार दिया है और ज्यादा बोलेगी तो तुझे व तेरे बच्चों को भी जहर देकर मार देगे। जिससे किसी को कोई पता नहीं बलेगा। पति सेना में नौकरी करते थे तथा उनके पास बहुत अधिक रूपया था तथा एक प्लाट भी था, जिसको अभियुक्तगणों ने बिकवा दिया था तथा मकान का निर्माण कार्य भी करवाया था। जिसको अभियुक्तगण कब्जा किये है। आरोपीगण धमकी दे रहे है कि तुझे व तेरे बच्चों को मार देंगे और सारी सम्पत्ति कब्जा कर लेंगे। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**आरोपी की माँ को मारपीट के मामले में परिवीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष कक्ष संख्या 7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त मोनू उर्फपुष्पेंद्र सिंह पुत्र सत्येंद्र को आजीवन कारावास व 28 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। विगत तीन वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम बहेलियन निवासी सुरेंद्र पुत्र फूल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि मै व मेरा नरेंद्र गांव में समोसे की दुकान लिए हुए है। जिससे अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गांव का मोनू व उसका भाई राम काफी दबंग गुंडा किस्म के व्यक्ति है वह अपने भय के कारण रंगदारी वसूल करते है। आये दिन समोसे ले जाते है रुपए मांगने पर गाली-गलौज करते है। 6 नवम्बर 2023 को समय लगभग 2 बजे मै व मेरा तथा भाई पिता दुकान पर बैठे थे, तभी मोनू व राम आए और मेरे पिता से शराब पीने के लिए रांगदारी में एक हजार रुपए मांगने लगे। पिता ने इनकार कर दिया तो उक्त लोग धमकी देकर चले गए। घटना की सूचना देने चौकी याकूतगंज गया। जब वह सूचना देकर वापस आया तो मैने देखा मोनू अपने हाथ में लोहे का बेलचा और राम व उसकी मां पुष्पा अपने हाथ में डंडा लिये मेरे पिता व भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार मोनू व उसकी मां के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने मोनू को आजीवन कारावास व 28 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं पुष्पा देवी को परिवीक्षा से दंडित किया।

# भू-माफियाओं पर कार्यवाही को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी भूमि अतिक्रमण से संबंधित विधर्मी भूमाफियाओं द्वारा बेश कीमती सरकारी जमीनों पर विधि विरुद्ध अवैध अतिक्रमण के माध्यम से प्रदेश भर में डेमोग्राफी परिवर्तन की गंभीर समस्या के समाधान हेतु, भूमि अतिक्रमण पर पूरे प्रदेश स्तर पर भू माफिया दमन करने और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में गंभीरता पूर्वक वैधानिक प्रावधान कर प्रभावी कार्रवाई लोगों ने प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि पिछली पूर्ववर्ती तुष्टिकरण की सरकारों में सत्ता और शासन पर विधर्मियों के प्रभाव के चलते नगरीय सीमा से लगी हुई बड़ी-बड़ी सरकारी जमीनों अवैध अतिक्रमण के द्वारा विधि विरुद्ध कब्जा करते हुए उस पर बड़ी-बड़ी कालोनियां बनाकर और प्लाटिंग के माध्यम से पूरी डेमोग्राफी परिवर्तित हो चुकी है जो आने वाले भविष्य के लिए समाज और सरकार के सामने बड़े गंभीर संकट के रूप में खड़ी हुई है, इस गंभीर समस्या के निदान एवं सामाजिक व्यवस्था एवं जन सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु कार्यवाही की मांग की है। सरकारी संपत्तियों को सूचीबद्ध कर सुरक्षित/संरक्षित करना। वर्तमान स्थिति सरकारी जमीनों पर तथाकथित आवासीय समितियां के नाम पर कब्जाई गई अपात्रों को नियम विरुद्ध किए गए आवंटन की जांच नियम विरुद्ध विनिमय और विनिमय की सरकारी जमीन ग्राम अनुसार सरकारी जमीनों का अभिलेख संग्रह और वर्तमान स्थिति का रेवेन्यू रिकॉर्ड चकबंदी 41, 45 के अनुसार उनका भौतिक सत्यापन और वर्तमान की स्थिति का अवलोकन राजस्व की विशेष सर्वे टीम द्वारा ग्राम अनुसार अभिलेखीय रजिस्टर तैयार 1359 फसली वर्ष के आधार पर एवं चकबंदी के समय में छोड़ी गई सभी सरकारी जमीनों का करना और उसे अभिलेख को आनलाइन डिजिटलाइज भी करना। प्रदेश के विकास में उपयोगी सरकारी उपक्रमों उद्योगों के लिए त्वरित और आसानी पूर्वक जमीन उपलब्ध कराई जा सके। प्रदेश की सभी तहसील स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टांसफर के समय उक्त संपत्तियों का विवरण और उनमें चल रही कार्यवाहियों की विशेष स्थिति की जानकरी विवरण अभिलेखीय चार्ज पर देना। आदि मांगें शामिल है।



विरोध प्रदर्शन करते लोग

# गंगा नहाने गए दो युवक गहरे पानी में डूबे,एक की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए दो युवक गहरे पानी में डूब गए। एक युवक को लोगों ने स्टीमर की मदद से सकुशल बाहर निकल लिया। जबकि एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से छः घंटे बाद शव को बाहर निकाला। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे।

क्षेत्र के गांव नुनेरा निवासी धर्मवीर का 18 वर्षीय पुत्र अनुपम शाक्य सोमवार सुबह लगभग दस बजे क्षेत्र के ही गांव नगला धनी निवासी दोस्त जितेंद्र व पवन के साथ जनपद बदायूं के अटैना घाट पर गंगा नहाने गया था। लगभग ग्यारह बजे नहाने के दौरान अनुपम दोनों साथियों के साथ गंगा नहाने लगा। गहरे पानी में जाने से अनुपम डूबने लगा। अनुपम को बचाने के प्रयास में जितेंद्र भी डूबने लगा। हालांकि मौके पर मौजूद स्टीमर पर सवार लोगों ने जितेंद्र को बचा लिया, लेकिन अनुपम डूब गया। दोस्तों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। गोताखोरों ने छः घंटे बाद शव को बाहर निकाल लिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मृतक के पिता के अनुसार बेटा डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। मृतक की मां सीमा रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक तीन भाई बहिनों नीलेश व प्रीति में दूसरे नंबर का था।


मौके पर मौजूद लोग


मृतक का फाइल फोटो

# गंगा दशहरा पर भक्तों ने हर-हर गंगे के बीच मां भागीरथी में लगायी डुबकी


गंगा में डूबकी लगाते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा दशहरा की पूर्व संध्या से शुरू हुआ भक्तों का सैलाब सुबह होते-होते महाकुम्भ में बदल गया। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से गंगा में हर-हर गंगे के बीच आस्था की डुबकी लगायी और दान दक्षिणा देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पुल पर पूरे दिन जाम लगा रहा। बताते चलें कि गंगा दशहरा पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। जिसके चलते पौ फटते ही भक्तों का पांचाल घाट पर पहुंचना शुरु हो गया। इस दौरान लोगों ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा घाट पर हर-हर गंगे की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। भीड़भाड़ और जाम से बचने के लिए लोग सुबह सवेरे ही अपने घरों से निकले और ब्रह्म मुर्हूत में स्नान किया।

इसके बाद से श्रद्धालुओं का गंगा तट पर आना जाना लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए और सूर्य देव को अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद गंगा पुत्रों और साधुओं को आटा, चावल, उड़द, गुड़, शर्बत व पंखे आदि का श्रद्धानुसार दान किया। वहीं महिलाओं ने गंगा मइया को पहनावन चढ़ायी। भक्तों की भारी भीड़ के चलते पुल पर जाम की स्थिति रही। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों को इस दौरान खासी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कई उचक्कों ने भक्तों की पर्स व सामान पार कर दिया। भीड़भाड़ के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा रुट का डायवर्जन किया गया, लेकिन इसके बावजूद भी जाम लग गया। जिससे लोगों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एसपी की रुटडायवर्जन व्यवस्था हुई तार-तार, फंसे कई वाहन

**फर्रुखाबाद।** गंगा दशहरा के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी धरी रह गयी। जिससे रूट डायवर्जन फेल होने से बड़े वाहनों ने जाम लगा दिया। लोग घंटों भीषण गर्मी और तेज धूप में फंसे रहे। छोटे-छोटे बच्चे पसीने से तरबतर हो गये और रोते बिलखते नजर आये। जाम का आलम यह था कि पैदल निकलने तक की जगह नहीं थी। जिससे लोग व्यवस्था को कोसते नजर आये। लोगों का कहना था कि प्रशासन की सारी तैयारियां धरी की री रह गयीं। बाहर से आ रहे लोग बसों से उतर गए और परिवार समेत पैदल ही चल दिए। वहीं जाम के दौरान लोगों में मारपीट भी होते देखी गयी।


पांचालघाट पर जाम में फंसे वाहन

# जानलेवा हमले में 9 लोगों को दस-दस वर्ष का कारावास

**सभी आरोपियों को 66-66 हजार रुपए का लगा अर्थदंड**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिल गुप्ता नेता, अमित गुप्ता भगत, निखिल गुप्ता पुत्रगण घनश्याम गुप्ता, राहुल गुप्ता, संदीप गुप्ता पुत्रगण मुन्नू गुप्ता, निहाल पुत्र राजवीर, रोहित गुप्ता पुत्र गिरीश चंद्र गुप्ता, हर्ष गुप्ता, जतिन गुप्ता पुत्रगण उमाकांत गुप्ता निवासी कमालगंज को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास से दंडित किया।

विगत 6 वर्ष पूर्व अनिल गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि 13 नवम्बर 2020 तपस्वी बाग हनुमान मंदिर दर्शन कर समय लगभग साढ़े दस बजे अपनी मोटर साइकिल से घर आ रहा था। जैसे ही गंगागली चौराहे के पास पहुंचा, तभी पुरानी रंजिश के कारण अचानक रास्ते में रोक कर पहले से घात लगाए बैठे अखिल, अमित, निखिल, राहुल, संदीप, निहाल, रोहित, हर्ष, जतिन यह कहते हुए कि तू अपने को बहुत बढ़ा नेता समझता है। जान से मारने की नियत से तमंचे से अखिल गुप्ता ने फायर किया, मैं नीचे बैठ गया। गोली मेरे सिर के पास से निकल गई। इसके बाद अन्य सभी लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार तथा लात घूसों से एकजुट होकर मारने लगे। जिससे मेरे गंभीर चोट आई। घटना को कस्बे के कई लोगों ने देखा है। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते हुए मेरी सोने की चैन व लगभग दस हजार रुपए जेब से लूट ले गए थे। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करवाकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में सभी आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिल, अमित, निखिल, राहुल, संदीप, निहाल, रोहित, हर्ष, जतिन को दोषी करार देते हुए सभी आरोपियों को दस-दस वर्ष का कारावास व 66-66 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। कुल अर्थदंड की धनराशि का पचास प्रतिशत घायल को दिया जाएगा।

# गंगा दशहरा पर रामताल आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब

- हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी
- सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े इंतजाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज क्षेत्र स्थित ग्राम कक्योली के प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामताल आश्रम में गंगा दशहरा महापर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। गंगा दशहरा पर दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पावन सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर मां गंगा का -अर्चन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सुबह से लेकर देर शाम तक आश्रम परिसर एवं घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। गंगा दशहरा के अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। हर-हर गंगे, जय मां गंगे और भक्ति गीतों के जयकारों से पूरा आश्रम परिसर गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। महिलाओं, बुजुर्गों एवं


स्नान करते श्रद्धालु


मेले में खरीददारी करते लोग

बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते पूरा क्षेत्र मेले जैसा दिखाई दिया। रामताल आश्रम में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा। भजन-कीर्तन कथा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आश्रम समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया एवं बैठने की विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए स्वयंसेवक भी लगातार व्यवस्था संभालते नजर आए। भीड़ को नियंत्रित करने एवं किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस सुबह से ही पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दी। पुलिस बल द्वारा घाटों, मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों एवं पार्किंग स्थलों पर लगातार निगरानी रखी गई। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

स्थानीय लोगों का कहना है कि श्री रामताल आश्रम क्षेत्र का अत्यंत प्राचीन धार्मिक स्थल है और यहां प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मेले की भव्यता को और अधिक बढ़ा दिया।

श्रद्धालुओं ने प्रशासन एवं आश्रम समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। गंगा दशहरा पर्व को लेकर पूरे दिन क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का माहौल बना रहा। शाम होते-होते घाटों पर दीपदान का मनमोहक दृश्य देखने को मिला, जिसने धार्मिक वातावरण को और अधिक आकर्षक बना दिया।

## विशाल व निशा ने मुक्केबाजी में राज्य स्तर के रेफरी की परीक्षा उत्तीर्ण


प्रिंस विशाल दीक्षित एवं निशा परिहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक हापुड़ में मुक्केबाजी में राज्य उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रेफरी/जज परीक्षा संपन्न कराई। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा परीक्षा का परिणाम 21 मई को घोषित किया गया। जिसमें जनपद से प्रिंस विशाल दीक्षित एवं निशा परिहार ने 1 स्टार रेफरी/जज की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का गौरव बढ़ाया। प्रिंस विशाल दीक्षित एवं निशा परिहार अब राज्य स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में निर्णय की भूमिका निभाएंगे। प्रिंस एवं निशा परिहार की उसे उपलब्धि पर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन कटियार, उपाध्याय जोहरी लाल राजपूत, प्रियंक शुक्ला, अंकित कटियार, कुलदीप शर्मा, सचिन सिंह, बॉक्सिंग कोच पूनम शर्मा, करण कुशवाहा, कुलदीप यादव, अरुण यादव ने बधाई दी।

## गंगा दशहरा पर ओटला महादेव मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित पांचाल घाट के निकट दुर्वासा ऋषि आश्रम ओटला महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी, सब्जी, शरबत आदि प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जय भोले बाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि गंगा दशहरा के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर धर्म लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, अतुल पांडे, अक्कू गुप्ता, राहुल गुप्ता, बृजपाल सिंह, शतन वर्मा, नन्हे पंडित, आशीष अग्रवाल, विनीत सिंह, कुलदीप सिंह, डॉ0 संजीव मिश्र, आनंद मोहन मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, भगवान दास, अजय यादव, शिवम दीक्षित, मृदुल चतुर्वेदी, नरेश राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद


प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

# मण्डलीय संकल्प सम्मेलन में प्रमोद कुमार दीक्षित बने जिलाध्यक्ष

- प्रांतीय पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की कानपुर मण्डल इकाई का संकल्प सम्मेलन डॉ. राममनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। लोहिया सभागार में एस-4 के प्रदेश संयोजक संजय मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, महासचिव आरके निगम, संयुक्त संयोजक अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक कृतार्थ सिंह, संयुक्त संयोजक आरके वर्मा, संयुक्त संयोजक आशुतोष मिश्रा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजपाल मौर्य, शिक्षा मित्र महासंघ के महामंत्री सुशील कुमार यादव, कर्मचारी संघ के प्रभात कुमार यादव, चमन लाल, गोवर्धन सिंह आदि लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक संजय मणि त्रिपाठी ने की। संचालन दीपिका त्रिपाठी ने किया। सम्मेलन का शब्दों से आभार टीम ने व्यक्त किया। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति एस-4 के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित को औपचारिक रुप से घोषित किया गया।



प्रांतीय संयोजक का स्वागत करते पदाधिकारी

सभी लोगों ने फूल मालाओ से उनका स्वागत किया। प्रमोद कुमार दीक्षित ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों व अपने मित्रों के सहयोग से संगठन को ऊंचाईयों तक ले जाऊंगा और उनकी समस्या को प्राथमिकता से हल कराने के लिए शासन-प्रशासन को अवगत कराकर निदान कराऊंगा। इस मौके पर फर्रुखाबाद के अलावा कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर श्याम बाबू मिश्रा, उमेश भारती, विमलेश शाक्य, अमित यादव, राकेश गंगवार, जितेन्द्र सिंह, विजय शंकर तिवारी, विजेन्द्र पाल सिंह, अनुज मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, शिव कुमार, रजत परिहार, गोविंद चौरसिया, भूपेश पाठक, प्रवेश राठौर, नीरज शुक्ला, अमरेश सिंह, प्रमोद कुमार यादव, धीरेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार, जगदीश पाल, विनोद सचान, पंकज कुमार तिवारी, राहुल यादव, देवेश पटेल, मारुत भारती, जितेन्द्र राठौर, तेज पाल मौर्या, सुशील कटियार, साबिर हुसैन, रामलड़ैते, शैलेन्द्र मिश्रा, मुकेश त्रिपाठी, मनोज कुमार, प्रभात कुमार, ज्ञानेन्द्र सिंह, हरि सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अनिल द्विवेदी, अनुराग कुमार, प्रदीप गौतम, महेश प्रसाद गुप्ता, चमन लाल, आरके शर्मा, विनय कुमार सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## ठा. सर्वेन्द्र सिंह बने भाकियू भानु गुट के प्रदेश महासचिव


भानू प्रताप सिंह से आशीर्वाद प्राप्त करते ठा0 सर्वेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने धारमपुर निवासी ठा. सर्वेन्द्र सिंह को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। ठा. सर्वेन्द्र सिंह अपने साथियों के साथ उनके निवास लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। भानू प्रताप सिंह ने ठा0 सर्वेन्द्र सिंह को भारतीय किसान यूनियन का प्रदेश महासचिव नियुक्त का मनोनयन पत्र सौंपा और संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी। भाकियू जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह सहित पूरी टीम ने ठा0 सर्वेन्द्र सिंह को प्रदेश महासचिव बनने पर बधाई दी और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इंटर ग्रुप शूटिंग कंपटीशन टीम तैयार

- शूटिंग कंपटीशन में सिखायी गई निशाने की बारीकियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एएस मलिक के निर्देशन में आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 32 में इंटर ग्रुप शूटिंग कंपटीशन के लिए कैंप कमांडेंट द्वारा अलीगढ़ ग्रुप की इंटर ग्रुप शूटिंग कंपटीशन में प्रतिभाग करने वाली 10 शीर्ष निशानेवाज कैडेट्स की टीम का चयन कर लिया है। इन्टर ग्रुप शूटिंग कॉम्पटीशन कैम्प 3 जून से 12 जून के मध्य आरआरसी फतेहगढ़ में लगेगा। जिसमें यूपी डिरेक्टरेट के 11 ग्रुप के 110 एनसीसी के गर्ल्स तथा बॉयज कैडेट्स प्रतिभाग करेंगे।


शूटिंग कम्पटीशन में भाग लेती कैडेट्स

जिनका चयन आईडीएस कैम्प के लिए किया जाएगा।

इंटर ग्रुप शूटिंग कंपटीशन विगत वर्ष 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ द्वारा आयोजित कराया गया था। जिसमें अलीगढ़ ग्रुप के 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कैडेट्स ने शीर्ष स्थान पर रहकर बाजी मारी थी। कैंप कमांडेंट का पूरा विश्वास है कि अलीगढ़ ग्रुप के ही कैडेट्स शीर्ष स्थान पर रहकर बाजी मारकर ट्रॉफी जीतकर लाएंगे। कैंप के आठवें दिन जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को कैंप एडजूटेंट कैप्टन बलविंदर सिंह द्वारा सामाजिक सेवा तथा सामुदायिक विकास के संबंध में कक्षा संचालित कराई गई। वहीं सेकंड अफसर नरेंद्र कुमार द्वारा फर्स्ट एड से संबंधित एनसीसी कैडेट्स को जानकारी दी गई। मीडिया मैनेजर तथा ट्रेनिंग अफसर कैप्टन गिरिजा शंकर द्वारा फायरिंग रेंज पर उपस्थित रहकर एनसीसी कैडेट्स को सूबेदार शैलेन्द्र सिंह के साथ प्रशिक्षण दिया गया। जिसका अवलोकन कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खरौड द्वारा किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अनुशासित रहकर शूटिंग करने के तरीके सिखाए। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स अपनी प्रतिभा को निखार कर बटालियन का तथा देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। साथ ही कंपटीशन में बेहतर प्रदर्शन करने के तरीके बताए। सूबेदार मेजर नवीन कुमार ने 26 मई को होने वाले कल्चरल प्रोग्राम करने हेतु जीसीआई अंजलि तथा लेफ्टिनेंट गुलशन जहां को अवगत कराया।

## जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का हुआ विस्तार


मनोनीत पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आयोजित सभा में प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कौशल, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, प्रदेश मंत्री अमित सेठ, प्रदेश युवा मंत्री अतुल गुप्ता की संस्तुति पर जीतेन्द्र रस्तोगी को विधान सभा अध्यक्ष, कन्हैया लाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगम शाक्य को महामंत्री, कमलेश भारद्वाज को कोषाध्यक्ष पद पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं जिला महामंत्री शिव कुमार शाक्य द्वारा मनोनीत किया गया एवं उनको प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित सेठ, नगर महामंत्री संजीव अग्रवाल सहित तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

## दशहरा पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा दशहरा पर गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा योद्धाओं के द्वारा पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। युवाओं ने गंगा घाट पर वृहत रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा में विसर्जित की गई। खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक पॉलिथीन एवं अन्य सामग्री को निकाल कर गंगा नदी को साफ किया गया। समस्त टीम के द्वारा गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। कुछ लोगों के द्वारा पूजा की सामग्री, खंडित मूर्तियां इत्यादि डालने से भी रोका गया। नविकों को भी किसी प्रकार की सामग्री गंगा नदी में विसर्जित करने से भी रोका गया। धार्मिक रूप से गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी। इस दिन हजारों लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं, परंतु कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा गंगा तट पर अनावश्यक सामग्री विसर्जित करते हैं।


श्रमदान करते गंगा सेवक

जिसकी वजह से गंगा का जल दूषित होता है। अज्ञानता वर्ष लोग खंडित मूर्तियां गंगा नदी के किनारे छोड़ जाते हैं, जिससे वह पैरों के नीचे आती हैं। इस तरह से उन मूर्तियों का अपमान भी होता है। प्रत्येक व्यक्ति को यह शपथ लेनी चाहिए की गंगा नदी मे किसी भी प्रकार की अपशिष्ट सामग्री नहीं डालेंगे एवं गंगा नदी को पूरी तरह से स्वच्छ रखने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर निहारिका पटेल, एडीओ पंचायत ओम पांडे, शुभम कटियार, राम रहीश कुशवाहा, सुमित कुमार, अमित प्रकाश, घनश्याम, रचना एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर किरन पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया शरबत वितरण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा दशहरा पर पट्टिया लेन, कम्पिल रोड स्थित ईट भट्टे पर किरन पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिवार द्वारा भट्टे पर कार्यरत मजदूरों, उनके बच्चों एवं विद्यालय में कार्य कर रहे, श्रमिकों को ठंडा रूहआफजा शरबत पिलाकर मानव सेवा एवं सद्भावना का संदेश दिया गया। बच्चों एवं श्रमिकों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

तपती गर्मी में शीतल शरबत पाकर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालय परिवार के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। प्रबंधक डॉ0 वीरेंद्र गंगवार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए, यही सच्ची सेवा है। उप-प्रधानाचार्या अंजू बाथम ने कहा कि गंगा दशहरा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि मानव सेवा और परोपकार की भावना को आत्मसात करने का भी अवसर है।



शरबत वितरित करते शिक्षक-शिक्षिकायें

शैक्षिक गतिविधि प्रभारी विक्रांत सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और विद्यालय सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। परीक्षा प्रभारी निखिल शाक्य, हिरा अंसारी, शिवानी राठौर, आरजू गंगवार, आकांक्षा सैनी, अजमत अमीन अली, रवि कुमार, उमाकांत वर्मा उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्या राधिका नायर ने केरल से ही सभी को गंगा दशहरा की शुभकामनाएं दी। भट्टा मुनीम अखिलेश, ठेकेदार महिमा चंद्र एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## मां गंगा सेवा समिति द्वारा दशहरा पर वितरित किया गया शरबत


शरबत वितरित करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति द्वारा दशहरा पर समिति के लोगों ने ठंडा पानी व शरबत वितरित किया गया। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर शरबत वितरित करने से भूख प्यास से परेशान लोगों को राहत मिलती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर शराब पिलाकर भक्तों ने पुण्य का लाभ लिया।

सुबह गंगा स्नान के बाद स्टाल लगाकर ठंडा जल एवं शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी व धूप के चलते आये हुए भक्तों को बुला-बुलाकर शीतल जल एवं शरबत पिलाया गया। जिससे इस गर्मी में राहत मिल सके। भक्तों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई और मां गंगा के जयकारे लगाये। सुबह से लेकर शाम तक शरबत वितरण का कार्य चलता रहा। गंगा सेवक आशीष मिश्रा, हरिमोहन, किशन, सोनू मिश्रा, नीतू मिश्रा, गोपाल दुबे, आलोक चतुर्वेदी, राजीव वर्मा, किशन बाथम, जागेश्वर दयाल, जयओम आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात औपचारिक, सपा में हूं और सपा में ही रहूंगा: मुन्नूबाबू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद चन्द्रभूषण मुन्नूबाबू ने स्थानीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और नेशनल हाइवे बनने पर उन्हें बधाई दी। राजनैतिक लोग भाजपा में जाने का अनुमान लगा रहे थे।

इस संबंध में पूर्व सपा सांसद चन्द्रभूषण मुन्नूबाबू से फोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि 2009 के बाद मुझे कोई राजनैतिक पद की इच्छा नहीं और न ही कोई चुनाव लड़ने का मन है। निजी संबंध सभी से है। जब मैं दूसरी बार सांसद बना, उस समय योगी आदित्यनाथ पहली बार सांसद बने, तब से मेरी उनसे दोस्ती है। उनका दूसरा कार्यकाल होने पर मैं उन्हे बधाई देने गया और वहां पर मैंने नेशनल हाइवे बनने पर धन्यवाद दिया। साथ ही लिंक एक्सप्रेस दिया है जिससे मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लोगों को लाभ मिला है। स्थानीय लोगों के कहने पर वहां की जमीन का मूल्य सरकार कम दे रही थी, जिस पर मैंने मुख्यमंत्री के पास जाकर मुलाकात की और जमीन का मूल्य बढ़ाया जाये। क्योंकि मैं भी नगर पंचायत खिमसेपुर के अन्तर्गत आता हूं। मैं सपा में था और आज भी हूं और आगे भी रहूंगा। भाजपा में जाने का कोई सवाल नहीं। मेरी औपचारिक मुलाकात को सोशल मीडिया पर फोटो आयी है, ठीक है पर मेरा लगाव सिर्फ समाजवादी पार्टी से है और मैं उसी में रहूंगा। मेरे व्यक्तिगत संबंध है और वह मेरे दोस्त है। परिवारिक मुलाकात होना संभव थी। मैं तीन बार पहले भी योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चुका हूं। यह मेरी उनसे चौथी मुलाकात है। कुछ लोग अन्यथा ले रहे है, जबकि मेरा स्पष्ट कहना है कि मैं समाजवादी पार्टी के साथ हूं।


मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद मुन्नूबाबू

## लिंक एक्सप्रेसवे के मुआवजा को लेकर किसान करेगा बड़ा आंदोलन


बैठक में मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने ग्राम सभा मानपुर में किसानों के साथ बैठक कर लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के सर्किल रेट किसानों को मंजूर नहीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि इस देश की बड़ी विडम्बना है कि सांसद और विधायकों का भत्ता 2013 से अभी तक एक सौ चालीस बार बढ़ाये गए है, लेकिन किसानों का मुआवजा न के बराबर बढ़ाया गया। हम इसका विरोध करते है। किसानों का मुआवजा बाजार भाव का सरकार दे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा जनपद में बन रहे लिंक एक्सप्रेसवे में 2413 हेक्टेयर जमीन जो यूपीडा द्वारा अधिग्रहीत की जा रही उसमें ग्राम पंचायत सिरौली की ग्राम सभा मानपुर, कान्हुयाकूबपुर की ग्राम सभा गुचलियाई और नीमकारोरी की ग्राम सभा नगला दरियाव, फगुनाआतंपुर आदि गांवों का किसान मुआवजा और कटो पर जो बेतहाशा जमीन ली जा रही है, उससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों की जमीनों को औने पौने दामों पर खरीदकर अपने दोस्तों को देगी। फिर से एक बार लिंक एक्सप्रेसवे पर बड़ा आंदोलन जन्म लेगा। किसान जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव करेगा और तबतक नहीं हटेगा जब तक उसे न्याय नहीं मिल जायेगा। इस अवसर पर अरविंद शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, गुड्डू यादव, बिजनेश यादव, दिनेश सिंह, रजत गंगवार, अर्पित गंगवार, रामनरेश यादव, अजीत सोमवंशी, रवि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस-बदमाशों में मुठभेड़ः लूटकांड का खुलासा

# दबोचे गए दो शातिर, इलाके में लंबे समय से सक्रिय होने की आशंका

**पीली धातु के कुंडल, नगदी और अवैध तमंचे बरामद**

**समृद्धि न्यूज़, मैगलगंज-खीरी।**

थाना मैगलगंज पुलिस ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात का खुलासा कर दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिंग से इलाके में देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। मौके से लूट का सामान, नगदी और अवैध असलहे भी बरामद किए गए हैं।



पुलिस के मुताबिक, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह और मढिया घाट चौकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हाल ही में हुई लूट की घटना में शामिल बदमाश मढिया घाट क्षेत्र के आसपास मौजूद हैं और किसी वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके को घेराबंदी कर दबिश दी।

बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही बदमाशों ने खुद को घिरता देख टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश हुसैन अहमद पुत्र शमीम निवासी रघवापुर थाना फूलबेहड़ के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद वह मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि उसके साथी को भी पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया।

गिरफ्तार दूसरे आरोपी की पहचान शाकिर अली पुत्र इम्तियाज अली निवासी रेउसा थाना फरधान के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से लूटे गए पीली धातु के कुंडल, 2530 रुपये नकद, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद सामान थाना मैगलगंज में दर्ज लूट के मुकदमे से संबंधित है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आयुध अधिनियम की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। कई वारदातों में संलिप्तता की जांच पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार दोनों बदमाश लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और क्षेत्र में हुई कई आपराधिक घटनाओं में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।

## प्रधान समेत तीन सगे भाइयों को 9-9 साल की सजा

**प्रत्येक पर 7000 का जुर्माना भी लगा**

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** घर में घुसकर किए गए जानलेवा हमले के करीब 20 साल पुराने मामले में अदालत ने तीन सगे भाइयों को दोषी ठहराते हुए 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 7-7 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा पाने वालों में एक ग्राम प्रधान भी शामिल है।फैसला एडीजे अशोक कुमार दुबे की अदालत ने सुनाया। मामला पूर्व में ईसानगर थाना क्षेत्र और वर्तमान में खमरिया थाना क्षेत्र के खनवापुर गांव का है। गांव निवासी जितेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि 25 नवंबर 2005 को गांव के ही विपिन्द्र सिंह ने उनकी बाग से पेड़ों की डालें काट ली थीं। इसकी शिकायत करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि 28 नवंबर 2005 की सुबह करीब 9 बजे विपिन्द्र सिंह अपने भाइयों पप्पू सिंह, पेशकार सिंह और दिनेश सिंह के साथ जितेंद्र सिंह के घर में घुस आया और लाठी-डंडों व बांके से हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र सिंह और उनके भाई कृष्णपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। अदालत में अभियोजन पक्ष ने घायल जितेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह समेत कई गवाह पेश किए। मुकदमे के दौरान आरोपी पप्पू सिंह की मृत्यु हो गई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने विपेन्द्र सिंह, पेशकार सिंह और दिनेश सिंह को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। बताया जा रहा है कि दोषी विपेन्द्र सिंह वर्तमान में खनवापुर ग्राम पंचायत का प्रधान भी है। ऐसे में अब ग्राम प्रधान के चुनाव में प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पिता ने बेटे की हत्या कर शव भूसे में छिपाया

**शराब के नशे में हुआ विवाद बना खूनी संघर्ष, गांव में सनसनी**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में पिता-पुत्र के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हत्या तक पहुंच गया। शराब के नशे में हुए झगड़े के दौरान पिता ने अपने ही बेटे की बांके से हमला कर हत्या कर दी और शव को घर में रखे भूसे में छिपा दिया। घटना का खुलासा होने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार भवानीपुर निवासी करीब 55 वर्षीय दयाराम अपने 30 वर्षीय बेटे मुनीष पासी के साथ रहता था। ग्रामीणों के मुताबिक मुनीष को शराब पीने की लत थी, जिसके चलते घर में आए दिन विवाद होता रहता था। रविवार सुबह करीब सात बजे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हिंसक झगड़े में बदल गई। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान पहले मुनीष ने पिता दयाराम पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद गुस्से में आए दयाराम ने पास में रखा बांका उठाकर बेटे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल मुनीष की बाद में गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी पिता ने शव को घर में रखे भूसे के अंदर छिपा दिया, ताकि किसी को घटना की भनक न लगे। दिनभर घर में सन्नाटा पसरा रहने और मुनीष के नजर न आने पर ग्रामीणों को शक हुआ। मृतक की बुआ रूपरानी ने पुलिस को सूचना दी कि युवक की हत्या कर शव छिपाया गया है। सूचना मिलते ही भीरा पुलिस मौके पर पहुंची और भूसे के ढेर से शव बरामद कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका भी कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे शराब और पारिवारिक विवाद का नतीजा बता रहे हैं, जबकि कुछ ग्रामीण दबी जुबान से ऑनर किलिंग जैसी आशंकाएं भी जता रहे हैं। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद में हुई हत्या का प्रतीत हो रहा है। आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और परिजनों के बयान के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

### मड़हे और टिन शेड में लगी आग से तीन किसानों का गेहूं व भूसा जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सोमवार दोपहर में अज्ञात कारणों से मड़हे व टिनशेड में आग लग गई। मड़हे में आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सबमर्सिबल पंप की मदद से डिब्बा और बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तेज हवाओं के चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।आग की चपेट में आने से तीन किसानों का गेंहू और भूसा जलकर राख हो गया।गलरा गांव निवासी बलराम तिवारी के घर पीछे स्थित मड़हे में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग की चपेट में आने से मड़हे के भीतर रखा गेहूंएभूसा व उपली जलकर राख हो गया। तेज हवाओं के चलने से आग बगल में स्थित गुलाब तिवारी के टिनशेड तक जा पहुंची टिनशेड के अन्दर रखाए गेंहूएगृहस्थी का सामान व भूसा जलकर राख हो गया। इसके बाद आग तेजी से बढ़ते हुए मस्तराम तिवारी के टिन शेड तक जा पहुंची।आग की चपेट में आने से मस्तराम तिवारी का टिनशेड के भीतर रखा 8 कुंतल गेहूंए भूसा व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।आग ने बस्ती के पुराने पीपल के पेड़ को भी अपने चपेट में ले लिया फायर ब्रिगेड कर्मी सोहनलाल फायर मैन राजेश कुमार व वेद प्रकाश ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल प्रभात दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसानो को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।आग से तीनों किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

### मृतक बाइक सवार के भाई ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे एक ओवरलोड हाइवा को सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लालगंज क्षेत्र के दुबार चौकी के पास लालगंज.दीपनगर मार्ग पर खनन विभाग की टीम ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से कई गुना अधिक बालू लाद कर जा रहे एक हाइवा को रोककर जांच की गई। साथ ही कागजात भी सही नहीं मिले। इसके बाद टीम ने हाइवा को कब्जे में लेकर सीज कर स्थानीय पुलिस चौकी को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि लालगंज और आसपास के मार्गों पर लंबे समय से ओवरलोड वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की टीम सक्रिय हुई कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। वहीं सड़कों को भी भारी क्षति पहुंचती है तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

## रामनगर फीडर की जर्जर हाईटेंशन लाइन बनी खतरा, हर पल हादसे का डर

**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।**

विद्युत उपकेंद्र मितौली से संचालित रामनगर फीडर की जर्जर हाईटेंशन लाइन अब क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी परेशानी और भय का कारण बन गई है। राजपुर क्षेत्र के रौतापुर कचियानी चौराहे पर आए दिन हाईटेंशन लाइन के तार टूटकर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद बिजली विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रौतापुर कचियानी चौराहा क्षेत्र का अत्यंत व्यस्त मार्ग माना जाता है। यहां दिनभर ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहनों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में हाईटेंशन तारों का अचानक टूटकर सड़क पर गिरना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार तार टूट चुके हैं और हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। ग्रामीणों के अनुसार रामनगर फीडर लंबे समय से जर्जर खंभों और पुराने तारों के सहारे संचालित हो रहा है। कई स्थानों पर तार काफी नीचे झूल रहे हैं, जबकि कुछ बिजली के खंभे टेढ़े होकर दुर्घटना को खुली चुनौती दे रहे हैं।

**विभागीय लापरवाही से लोगों में आक्रोश**

## लगातार दूसरे दिन वन विभाग को बड़ी सफलता, एक और तेंदुआ पिंजरे में कैद

**कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ पकड़ा गया, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**



उत्तर निघासन रेंज के वन रेंज बेलरायां अंतर्गत ग्राम सिंगहा खुर्द में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के बीच दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के हत्थे चढ़ गया। लगातार निगरानी, सतर्क रणनीति और कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद पूरे इलाके में राहत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम की जमकर सराहना की। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से गांव और खेतों के आसपास तेंदुए की लगातार गतिविधियां देखी जा रही थीं। कई बार ग्रामीणों ने देर रात खेतों की मेड़ और आबादी के नजदीक तेंदुए को घूमते देखा था। इससे लोगों में भय इतना बढ़ गया था कि शाम ढलते ही गांव की गलियां सुनसान हो जाती थीं। किसान खेतों पर अकेले जाने से बच रहे थे, वहीं बच्चों और महिलाओं को घरों से बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई थी। तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में विशेष निगरानी अभियान शुरू किया था। वन रेंज बेलरायां के रेंजर भूपेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम लगातार गश्त कर रही थी। संदिग्ध स्थानों पर कैमरे और पिंजरे लगाए गए थे। आखिरकार विभाग की रणनीति सफल रही और तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े जाने के बाद उसे सुरक्षित रूप से वन रेंज बेलरायां कार्यालय लाया गया, जहां वन्यजीव विशेषज्ञों की निगरानी में उसकी जांच की गई। वन विभाग की यह कार्रवाई इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि विभाग को लगातार दूसरे दिन तेंदुआ पकड़ने में सफलता मिली है। इससे पहले भी क्षेत्र में एक तेंदुए को पकड़ा गया था। लगातार दो दिनों में दो तेंदुओं के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की है, हालांकि वन विभाग अभी भी पूरी तरह सतर्क है। रेंजर भूपेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में एहतियात के तौर पर अलग-अलग स्थानों पर करीब दस पिंजरे लगाए गए हैं। वन विभाग की टीम दिन-रात निगरानी कर रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत विभाग को सूचना दें और अकेले खेतों या जंगल की ओर जाने से बचें। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने वन विभाग की टीम का आभार जताते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से पूरा गांव भय के साये में जी रहा था।

## शिक्षा और समाज सेवा में समर्पित रहने का लिया है संकल्पः कांति सिंह

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** लखनऊ खंड स्नातक विधान परिषद सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति सिंह रविवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत भाटी गांव पहुंचकर मनोज वर्मा की मां अनारा देवी के गोलोकवासी होने पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मनोज वर्मा को अपना परम सहयोगी बताते हुए कहा कि उनके परिवार का सहयोग और सामाजिक जुड़ाव हमेशा प्रेरणादायी रहा है।कांति सिंह ने मनोज वर्मा के पिता स्वर्गीय शिव रामदास के लिए कहा कि वे सिद्धांतवादी, प्रखर और समाज के प्रति समर्पित शिक्षक थे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों की सोच और संस्कार ही समाज को नई दिशा देते हैं। बैठक के दौरान कांति सिंह ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महिला शिक्षा को मजबूत बनाने तथा प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों और प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट सुविधाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जहां भी आवश्यकता पड़ेगी, वह सदैव समर्पित भाव से कार्य करती रहेंगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से आरडी पटेल, नितेश पटेल, बीएल वर्मा, भोलानाथ वर्मा, शिवकुमार वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## भीषण आग से गृहस्थी राख, एक गाय झुलसी

**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ग्रंट इनायत चीफ के मजरा बांसताली में अचानक भीषण आग लगने से एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा सामान उसकी चपेट में आ गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिवार के लोग कुछ भी सुरक्षित बाहर नहीं निकाल सके। घटना में घर में बंधी एक गाय भी झुलस गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बाल्टियों व अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

## अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी से मचा हड़कंप, बिना अनुमति मिट्टी खनन करते पकड़े गए वाहन**

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**



क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खनन विभाग और निघासन पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर सीज कर दिए। कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार निघासन क्षेत्र के सहतेपुरवा गांव के पास अवैध खनन की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर शाम अभियान चलाया। टीम के मौके पर पहुंचते ही वहां खनन कार्य में जुटे लोगों में भगदड़ मच गई। जांच के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी का अवैध खनन करते पाए गए। वाहन चालकों से खनन संबंधी अनुमति पत्र एवं अन्य वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई भी आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर निघासन पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनन इंस्पेक्टर आशीष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के बाद संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## जनपद में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने से लोगों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट एवं डकैती की घटनाओं तथा महोबा में दलित बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आए दिन चोरी, लूट एवं डकैती जैसी गंभीर घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंतू थाना क्षेत्र, नगर कोतवाली एवं फतनपुर थाना क्षेत्रों में हुई करोड़ों रुपये की चोरी एवं लूट की घटनाओं के बावजूद आज तक किसी भी मामले में संतोषजनक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे जनता में भारी भय एवं आक्रोश व्याप्त है।उन्होंने उच्चस्तरीय जांच कराकर अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, पीड़ित परिवारों को सुरक्षा एवं न्याय दिया जाए तथा जनपद में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाकर कानून व्यवस्था को मजबूत की मांग किया है। महासचिव सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम कार्रवाई किए जाने तथा पीड़ित परिवार को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की।जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हित में संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, इंद्रानंद तिवारी, विमल सिंह,अनिल मौर्या, आर.पी वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, मासूम हैदर, अरविंद तिवारी, भवानी शंकर दुबे, सुरेश कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार सरोज, शुभम मिश्रा, अंजनी पाण्डेय, मोहम्मद वसीम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, अरबाज आलम, रविंद्र मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, मो. कासिम, सुभाष तिवारी, रामकुमार पटेल, राकेश कुमार गौतम, मोहम्मद असलम, रियाज सिटी, शहजाद सलमानी, आशिक अली, मोहम्मद सईद, देवमणि पांडे,नूर आलम, कपिल ओझा, मो.शब्बीर, पृथ्वीराज गौतम, अश्वनी उपाध्याय, सतीश सरोज, सुरेश दुबे आदि उपस्थित रहे।



## पुरुषोत्तम मास के दूसरे सोमवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओं का उमड़ा आस्था का सैलाब

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ होते ही जनपद के छोटे बड़े शिव मंदिरों पर शिवभक्तों के आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17मई दिन रविवार से हुआ है इस मास को अधिक मास भी कहते हैं।इस मास के शुभारंभ होने से वैवाहिक कार्यक्रम, मुण्डन संस्कार, उपनयन, गृह प्रवेश, सहित अन्य शुभ कार्य एवं नये घर का निर्माण आदि प्रतिबंधित हो जाते हैं। आज इस मास को लेकर भूत-भावन भगवान शिव के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप सहित अन्य पूजन अर्चन वन्दन शुरू हो गये है जिससे शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है आलम यह हों गया है कि सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन वन्दन शुरू रहता है ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा लेहड़ा तपा शिवमय हो गया है। अधिक मास के शुभारंभ से चारों तरफ हर हर महादेव का जयघोष सुनाई दे रहा है न चाहते हुए भी इस घोर कलियुग में धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था से दिन प्रतिदिन शिवालयों पर श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे। आज पुरुषोत्तम मास के दूसरे सोमवार को जनपद का हर छोटा-बड़ा शिवमन्दिर आस्था का प्रमुख केन्द्र बन गया है।



## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों पर कसा शिकंजा, तीनों दबोचे गए

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** पनियरा क्षेत्र में एक 16 वर्षीया किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। मामले के सामने आने के 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपितों को दबोच लिया। तीन मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। पुलिस की छानबीन में जानकारी मिली कि किशोरी का मनीष निवासी चेहरी के साथ चार वर्षों से संबंध था। बीते 18 मई की रात 11 बजे वह किशोरी को मिलने के लिए बुलाया। बागीचे में मुलाकात के दौरान ही अन्य दो युवकों विकास व राजन ने उन्हें देख लिया। इन दोनों ने किशोरी को घर पर बात बताने की धमकी देकर डराया और बारी-बारी दुष्कर्म किया। इस दौरान किशोरी के प्रेमी ने भी कोई विरोध नहीं किया। मनीष ने पूर्व में पीड़िता के साथ वीडियो कालिंग के दौरान चोरी-छिपे स्क्रीन रिकार्डिंग कर एक अश्लील वीडियो बनाया था, जिसे राजन व विकास ने अपने मोबाइल में ले लिया और पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप रहने को मजबूर किया।



**घटना के बाद पीड़िता चली गई थी अपने मामा के घर-**

पुलिस के खुलासे के अनुसार घटना के बाद सहमी पीड़िता अपने मामा के घर चली गई थी। बाद में जब घटना की भनक परिजनों को लगी तो पीड़िता की माता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कार्रवाई के बाद न्यायालय चालान कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ संजय कुमार सिंह, एसआई संदीप यादव, प्रणव कुमार ओझा, शशिकांत यादव, उदयभान यादव, अमित कुमार राय, हेड कांस्टेबिल रणजीत सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव शामिल रहे।

## महंगाई, बिजली कटौती और डीजल संकट पर सपा का हल्लाबोल

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई, अघोषित बिजली कटौती और किसानों को डीजल के लिए हो रही भारी परेशानी के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी ने नौतनवा तहसील मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता, किसानों और युवाओं की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। धरना-प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम नवीन प्रसाद को सौंपते हुए तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैजू यादव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती महंगाई पर पूरी तरह नियंत्रण खो चुकी है। रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग की कमर टूट गई है। किसानों को पेट्रोल पंपों पर घंटों लाइन में लगकर डीजल लेना पड़ रहा है, जिससे खेती-किसानी का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



**नौतनवा तहसील में जोरदार प्रदर्शन**

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जबकि सरकार 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी बदतर हैं। गरीब और मजदूर परिवारों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। युवाओं के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए सपाइयों ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। लगातार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठता जा रहा है। सपा नेताओं ने राज्यपाल से मांग की कि महंगाई पर तत्काल नियंत्रण लगाया जाए, किसानों के लिए डीजल-पेट्रोल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा बिजली संकट का जल्द समाधान किया जाए।